रांची एवं पटना से प्रकाशित

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची ● सोमवार, 06 नवंबर 2023 ● कार्तिक कृष्ण पक्ष 09, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 5 ● वर्ष : 1, अंक : 200 आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

मौसम

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
धनबाद	31.1	20.8
जमशेदपुर	31.3	20.6
डालटनगंज	33.0	17.5

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * * *

सुर्खियां

इंटरनेशनल
- गाजा के शरणार्थी शिविर पर हमला, 40 लोगों की मौत
- रूस ने किया बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण
- जर्मन हवाई अड्डे पर बंधक की स्थिति समाप्त, आरोपी गिरफ्तार
- अमेरिकी विदेश मंत्री ने की फिलिस्तीनी नेता से मुलाकात

नेशनल
- जेएनयू वीसी आवास पर प्रदर्शन करने वाले 16 छात्रों को नोटिस
- बीएसएफ जवान की हथगोला फटने से मृत्यु
- दिल्ली में क्रेन की चपेट में आने से एक की मौत
- केरल के कुछ हिस्सों में भारी बारिश को ले 'ऑरेंज अलर्ट'

स्टेट
- झारखंड में 1989 के बाद गुम होती गयी कांग्रेस
- सरकार जारी करे पेसा नियमावली : जेम्स हेरेंज
- पीएम के स्वागत के लिए प. सिंहभूम में तैयारी कमेटी बनी
- ट्रेन की चपेट में आकर होमगार्ड जवान की मौत

शतकवीर विराट

कोलकाता. विराट ने सचिन के वनडे में 49 शतक के रिकॉर्ड की बराबरी की है. सचिन ने ऐसा 452 वनडे पारियों में किया था. वहीं, विराट ने 277 वनडे पारियों में 49 शतक लगाए. क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर ने विराट कोहली को 49 शतक लगाने पर बधाई दी है. उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'शानदार खेले विराट. मुझे इस साल 49 से 50 (उम्र में) पहुंचने में 365 दिन लगे थे. मैं आशा करता हूं कि आप अगले कुछ दिनों में 49 से 50 (शतक) के आंकड़े तक पहुंचें और मेरा रिकॉर्ड तोड़ें. बधाई.' विराट ने सचिन के वनडे में 49 शतक के रिकॉर्ड की बराबरी की है. सचिन ने ऐसा 452 वनडे पारियों में किया था. वहीं, विराट ने 277 वनडे पारियों में 49 शतक लगाए.

101* (121)

4 10 | 6 0

सबसे तेज 49 शतक

विराट कोहली सबसे तेज 49 वनडे शतक तक पहुंचने वाले बल्लेबाज हैं. उन्होंने 277वीं पारियों में यह अचीवमेंट हासिल की है. सचिन तेंदुलकर ने 451 पारियों में इतने शतक जमाए थे.

प्रिंस खान, अमन सिंह सहित संगठित गिरोह के अपराधियों की संपत्ति

तलाशने में जुटी सीआईडी

संवाददाता। धनबाद

सीआईडी की टीम संगठित गिरोह के अपराधियों की संपत्ति की तलाश में जुटी है. सीआईडी की टीम संगठित गिरोह के अपराधियों के पारिवारिक सदस्यों के अलावा दूर के रिश्तेदारों के बारे में पता लगा रही है कि कौन कहां रह रहे हैं और उनके नाम पर कहां-कहां कौन-कौन सी संप्ति है. सीआईडी टीम को धनबाद में सक्रिय प्रिंस खान सहित धनबाद सहित अन्य जिलों में सक्रिय अखिलेश सिंह, अमन सिंह, अमन साव, अमन श्रीवास्तव, विकास तिवारी, डब्लू सिंह, सुजीत सिन्हा सहित अन्य शातिर अपराधियों के परिवार के सदस्यों के अलावा अन्य रिश्तेदारों के नाम पर चल-अचल संपत्ति के संबंध में जानकारी मिली है, जिसकी जांच की जा रही है.

सीआईडी टीम को जानकारी मिली है कि गैंगस्टर व्यवसायियों व ठेकेदारों को धमका कर मोटी रकम रंगदारी वसूल रहे हैं और रंगदारी में मिले पैसों को जमीन, फ्लैट की खरीदारी में इन्वेंट कर रहे हैं. हालांकि गैंगस्टर अपने नाम पर संपत्ति नहीं कर रहे है, बल्कि परिवार के सदस्यों व रिश्तेदारों के के नाम पर खरीद रहे हैं, ताकि कभी कुर्की होती है, तो चल-अचल संपत्ति पर आंच न आए.

सीआईडी डीजी के निर्देश पर की जा रही जांच : डीजी अनुराग गुप्ता के आदेश पर अपराधियों पर सीआईडी की टीम ने दबिश दी है. उनके आदेश पर सीआईडी अधिकारी अपराधियों व उसके रिश्तेदारों की संपत्ति की तलाश में जुट गए हैं. धनबाद में प्रिंस खान और उसके गुर्गे और अमन सिंह व उसके गुर्गों के साथ उनके परिवार के नाम पर खरीदी गयी संपत्ति की तलाश की जा रही है.

प्रिंस खान के सिंडिकेट की जांच भी सीआईडी करेगी

धनबाद पुलिस ने खुलासा किया था कि प्रिंस खान के पास पैसा कैसे पहुंच रहा. पुलिस ने इस मामले में प्रिंस के 10 सहयोगियों को भी जेल भेजा था. उसके बाद भी प्रिंस खान के आपराधिक गिरोह का सिंडिकेट बंद नहीं हुआ. अब उसके सिंडिकेट की जांच का जिम्मा भी सीआईडी को सौंपा गया है.

इन गैंगस्टर की संपत्ति की तलाश में सीआईडी

अपराधी	कहां सक्रिय
अखिलेश सिंह	जमशेदपुर
अमन साहू गिरोह	रांची, लातेहार, रामगढ़ और हजारीबाग.
अमन सिंह गिरोह	धनबाद, बोकारो
अमन श्रीवास्तव गिरोह	रामगढ़, हजारीबाग, लातेहार.
प्रिंस खान	धनबाद व आसपास के इलाके
विकास तिवारी गिरोह	रामगढ़ व हजारीबाग.
सुजीत सिन्हा गिरोह	लातेहार और पलामू.
डब्लू सिंह	पलामू

सीआईडी कंट्रोल रूम को तत्काल अपराध की जानकारी देनी है

संवेदनशील घटनाओं के साथ ही गैंगस्टर व संगठित आपराधिक गिरोह की गतिविधियों की जानकारी तुरंत सीआईडी कंट्रोल रूम को भी देनी है. हत्या, लूट, अपहरण जैसी घटनाओं की जानकारी सीआईडी के वरीय अधिकारियों को भी तत्काल देनी होगी. जेल में बंद अपराधी लगातार मोबाइल का इस्तेमाल कर रहे है, ऐसे नंबरों की पहचान कर उसकी जांच करने का भी आदेश दिया गया है. इसके अलावा पोक्सो मामले में पुलिस के अनुसंधान को बिना प्रभावित किए उसकी जांच करने और पुलिस को परामर्श देने का आदेश भी दिया गया है.

संगठित आपराधिक गिरोह के निशाने पर झारखंड के कारोबारी

झारखंड के कारोबारी संगठित आपराधिक गिरोह के निशाने पर हैं. आये दिन अलग-अलग कारोबार से जुड़े लोगों की हत्याएं हो रही हैं या फिर उनसे रंगदारी-लेवी मांगी जा रही है. रंगदारी का पैसा नहीं देने पर कारोबारियों को जान से भी हाथ धोना पड़ रहा है. इन अपराधियों के निशाने पर सबसे अधिक कोल परियोजना और रेलवे साइडिंग से जुड़े कोयला कारोबारी के अलावा धनबाद, बोकारो, जमशेदपुर, पलामू के बड़े कारोबारी व व्यवसायी व ठेकेदार भी हैं. पिछले कुछ महीनों में कोयला कारोबारियों के साथ ही साथ व्यवसायियों से रंगदारी वसूली की कई घटनाएं सामने आयी हैं. रंगदारी नहीं देने पर कई व्यवसायियों को गोली भी मार दी गयी. इसके अलावा अलग-अलग आपराधिक संगठनों ने वर्चस्व बनाने के लिए गोलीबारी की घटनाओं को भी अंजाम दिया.

एडीजी अभियान आज करेंगे आपराधिक कांडों की समीक्षा

रांची। एडीजी अभियान सोमवार को चार वर्षों से लंबित आपराधिक मामलों की समीक्षा करेंगे. बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से होगी. इसे लेकर एटीएस और जिलों के एसएसपी व एसपी को पत्र लिखा गया है. लिखे पत्र में कहा गया है कि एडीजी अभियान सह अध्यक्ष मार्गदर्शन एवं अनुवीक्षण समिति 1 सोमवार को दोपहर 1:30 बजे लंबित कांडों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करेंगे. सभी एसपी को लंबित अपराध से संबंधित आंकड़ों के साथ समीक्षा बैठक में शामिल होने का निर्देश दिया गया है. लंबे समय से लंबित केस के निष्पादन के लिए मार्गदर्शन और अनुवीक्षण समिति बनायी गयी है. समिति के अध्यक्ष एडीजी अभियान संजय आनंद लाटकर, उपाध्यक्ष सीआईडी के आईजी असीम विक्रांत मिंज को बनाया गया है. जबकि सभी रेंज के डीआईजी इसके सदस्य हैं.

20 साल बाद भारत की वर्ल्डकप में लगातार आठवीं जीत

द. अफ्रीका को 243 रन से हराया

कोलकाता. भारत ने एकतरफा मुकाबले में साउथ अफ्रीका को 243 रन से हराकर वनडे वर्ल्ड कप में लगातार आठवीं जीत दर्ज कर ली है. इसके साथ ही भारत ने पॉइंट्स टेबल में नंबर-1 फिनिश भी तय कर लिया है. यानी सेमीफाइनल में भारत का सामना चौथे नंबर पर रहने वाली टीम से होगा. विराट कोहली के रिकॉर्ड 49वें शतक की बदौलत भारत ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी. टीम ने 50 ओवर में 5 विकेट खोकर 326 रन बनाए. कोहली ने नाबाद 101 रन बनाए और सचिन तेंदुलकर के 49 वनडे शतकों के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी कर ली. श्रेयस अय्यर ने 77 रन बनाए. जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम 27.1 ओवर में 83 रन बनाकर ऑलआउट हो गई. भारत के लिए रवींद्र जडेजा ने सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए. मोहम्मद शमी को 2 और कुलदीप यादव को 2 विकेट मिले. भारत ने 20 साल बाद किसी वर्ल्ड कप में लगातार आठ मैच जीते हैं. इससे पहले टीम इंडिया ने 2003 वर्ल्ड कप में 8 मैच एक के बाद एक जीते थे.

किसने क्या कहा

- कर्नाटक बर्बाद हो गया, उसके सीएम को नहीं पता कि वह कब तक कमान संभालेंगे - **नरेंद्र मोदी**
- मैंने उत्तराखंड में केदारनाथ धाम का दौरा किया और दर्शन व पूजा की. हर-हर महादेव : **राहुल गांधी**

सर्राफा

सोना (बिक्री)	57,900
चांदी (किलो)	75,000

कांग्रेस ने की चुनावों तैयारियों की समीक्षा

रांची। कांग्रेस की झारखंड इकाई ने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा के लिए रविवार को पार्टी जिला अध्यक्षों और विधानसभा प्रभारियों की एक बैठक आयोजित की. कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बैठक की अध्यक्षता की और पदाधिकारियों को सभी संगठनात्मक तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए. ठाकुर ने कहा, बैठक का उद्देश्य पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाना है.

केदारनाथ मंदिर दर्शन करने पहुंचे राहुल गांधी

देहरादून। कांग्रेस नेता राहुल गांधी रविवार को केदारनाथ पहुंचे. राहुल गांधी वीआईपी हेलीपैड पर न पहुंचकर आम यात्रियों वाले हेलीपैड पर पहुंचे. यहां से लगभग आधा किमी मंदिर तक वह पैदल ही गए. मंदिर में बाहर से ही दर्शन करने के बाद उन्होंने मंदिर की परक्रमा की और सीधे होटल चले गए. बताया जा रहा है की वह सोमवार को भी धाम में रहेंगे और मंगलवार को वापस जाएंगे.

भाजमो के प्रतिनिधि सम्मेलन में सरयू राय का बड़ा बयान

दिसंबर पार नहीं करेगी हेमंत सरकार

प्रमुख संवाददाता। रांची

विधायक सरयू राय ने राज्य सरकार को लेकर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार दिसंबर पार नहीं कर पाएगी. जैसे संकेत हैं और सूचनाएं मिल रहीं, उससे लगता है कि सरकार शायद ही दिसंबर तक बनी रहे. यह सरकार कानून के मुताबिक काम नहीं कर रही. करप्शन तेजी से बढ़ा है और सरकार से शिकायत के बावजूद कोई असर नहीं हो रहा. सरयू राय ने कृष्णा पैलेस में भारतीय जनतंत्र मोर्चा के प्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं.

सरकार पर गंभीर संकट : उन्होंने कहा कि मैंने कई बार सीएम को भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ लिखित सूचनाएं दीं, लेकिन उनके पास एक्शन लेने का टाइम नहीं है. जिस सीएम के पास जांच करवा कर दोषियों को सजा देने का टाइम नहीं, उसे सीएम पद पर रहने का हक नहीं है.

ईडी के खिलाफ किसी के पास सबूत है तो पब्लिक डोमेन में रखे

सरयू राय ने कहा कि लोग ईडी की मंशा पर सवाल उठाते हैं. पूछते हैं कि ईडी सिर्फ विपक्ष के ही खिलाफ कार्रवाई करती है. क्या ईडी पक्षपातपूर्ण काम नहीं करती. सरयू ने कहा कि हो सकता है कि कहीं ईडी पर पक्षपातपूर्ण रवैये का आरोप सच हो, लेकिन क्या ईडी जिन चीजों, जिन तथ्यों और दस्तावेजों को बाहर निकाल रही है क्या वह भी गलत है. कहा कि ईडी को लेकर देश भर में तरह-तरह की बातें की जाती रही हैं. अगर किसी को लगता है कि ईडी की कार्रवाई में कोई गड़बड़ी है तो वो इसे सबूत के साथ पब्लिक डोमेन में रखे.

तो भाजपा खुद करवा दे जातीय गणना: तेजस्वी

पटना। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को मुजफ्फरपुर में एक जनसभा के दौरान बिहार की महागठबंधन सरकार पर जाति सर्वेक्षण में मुस्लिमों और यादवों की संख्या को बढ़ा कर पेश करने का आरोप लगाया. उनके इस आरोप पर अब बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि गृह मंत्री झूठ व भ्रम फैलाने की बजाय बताएं, अगर बिहार के जातीय सर्वे के आंकड़े गलत हैं, तो केंद्र सरकार पूरे देश और सभी राज्यों में जातीय गणना कराकर अपने आंकड़े जारी क्यों नहीं करती? तेजस्वी यादव ने पूछा कि जिन राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, वहां जातिगत गणना क्यों नहीं कराई जाती? उन्होंने पूछा, केंद्र सरकार में कितने ओबीसी/एससी/एसटी कैबिनेट मंत्री हैं और कितने गैर ओबीसी/एससी/एसटी? गृह मंत्री अमित शाह सूची जारी करें.

ईएसआईसी अस्पताल में 100 बेड का एसी वार्ड

इलाज होता है मात्र 50 बेड पर

संजीव मेहता। आदित्यपुर

ईएसआईसी अस्पताल की स्थिति बेहद खराब है. अस्पताल में सौ बेड का एसी वार्ड चालू है. सौ बेड के अनुरूप मैनपॉवर और उपकरण नहीं बढ़ने से यहां स्वास्थ्य सेवा लेने आने वाले बीमितों को कठिनाई होती है. अस्पताल पर कोल्हान के तीनों जिले के करीब 10.50 लाख आईपी निर्भर हैं, जो यहां सेवाओं के लिए आते हैं.

बता दें कि पिछले वर्ष से ईएसआईसी के नए भवन में इनडोर, ओटी और इमरजेंसी शुरू हो चुकी है, लेकिन अब तक चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की स्ट्रेंथ 50 बेड वाली ही है. अब भी इलाज मात्र 50 बेड पर ही हो रहा. मेडिकल सुपरिटेंडेंट एमपी मिंज ने कहा कि वो स्ट्रेंथ बढ़ाने के लिए श्रम मंत्रालय को पत्र लिख चुके हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई. चिकित्सकों की स्ट्रेंथ बढ़ाने के लिए पत्र लिखा है.

अस्पताल में बेड तो बढ़े, नहीं बढ़ा मैनपॉवर और उपकरण

- अस्पताल पर कोल्हान के 10.50 लाख लोग हैं सेवा के लिए निर्भर
- नए भवन में इनडोर, ओटी और इमरजेंसी सेवा शुरू हुए डेढ़ साल बीता

स्टाफ की कमी से सुबह से शाम हो जाती है दवाइयां लेने में

ईएसआईसी अस्पताल में दवा की भी किल्लत चल रही है. कभी भी चिकित्सकों द्वारा लिखी गई पूरी दवाइयां आईपी को नहीं दी जाती है. शुगर, बीपी और सर्जरी में काम आने वाली जरूरी दवाओं की हमेशा कमी रहती है. आईपी को बाहर से दवा लेने को कहा जाता है. इसपर एमएस डॉ. एमपी मिंज ने कहा कि दवाओं का नया रिक्वीजिश भेजा गया है, कुछ दिनों में सभी दवाइयां यहां उपलब्ध हो जाएगी.

समारोह 22 नवंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा विधानसभा का 23वां स्थापना दिवस

झारखंड विधानसभा के सर्वश्रेष्ठ विधायक का चयन 17 को

सत्य शरण मिश्रा। रांची

22 नवंबर को झारखंड विधानसभा का 23वां स्थापना दिवस मनेगा. इस बार भी 81 में से किसी एक विधायक को सर्वश्रेष्ठ विधायक चुना जाएगा. 17 नवंबर को विस चयन समिति की बैठक में सर्वश्रेष्ठ विधायक के नाम पर की घोषणा होगी. इसके अलावा विस के उत्कृष्ट कर्मियों का चयन होगा. चयन समिति में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम समेत अन्य लोग मौजूद रहेंगे. स्थापना दिवस के दिन उत्कृष्ट विधायक और कर्मी सम्मानित होंगे. इस बार भी झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस समारोह को भव्य तरीके से आयोजित करने की तैयारी की जा रही है.

सेना-पुलिस के उत्कृष्ट जवानों, शहीदों के आश्रितों, शिक्षकों, टॉपर्स को मिलेगा सम्मान

राज्यपाल, सीएम समेत कई विधायक होंगे शामिल

समारोह को लेकर विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर चुके हैं. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी समेत सत्ता पक्ष और विपक्ष के कई विधायक शामिल होंगे. इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा. पिछली बार की तरह इस बार भी देश के किसी नामी हस्ती को बुलाया जा सकता है.

भव्य तरीके से मनेगा विस का स्थापना दिवस: स्पीकर

विस अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने कहा कि इस बार भी विधानसभा का स्थापना दिवस भव्यता से मनेगा. उत्कृष्ट विधायक और उत्कृष्ट कर्मी सम्मानित होंगे. सेना और पुलिस के जवानों को सम्मानित किया जाएगा. शहीद जवानों के आश्रित भी सम्मानित होंगे. राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों और मैट्रिक-इंटर के टॉपर सहित देश-समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित और पुरस्कृत किया जाएगा.

अब तक के सर्वश्रेष्ठ विधायक

वर्ष	सर्वश्रेष्ठ विधायक		
2001	विशेश्वर खां	2011	माधव लाल सिंह
2002	हेमलाल मुर्मू	2012	रघुवर दास
2003	राजेंद्र प्रसाद सिंह	2013	लोबिन हेंब्रम
2004	लोकनाथ महतो	2015	प्रदीप यादव
2005	अन्नपूर्णा देवी	2016	स्टीफन मरांडी
2006	राधाकृष्ण किशोर	2017	विमला प्रधान
2007	पशुपति नाथ सिंह	2018	मेनका सरदार
2008	इंदर सिंह नामधारी	2020	नलिन सोरेन
2010	जनार्दन पासवान	2021	रामचंद्र चंद्रवंशी
		2022	बिनोद सिंह

चाईबासा में 5-5 किलो के तीन आईईडी बरामद

संवाददाता. चाईबासा

सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की रविवार को बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया. सुरक्षाबलों ने टोंटो के रेंगराहातू और तुम्बाहाका के आस-पास जंगली क्षेत्र से 5-5 किलो के तीन आईईडी बरामद किये हैं. तीनों आईईडी सुरक्षाबलों को टॉर्गेट करने के लिए से नक्सलियों द्वारा लगाए गए थे. आईईडी उसी स्थान पर डिफ्यूज कर दिया गया. बता दें कि नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने साथियों के साथ कोल्हान क्षेत्र में सक्रिय हैं. नक्सली विध्वंसक कार्रवाई की तैयारी में हैं. इनको पकड़ने के लिए पुलिस, कोबरा, जगुआर, सीआरपीएफ की टीमों का संयुक्त दल गठित कर अभियान चलाया जा रहा है. अभियान

बड़ी कार्रवाई

- बड़ी नक्सली साजिश की गई नाकाम, किया गया डिफ्यूज
- सुरक्षा बल के जवान लगातार चला रहे हैं सर्च अभियान

गोईलकेरा थानान्तर्गत ग्राम कुईड़ा, छोटा कुईड़ा, मारादिरी, मेरालगड़ा, , लेमसाडीह तथा टोन्टो थानांतर्गत ग्राम हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेगड़ा, पाटातोरब, गोबुरू, लुईया के सीमावर्ती क्षेत्र में चलाया जा रहा है.

एडमिशन : पांच महीने पहले से ही स्कूल शुरू कर देते हैं नामांकन की कवायद

धनबाद के निजी स्कूलों में 15 से शुरू होगी नामांकन की प्रक्रिया

संवाददाता। धनबाद

धनबाद जिले के सीबीएसई से संबद्ध 60 से अधिक और आईसीएसई से संबद्ध लगभग एक दर्जन स्कूलों में 15 नवंबर से एंट्री क्लास एलकेजी और नर्सरी में नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी. इनमें बड़े निजी स्कूलों में शामिल लगभग एक से डेढ़ दर्जन स्कूलों में प्रत्येक वर्ष नामांकन के लिए भागमभाग व मारामारी की स्थिति बनती है. ऐसे में अप्रैल में शुरू होने वाले सेशन के लिए लगभग पांच महीने पहले से ही तैयारी शुरू कर दी जाती है, जिससे कि अंतिम समय में उहापोह की स्थिति ना बने.

सेंट जेवियर्स में 15 नवंबर से आवेदन: जीसीसीईटी सेंट जेवियर्स इंटरनेशनल स्कूल धनबाद में सत्र 2024-25 की नामांकन प्रक्रिया 15 नवंबर से शुरू होगी. फाउंडेशनल और प्रिपेट्री स्तर पर एलकेजी व नर्सरी कक्षा में कुल 140 सीटें हैं.

20 नवंबर से डीनोबिली-सीएमआरआई में करें आवेदन: 20 नवंबर से डीनोबिली-सीएमआरआई में नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी. अभिभावक स्कूल की वेबसाइट डीनोबिली-सीएमआरआई डॉट इन पर ऑनलाइन माध्यम से 20 से 25 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं. आवेदन शुल्क के रूप में 500 का भुगतान ऑनलाइन ही करना पड़ेगा. एलकेजी में नामांकन के लिए बच्चों का जन्म अक्टूबर 2019 से सितंबर 2020 के बीच होना जरूरी है.

खास बातें

- स्कूलों में अप्रैल से नए सेशन की होती है शुरुआत
- 60 से अधिक सीबीएसई स्कूलों में 15 से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया

राजकमल में दिसंबर महीने में शुरू होगी आवेदन प्रक्रिया

राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर में दिसंबर महीने में आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी. स्कूल प्रबंधन के अनुसार दिसंबर महीने के पहले सप्ताह में केजी वन, केजी-2 और 11वीं कक्षा में नामांकन के लिए नोटिस जारी कर दिया जाएगा. एनईपी के तहत शुरू होने वाले नई कक्षा के लिए फिलहाल निर्णय नहीं हुआ है.

द्वारिका मेमोरियल में दिसंबर के पहले सप्ताह में शुरू होगा आवेदन

द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन एकेडमी में नए सत्र की नामांकन प्रक्रिया दिसंबर के पहले सप्ताह में शुरू होगी. एलकेजी और यूकेजी में 40-40 सीटों पर दाखिला लिया जाएगा. नई शुरू होने वाली नर्सरी की कक्षा में भी 40 सीटें निर्धारित की गई हैं. इसके अलावा डीएवी कोयला नगर, धनबाद पब्लिक स्कूल, कार्मल स्कूल, गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, दून पब्लिक स्कूल में भी दिसंबर महीने में नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी

आपकी बात

शिक्षा ज्ञान का वह प्रकाश पुंज है, जो अज्ञानता के अंधेरे को दूर भगाता है. इसलिए मनुष्य को आजीवन शिक्षा हासिल करना चाहिए.

नाम : डॉ. गणेश कुमार
पद : सेवानिवृत्त शिक्षक
जन्मस्थल : रजौली, बिहार
कार्य क्षेत्र : विष्णुगढ़ (हजारीबाग)

बिहार के रजौली में जन्मे और पले-बढ़े डॉ. गणेश कुमार डीएवी पब्लिक स्कूल बरकाकाना के संस्कृत शिक्षक थे. बाद में झारखंड में सरकारी शिक्षक नियुक्त हुए. डॉ. गणेश कुमार बाल स्वयंसेवक संघ के बाद आरएसएस से जुड़े रहे. 14 वर्ष की आयु में ही उन्होंने महर्षि दयानंद रचित सत्यार्थ प्रकाश का संपूर्ण अध्ययन कर लिया था. वह महाविद्यालय के छात्र जीवन में वामपंथी आंदोलन के छात्र नेता के रूप में चर्चित हुए. फिर रांची विश्वविद्यालय से उन्होंने संस्कृत से एमए और विनोबा भावे विश्वविद्यालय से उन्होंने पीएचडी की. विष्णुगढ़ प्रखंड में दिव्यांग छात्र-छात्राओं के बीच सेवा दी. उन्होंने भोज मुक्त विश्वविद्यालय से एफसी-एसईडीई भी किया है. इतना ही नहीं शिक्षक-शिक्षिकाओं को उन्होंने इस क्षेत्र में प्रशिक्षण भी दिया. उन्होंने वर्षों तक शिक्षा का अलख जगाया और बच्चों का भविष्य संवारा. वह जिस स्कूल में रहे, वहां उनके पढ़ाने और सदव्यवहार को हर कोई याद करता है. डॉ. गणेश कुमार कहते हैं कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है. शिक्षा ज्ञान का वह प्रकाश पुंज है, जो अज्ञानता के अंधेरे को दूर भगाता है. इसलिए मनुष्य को आजीवन शिक्षा हासिल करना चाहिए.

ब्रीफ खबरें

संगम व वंदना को प्रथम पुरस्कार

कोडरमा। सेक्रेड हार्ट स्कूल में सीसीए कार्यक्रम के तहत थाली-दीया सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसमें कक्षा एक से पांचवी तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. इस प्रतियोगिता में संगम कुमारी व वंदना कुमारी को प्रथम, अमन कुमार पासवान व अदीबा अहमद को द्वितीय तथा हर्षित झा को तृतीय स्थान मिला. वहीं, अपने-अपने वर्ग में अवनि सिंह व अद्रिजा विश्वास प्रथम, यशप्रीत, अंश व अनुप्रिया द्वितीय एवं मो. फहद, शशांक व अंशिका तृतीय, प्रथम पायल, द्वितीय नैतिक, तृतीय साक्षी, प्रथम उज्ज्वल कुमार व अर्णव कुमार, द्वितीय मयंक कुमार व तन्मय, तृतीय तन्मय कुमार, प्रथम सुलव कुमार, द्वितीय मधु कुमारी और खुशी कुमारी को तृतीय स्थान मिला. कार्यक्रम कामिनी सहाय, अल्का सिंह व सीमा जैन की देखरेख में संपन्न हुआ. प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने बच्चों द्वारा सजाअर् गई थाली-दीया की काफी सराहना की. उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में पर्व-त्योहारों की समझ विकसित होती है.

सरदार माधो सिंह स्कूल में असेंबली हॉल का उद्घाटन

जमशेदपुर। इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर द्वारा सरदार माधो सिंह स्कूल बिष्टुपुर में छात्राओं के लिए बनाए गए असेंबली हॉल का उद्घाटन किया गया. उद्घाटन इंटरनेशनल इनर व्हील एडिटर मीडिया मैनेजर प्रभा रघुनंदन रावरा ने रविवार को किया. मौके पर उन्होंने क्लब के द्वारा किए गए इस कार्य की सराहना की और आगे भी इस तरह के कार्य करने को प्रेरित किया. उल्लेखनीय है की इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर द्वारा छात्राओं के लिए टीन शेड असेंबली हॉल निर्माण कराया गया जिसमें की छात्राएं प्रार्थना और अन्य गतिविधियां कर सके. स्कूल की छात्राओं को गर्मी में धूप और बारिश के दिनों में परेशानियों का सामना करना पड़ता था, जिसको देखते हुए इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर ने यह निर्माण करवाया. इस अवसर पर स्कूल की छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया. इस दौरान रंगोली और दिया डेकोरेशन प्रतियोगता का भी आयोजन किया गया. जिसमे प्रथम एवम द्वितीय स्थान पर रहने वाली छात्राओं को अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया.

पटमदा इंटर कॉलेज जल्ला : बुनियादी सुविधाओं से कोसों दूर थे कॉलेज के छात्र

स्कूल का कायाकल्प, सुविधाएं हुई बहाल

आनंद मिश्रा। जमशेदपुर

जमशेदपुर से लगभग 40 किमी दूर जिले के पटमदा ब्लॉक स्थित जल्ला गांव में पटमदा इंटर कॉलेज बुनियादी सुविधाओं से कोसों दूर था. वहीं स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसएचसीआईएल) से सीएसआर फंड मिलने के बाद यह सभी आवश्यक सुविधाओं से लैस हो चुका है. मुंबई की इस कंपनी ने अपने एसएचसीआईएल फाउंडेशन ट्रस्ट के माध्यम से इस इंटर कॉलेज को एक पुस्तकालय, 22 कंप्यूटरों वाली एक कंप्यूटर प्रयोगशाला और हाल ही में एक भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान प्रयोगशाला उपलब्ध करायी है.

इससे यह सरकारी सहायता प्राप्त इंटर कॉलेज ग्रामीण क्षेत्र में विद्यार्थियों को शिक्षा गुणवत्ता प्रदान कर रहा है. इससे पूर्व पिछले 29 वर्षों से इस कॉलेज को राज्य सरकार से सीमित अनुदान के कारण नुकसान उठाना पड़ा रहा था.

शहर के समान गांव में शिक्षा शिक्षा व्यवस्था: ट्रस्ट से सहायता मिलने से पूर्व कॉलेज प्रबंधन ने अपनी शैक्षणिक सुविधाओं को उन्नत करने की कोशिश की थी, लेकिन आर्थिक अभाव में इस में असफल रहा. इससे शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हो रही थी. क्योंकि सहायता प्राप्त कॉलेज को राज्य सरकार से एक निश्चित राशि हर साल छात्रों की संख्या के आधार पर मिलती है, जिसका उपयोग शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के मानदेय के लिए दिया जाता है. इस कारण कॉलेज के विकास में यह कभी भी सहायक साबित नहीं हो पाता है. इस कॉलेज में कला, विज्ञान और वाणिज्य के लगभग 1000 छात्र और 15 शिक्षक हैं. कॉलेज के प्राचार्य टीके महतो ने कहा कि कंपनी से आर्थिक सहायता मिलने के बाद यहां अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है. जिन छात्रों ने कभी कंप्यूटर नहीं देखा था वे अब इस पर काम कर रहे हैं. यह वह बदलाव है, जिसकी आवश्यकता थी. साथ ही विज्ञान के छात्रों को प्रैक्टिकल करने की ज़रूरत थी, जिसके बिना उनका पाठ्यक्रम अधूरा रहता था. एसएचसीआईएल के सीएसआर फंड से छात्र अब शहरी शैक्षणिक संस्थानों के बराबर शिक्षा प्राप्त कर पा रहे हैं.

बायोलॉजी प्रयोगशाला में छात्राएं.

खास बातें

- कॉलेज के विद्यार्थियों ने कभी नहीं देखे थे कंप्यूटर व प्रयोगशाला
- एसएचसीआईएल फाउंडेशन ट्रस्ट के सहयोग मिली बुनियादी सुविधा

कॉलेज 26 लाख रुपये से अधिक की सहायता

कॉलेज को एसएचसीआईएल ने अब तक 26 लाख से अधिक रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है, जिससे क्षेत्र के वैसे छात्रों को सीधे लाभ हुआ है जो ज्यादातर अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं. जमशेदपुर के उद्यमी सौरभ महतो ने जब कॉलेज में बुनियादी ढांचे की कमी देखी, तो इस दिशा में प्रयास करते हुए एसएचसीआईएल दोनों के बीच सहमति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सीएसआर प्रमुख शशिकांत नायक ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य अपनी सीएसआर पहल के तहत बच्चों की शिक्षा, कौशल विकास और महिला सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करना है. कंपनी ने ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों तक शिक्षा की अधिकतम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए पटमदा इंटर कॉलेज का सहयोग किया है.

करीम सिटी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग के छात्रों को दी गयी विदाई

समारोह में शामिल शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी.

संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर के साकची स्थित करीम सिटी कॉलेज में अंग्रेजी विभाग की ओर से रविवार को "बोन वोयज" का आयोजन किया गया. इसमें विभाग के छात्रों ने अंतिम सेमेस्ट के छात्र-छात्राओं को समारोहपूर्वक विदाई दी. कार्यक्रम में यूजी एवं पीजी के छात्र-छात्राएं शामिल हुए. कार्यक्रम का संचालन पीजी चौथे, दूसरे व प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने मिलकर किया. कार्यक्रम के मुख्य संचालकों में शिउली पालित, भास्कर भकत, रोहित कर, विशाखा, संस्कृति, स्नेहा, उमेश, शहनावाज, हर्ष, अनुपम व सुरेश शामिल थे. इनमे अंग्रेजी विभाग के शिक्षक प्रो अशोक दास, डॉ एसएम याहिया इब्राहिम, डॉ नेहा तिवारी, डॉ बसुंधरा रॉय और प्रो साकेत कुमार उपस्थित थे. कार्यक्रम की मेजबानी कहकशा, लईबा और मनतशा ने की.

गौतम बुद्ध बीएड कॉलेज में ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम संपन्न

शैक्षिक विकास में एआई महत्वपूर्ण : डॉ. पाटिल

संवाददाता। हजारीबाग

गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मुकुंदगंज के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय नेशनल लेवल ऑनलाइन फैकल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम रविवार को संपन्न हो गया. कार्यक्रम के अंतिम दिन दो सत्रों में टीचर रिफ्रेशर कोर्स के बारे में विद्वतजनों ने कई महत्वपूर्ण जानकारी दी. इसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के लिए शिक्षकों एवं शोधार्थियों को नवीन तकनीकी-शैक्षणिक कौशल विकास से अवगत कराया गया.

समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. गौरीशंकर तिवारी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से शिक्षकों को भी सीखने का मौका है. यह एनईपी-2020 को बढ़ावा देगा. साथ ही शिक्षकों व विद्यार्थियों को काफी लाभ मिलेगा. गेस्ट आफ ऑनर विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ. बंशीधर प्रसाद रूखैयार ने कहा कि फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम एनईपी-2020 के लिए काफी उपयोगी है. गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के ऐसे कार्यक्रम से देश-विदेश के शिक्षक और शिक्षार्थी लाभान्वित हुए हैं. यह काफी सराहनीय पहल है. वहीं, कॉलेज प्रबंधन समिति के सचिव मिथिलेश मिश्र ने बच्चों में सुधार के लिए सकारात्मक भूमिका निभाते हुए अभिभावकों और शिक्षकों को आत्मचिंतन करने की सलाह दी. साथ ही नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी इस पर गौर फरमाने की अपील की.

कार्यक्रम में मंच संचालन गौतम बुद्ध बीएड कॉलेज की आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. बसुंधरा कुमारी और समन्वय सहायक प्राध्यापिका कुमारी अंजलि व डॉ. रीतू कुमारी ने किया. कार्यक्रम के चेयरपर्सन प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार यादव ने सभी विद्वतजनों का आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया. मौके पर सभी प्राध्यापक और बीएड के प्रशिक्षु मौजूद थे.

शैक्षणिक सत्र

- शिक्षकों को भी काफी कुछ सीखने का मौका : डॉ. तिवारी
- एनईपी के लिए फैकल्टी डेवलपमेंट उपयोगी : डॉ. रूखैयार

एआई के उपयोग को सीखने-समझने की जरूरत

क्रिएटिंग थ्रो इनोवेटिव टेक्नो-पेडागोगिज इन द लाइट ऑफ एनईपी-2020 के तहत डॉ. संदीप पाटिल, असिस्टेंट प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा, महाराष्ट्र ने आर्टफिशियल इंटेलिजेंस पर जानकारी दी. उन्होंने कहा कि शैक्षिक विकास में यह तेजी से विकसित होता क्षेत्र है. कुछ दिनों पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एआई के महत्व पर प्रकाश डाला था. शिक्षा के क्षेत्र में एआई के उपयोग को सीखने और समझने की जरूरत है. एआई विद्यार्थियों की ताकत और कमजोरी का विश्लेषण करता है. साथ ही लर्निंग और डेवलपमेंट के विशाल डेटा का भी विश्लेषण कर सकता है. डिजिटल ट्वीटर के रूप में एआई का काफी महत्व है. इसके माध्यम से वेबिनार और व्याख्यान में कही बातों को शब्दों में बदला जा सकता है.

जमशेदपुर के छात्रों ने किया बेहतरीन प्रदर्शन

नारायणा का स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट एनसैट-2023 का रिजल्ट जारी

आनंद मिश्रा । जमशेदपुर

जमशेदपुर के साकची स्थित इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान ''नारायणा आईआईटी/नीट एकेडमी द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर नारायणा स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट (एनसैट) का आयोजन किया गया था. परीक्षा का आयोजन पिछले 1 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक ऑफलाइन एवं ऑनलाइन किया गया था. नारायणा इंस्टीट्यूट के नेशनल एकेडमिक हेड श्याम भूषण ने बताया कि इस परीक्षा का परिणाम रविवार को जारी किया गया. इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 8वीं से 12वीं क्लास तक के छात्रों को एक वर्षीय एवं दो वर्षीय क्लास रूम प्रोग्राम में शत-प्रतिशत तक स्कॉलरशिप दिया गया है, जो कि नारायणा के किसी भी प्रवेश परीक्षा से अधिक है. जमशेदपुर केंद्र के निदेशक सह नारायणा इंस्टीट्यूट के नेशनल एकेडमिक हेड श्याम भूषण ने बताया कि नारायणा स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट (एनसैट) की परीक्षा का मुख्य उद्देश्य यह है कि छात्रों की प्रतियोगी क्षमता को

एनसैट-2023 (ऑफलाइन) में जमशेदपुर के टॉपर्स

- **सातवीं कक्षा :** मिलिन्द वत्स (ऑल इंडिया रैंक-55, जमशेदपुर रैंक - 1), सुचिस्मिता पाल (ऑल इंडिया रैंक-69, जमशेदपुर रैंक - 2), निमिष सिन्हा (ऑल इंडिया रैंक-116, जमशेदपुर रैंक - 3)
- **आठवीं कक्षा :** अभिनव शंकर (ऑल इंडिया रैंक-33, जमशेदपुर रैंक - 1), अनंत राज (ऑल इंडिया रैंक-51, जमशेदपुर रैंक - 2), सक्षम कुमार (ऑल इंडिया रैंक-142, जमशेदपुर रैंक - 3)
- **नौवीं कक्षा :** अदित्य ठाकुर (ऑल इंडिया रैंक-34, जमशेदपुर रैंक - 1), रामा मिश्रा (ऑल इंडिया रैंक-47, जमशेदपुर रैंक - 2), सौरिम्या प्रतिहार (ऑल इंडिया रैंक-97, जमशेदपुर रैंक - 3)
- **10वीं कक्षा-जेईई :** अयान सिंह (ऑल इंडिया रैंक-12, जमशेदपुर रैंक - 1), सेजल जयसवाल (ऑल इंडिया रैंक-85, जमशेदपुर रैंक - 2), अनजनेया श्रीवास्तव (ऑल इंडिया रैंक-85, जमशेदपुर रैंक - 2), आसित प्रसाद (ऑल इंडिया रैंक-91, जमशेदपुर रैंक - 3), आदित्य सिन्हा (ऑल इंडिया रैंक-91, जमशेदपुर रैंक - 3)
- **10वीं कक्षा-नीट :** कृष्णा सिंह (ऑल इंडिया रैंक-50, जमशेदपुर रैंक - 1), आदित्य गौतम (ऑल इंडिया रैंक-75, जमशेदपुर रैंक - 2), अनुपम कुमारी (ऑल इंडिया रैंक-151, जमशेदपुर रैंक - 3)
- **11वीं कक्षा-जेईई :** अदित्य प्रभात (ऑल इंडिया रैंक-48, जमशेदपुर रैंक - 1), जयेश लाल (ऑल इंडिया रैंक-127, जमशेदपुर रैंक - 2), विनित कुमार (ऑल इंडिया रैंक-141, जमशेदपुर रैंक - 3)
- **11वीं कक्षा-नीट :** अराध्या दुबे (ऑल इंडिया रैंक-91, जमशेदपुर रैंक - 1).

क्लासिफाइड

मांग | पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने समर्थन में राजभवन व सीएमओ को किया ट्वीट

जेएसएससी के पाठ्यक्रम से उड़िया भाषा सिलेबस बदलने की मांग उठी

संवाददाता । जमशेदपुर

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के पाठ्यक्रम में उड़िया भाषा के सिलेबस को बदलने की मांग उठने लगी है. उड़िया भाषी छात्रों के एक शिष्टमंडल ने इस संबंध में पत्र लिखकर पूर्व विधायक सह प्रदेश भाजपा कुणाल षाड़ंगी से हस्तक्षेप करने और उचित फोरम पर समस्या को रखने की मांग की है. इसके समर्थन में राज्यपाल सहित सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को भी पत्र प्रेषित किया है. उड़िया भाषी छात्रों की समस्या यह है कि जेएसएससी के सिलेबस में ओड़िया भाषा का जो पाठ्यक्रम है उसकी पुस्तकें राज्य के किसी भी लाइब्रेरी या विश्वविद्यालय में आसानी से उपलब्ध नहीं है. झारखंड सहित पड़ोसी राज्य ओडिशा में भी उक्त पाठ्यक्रम की किताबें नहीं मिल रही हैं. अधिकतर संस्थानों और पुस्तक विक्रेताओं का कहना है की जेएसएससी द्वारा जो सिलेबस चलाया जा रहा है वह काफी पुराना है. इनके पाठ्यक्रमों को वर्तमान में उपलब्ध करा पाना बड़ी चुनौती होगी. इससे उड़िया भाषी प्रतिभागी छात्रों की समस्या बढ़ गई है. छात्रों ने सरकार से इस दिशा में विचार करने का आग्रह किया है.

कुणाल षाड़ंगी व ट्विट.

खास बातें

- आसानी से उपलब्ध नहीं होती है उड़िया भाषा की पुस्तकें
- पुस्तक विक्रेताओं का कहना है कि सिलेबस काफी पुराना है

जल्द ही राज्यपाल से मिलेंगे

इधर, छात्रों की मांग को उचित बताते हुए पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी भी छात्रों के समर्थन में सामने आये गये हैं. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) पर रविवार को एक छात्र के पोस्ट पर कोट करने हुए लिखा है कि हजारों उड़िया भाषी प्रतिभागी छात्रों की समस्या के समाधान की दिशा में सरकार के स्तर से जरूरी पहल होनी चाहिए. उन्होंने राजभवन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को टैग करते हुए हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है. भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने बताया कि उड़िया भाषा झारखंड में द्वितीय राजभाषा है, लेकिन जेएसएससी के कारण अब उड़िया भाषी छात्र सकते में हैं. उन्होंने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग को विषय की गंभीरता समझने की जरूरत है. अत: जेएसएससी को अविलंब उड़िया भाषा के पुराने पाठ्यक्रम और विद्यालय स्तर से संपूर्ण सिलेबस को बदलकर नये पाठ्यक्रम को शामिल करना चाहिए, जो झारखंड समेत पड़ोसी राज्यों में भी आसानी से उपलब्ध हो. कुणाल ने कहा कि वे जल्द ही इस मामले को लेकर राज्यपाल से मुलाकात कर त्वरित संज्ञान लेने का निवेदन करेंगे.

27 अक्टूबर से शुरू हुई झारखंड ग्राम सभा जागरुकता यात्रा -2023 का रांची में कार्यक्रम

आदिवासियों को हाशिए पर धकेला जा रहा,जारी हो पेसा नियमावली: जेम्स हेरेंज

प्रमुख संवाददाता। रांची

ब्याघ्र आरक्षित परियोजना के कोर एवं बफर एरिया के 400 गांवों के ग्रामीणों को वनोपज के उपयोग से वंचित होना पड़ रहा है. वह न तो बीड़ी पत्ता संग्रहण कर पा रहे हैं और न ही अपने मवेशी को जंगलों में चरा पा रहे हैं. ब्याघ्र बफर जोन में रहने वाले आदिवासियों को अपने जीविकोपार्जन के साधनों से वंचित होना पड़ रहा है. सरकार जान - बूझ कर आदिवासियों को हाशिए पर धकेलने की साजिश कर रही है, ताकि कॉर्पोरेट घरानों के लिए आदिवासी इलाकों में माहौल तैयार किया जा सके .उक्त बातें झारखंड ग्राम सभा जागरूकता यात्रा 2023 के संयोजक जेम्स हेरेंज रांची में आयोजित यात्रा को संबोधित करते हुए कही. यात्रा 27 अक्तूबर को प्रारंभ की गई थी.

खास बातें

- जीविकोपार्जन से वंचित हो रहे हैं आदिवासी
- कॉरपोरेट घराने के लिए तैयार हो रहा माहौल

पेसा नियमावली ड्राफ्ट प्रक्रिया में शामिल रहे बलराम ने कहा सरकार के औपबंधिक प्रारूप को प्रिंट कर पूरे राज्य के ग्राम सभाओं को सुपुर्द करना सराहनीय पहल था. लेकिन नियमावाली जारी करने में बिलंब कर सरकार सही नहीं कर रही है.

भारतीय सामुदायिक कार्यकर्त्ता मंच के अरविन्द मूर्ति ने कहा झारखंड 40 फीसदी खनिज उत्पादन करती है. लेकिन इसी राज्य में गरीबी, भुखमरी, कुपोषण, पलायन जैसी समस्याएं विकराल हैं. अब समय आ गया है कि ग्राम सभा रूपी ग्राम सरकारें अपने - अपने गांवों में स्वशासन की प्रक्रिया को सशक्त करें, तभी हम अपनी भावी पीढ़ी को एक समृद्ध झारखंड सौंप सकेंगे. यात्रा के समापन समारोह में राज्य के पांचवीं अनुसूची इलाके के ग्राम सभा प्रतिनिधियों ने कहा कि वो राज्य सरकार और राजभवन को आपनी मांग पत्र सौंपेंगे. जिसमें पेसा नियमावली 2022 को जारी करने, राज्य के 5वीं अनुसूची क्षेत्र के 16781 से अधिक ग्राम सभाओं को प्रस्तावित ड्राफ्ट नियमावली के मौजूद प्रावधानों के आलोक में प्रशासन और नियंत्रण का आधिकार मिले. साथ ही सभी ग्राम सभाओं का अपना ग्राम सभा सचिवालय हो, इस दिशा में सरकार सामूहिक पहल प्रारंभ करे.

समारोह का संचालन दिलीप रजक एवं मनोज भुइयां ने संयुक्त रूप से किया. कार्यक्रम में क्रांतिकारी किसान मजदूर यूनियन झारखंड के केंद्रीय अध्यक्ष मदन पाल, वृजनंदन मेहता, तारामणी साहू, विमल सिंह, जितेन्द्र सिंह, शानियारो उरांव, महेश्वरी देवी, बुद्धी देवी, देवंती देवी, भोजन का अधिकार अभियान के संयोजक अशर्फी नन्द प्रसाद आदि शामिल थे .

आओ जानें

हटिया से कब कौन जीतकर पहुंचे झारखंड विधानसभा

वर्ष	पार्टी	विधायक
2000	भाजपा	रामजी लाल सारडा
2005	कांग्रेस	गोपाल शाहदेव
2009	कांग्रेस	गोपाल शाहदेव
2014	झाविमो	नवीन जायसवाल
2019	भाजपा	नवीन जायसवाल

झारखंड में कांग्रेस अकेले 14 सीटों पर चुनाव लड़ने में सक्षम नहीं

1989 के बाद गुम होती गयी कांग्रेस बैसाखी के ही भरोसे

कौशल आनंद । रांची

आजादी के बाद 1952 से देश में आम चुनाव होना शुरू हुआ. तब से लेकर 1989 तक कांग्रेस की पूरे झारखंड में तुती बोलती थी. संगठन भी दुरूस्त था, वोट लेने, वोट दिलाने और चुनावी फतह करने वाले कांग्रेसियों की कमी नहीं थी. मगर 1989 के बाद कांग्रेस का ग्राफ लगातार गिरता गया. वर्तमान में कांग्रेस सांगठनिक एवं लोकप्रियता के हिसाब से अकेले दम पर पूरे 14 सीटों पर चुनाव लड़ने में सक्षम नहीं है. वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति में कांग्रेस बिना बैसाखी के अपनी न तो नैया पार लगा सकती है और न ही अपनी साख बचा सकती है. अगर 1952 से लेकर 2009 तक की बात करें तो इसके बाद कांग्रेस का एक तरह से झारखंड में सफाया ही हो गया है. वर्तमान में पूरे झारखंड में कांग्रेस के एक मात्र सांसद हैं. इसलिए अगर झारखंड में कांग्रेस नौ या पूरे 14 सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा करती है तो वह खुद के साथ ईमानदार नहीं है.

कभी कांग्रेस की बोलती थी तूती : एक जमाना था कि रांची, लोहरदगा और संथाल की तीन सीटों गोड्डा, राजमहल और दुमका में कांग्रेस की तुती बोलती थी. रांची और लोहरदगा में आजादी के बाद से लेकर 2014 तक आठ बार कांग्रेस के सांसद जीतते रहे हैं. जबकि संथाल परगना के गोड्डा और राजमहल में छह-छह बार और दुमका में 5 बार कांग्रेस विजयी रही. पलामू में कांग्रेस छह बार विजयी रही. गिरिडीह सीट पर कांग्रेस का पांच बार कब्जा रहा. अगर सिंहभूम की बात करें तो वहां से कांग्रेस सात बार विजयी रही. यहां तक कि गिरिडीह में भी कांग्रेस का 5 बार कब्जा रहा.

खास बातें

- कांग्रेस बिन बैसाखी के अपनी नैया पार नहीं कर सकती है
- अभी झारखंड में कांग्रेस की सिर्फ एक सांसद गीता कोड़ा हैं
- बिहार बंटा न था, तब 14 सीटों पर कांग्रेस का ही दबदबा था

1952 से लेकर 2019 तक झारखंड की 14 सीटों पर कांग्रेस का प्रदर्शन

जमशेदपुर (4 बार)
1957: माहिंद्र कुमार घोष- कांग्रेस
1967: एससी प्रसाद - कांग्रेस
1971: सरदार स्वर्ण सिंह सोखी- कांग्रेस
1984: गोपेश्वर- कांग्रेस

सिंहभूम (7)
1977: बागुन सुंब्रई-कांग्रेस
1980: बागुन सुंब्रई-कांग्रेस
1984 : बागुन सुंब्रई-कांग्रेस
1989 : बागुन सुंब्रई-कांग्रेस
1998 : विजय सिंह सोय : कांग्रेस
2004 : बागुन सुंब्रई-कांग्रेस
2019 : गीता कोड़ा-कांग्रेस

खूंटी (2)
1984: साइमन तिग्गा- कांग्रेस
2004: सुशीला केरकेट्टा- कांग्रेस

लोहरदगा (8)
1962 : डेविड मुंजनी- कांग्रेस
1967 : कार्तिक उरांव- कांग्रेस
1971 : कार्तिक उरांव- कांग्रेस
1980 : कार्तिक उरांव- कांग्रेस
1984 : सुमति उरांव- कांग्रेस
1989 : सुमति उरांव- कांग्रेस
1998 : इंद्र नाथ भगत- कांग्रेस
2004 : रामेश्वर उरांव- कांग्रेस

पलामू (6)
1952: गजेंद्र प्रसाद सिन्हा- कांग्रेस
1957: गजेंद्र प्रसाद सिन्हा- कांग्रेस
1967: कमला कुमारी- कांग्रेस
1971: कमला कुमारी- कांग्रेस
1980: कमला कुमारी- कांग्रेस
1984: कमला कुमारी- कांग्रेस

चतरा (3)
1971: शंकर दयाल सिंह- कांग्रेस
1980: रणजीत सिंह- कांग्रेस
1984: योगेश्वर प्रसाद योगेश- कांग्रेस

कोडरमा (2)
1984: तिलकधारी सिंह- कांग्रेस
1999: तिलकधारी सिंह- कांग्रेस

धनबाद (6)
1952 : पीसी बोस- कांग्रेस
1957 : पीसी बोस-कांग्रेस
1962 : पीआर चक्रवर्ती-कांग्रेस
1971 : राम नारायण शर्मा- कांग्रेस
1984 : शंकर दयाल सिंह- कांग्रेस
2004 : चन्द्रशेखर दुबे- कांग्रेस

दुमका (5)
1952 : पॉल जुझार सोरेन-कांग्रेस
1962 : एससी बेसरा- कांग्रेस
1967 : एससी बेसरा- कांग्रेस
1971 : एससी बेसरा- कांग्रेस
1984 : पृथ्वी चंद किस्कू- कांग्रेस

गोड्डा (6)
1962 : प्रभु दयाल हिम्मत सिंगका-कांग्रेस
1967 : प्रभु दयाल हिम्मत सिंहका-कांग्रेस
1971: जगदीश मंडल-कांग्रेस
1980 : मौलाना समीनुद्दीनःकांग्रेस
1984 : मौलाना समीनुद्दीन-कांग्रेस
2004 : फुरकान अंसारीः कांग्रेस

राजमहल (6)
1957: पाइका मुर्मूः कांग्रेस
1971: ईश्वर मरांडीः कांग्रेस
1980: सेठ हेम्ब्रम- कांग्रेस
1984: सेठ हेम्ब्रम- कांग्रेस
1996: थॉमस हांसदा- कांग्रेस
1999: थॉमस हांसदा- कांग्रेस

गिरिडीह (5)
1952: नागेश्वर प्रसाद सिन्हा- कांग्रेस
1967: इम्तेयाज़ अहमद- कांग्रेस
1971: चपलेंदु भट्टाचार्य-कांग्रेस
1980: बिंदेश्वरी दुबे- कांग्रेस
1984: सरफराज अहमद-कांग्रेस

रांची (8)
1952: अब्दुल इब्राहिम-कांग्रेस
1962: पीके घोष-कांग्रेस
1967: पीके घोष-कांग्रेस
1971: पीके घोष-कांग्रेस
1980:शिव प्रसाद साहू-कांग्रेस
1984:शिव प्रसाद साहू-कांग्रेस
2004:सुबोधकांत सहाय-कांग्रेस
2009 : सुबोधकांत सहाय

हजारीबाग (2)
1971: दमोदर पांडेय-कांग्रेस
1984: दमोदर पांडेय-कांग्रेस

———
———

विधायक ने छठ घाट का किया निरीक्षण

चक्रधरपुर। लोक आस्था का महापर्व छठ पर्व को लेकर चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव समेत छठ पूजा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने रविवार को शहर के पुरानी बस्ती छठ नदी घाट का जायजा लिया. इससे पूर्व पुरानी बस्ती छठ नदी घाट के समीप बैठक हुई. जहां समिति के संरक्षक विधायक सुखराम उरांव व अशोक षाड़ंगी, अध्यक्ष दिनेश जेना, सचिव संजय पासवान, उपाध्यक्ष अनूप सिंह, राजू कसेरा, गोल्डी सिंह, अनूप दुबे, भावेश विश्वास, विजय साव, सह सचिव विजय जैसवाल, मुन्ना साव उपस्थित थे.

विधायक ने पुल का किया शिलान्यास

मेदिनीनगर। विधायक आलोक चौरसिया ने चैनपुर प्रखंड के गांव जयनगरा से सलतुवा जाने वाली मुख्य सड़क के बीच पुल का शिलान्यास किया. इस दौरान आलोक चौरसिया ने कहा कि पुल नहीं होने के कारण 12 से 15 गांवों के लोग प्रभावित हैं. विकास की किरण भी वहां नहीं पहुंच पा रही थी. विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि हमने तुरंत ग्रामीण विकास विभाग से बात कर अपने क्षेत्र की समस्याओं से रूबरू कराया.

कांग्रेस कमाने और भाजपा काम करने वाली पार्टी : बाबूलाल मरांडी

प्रमुख संवाददाता । रांची

झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने छत्तीसगढ़ के केशकाल विधानसभा के बहिगांव और मुरवेल में जनसभा को संबोधित किया. उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस कमाने वाली तथा भाजपा काम करने वाली पार्टी है.भाजपा प्रत्याशी नीलकंठ टेकाम के पक्ष में वोट की अपील करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य की कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार के गर्त में डूबो दिया है. कांग्रेस की सरकार को जनता की सेवा से कुछ भी लेना देना नहीं है. भूपेश बघेल सरकार ने राज्य को घोटाले का राज्य बना दिया है.

भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाएगी भाजपा

बाबूलाल ने कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार मुक्त भारत की दिशा में कार्य कर रही. देश की जांच एजेंसियां भ्रष्टाचारियों को पकड़ रही. अभी तो कांग्रेस के शीर्ष नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी भी जमानत पर घूम रहे. कहा गया कि मोदी सरकार गांव, गरीब, किसान, आदिवासी, दलित, पिछड़ा सभी वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ रही है. आदिवासी समाज को आजाद भारत में सर्वाधिक सम्मान भाजपा की सरकारों ने दिया है. अटल जी की सरकार ने अलग आदिवासी मंत्रालय बनाए.

साप्ताहिक हाट का बिरुवा ने किया का उद्घाटन

चक्रधरपुर। सदर प्रखंड के कुंदुबेड़ा में रविवार को विधायक दीपक बिरुवा ने साप्ताहिक हाट का उद्घाटन किया. मौके पर झारखंड आंदोलनकारी चिह्नितीकरण आयोग के सदस्य भुवनेश्वर महतो, जिला 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति सदस्य सुभाष बनर्जी समेत अन्य शामिल थे. अतिथियों ने विधिवत फीता काटकर साप्ताहिक हाट का उद्घाटन किया. साप्ताहिक हाट का उद्घाटन करने पहुंचे विधायक दीपक बिरुवा का ग्रामीणों ने गर्मजोशी के साथ का स्वागत किया.

झामुमो ने मस्जिद में किया श्रमदान

निरसा। कलियासोल प्रखंड अंतर्गत जामकुंदर पंचायत के फतेहपुर ग्राम में सामाजिक स्तर पर बन रहे मस्जिद में रविवार को जेएमएम के केंद्रीय समिति सदस्य अशोक मंडल ने ग्रामीणों के साथ श्रमदान किया. मौके पर कालियासोल के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष ठाकुर मांझी, पूर्व प्रखंड सचिव दुलाल चक्रवर्ती, नईम शेख, रूह शेख, हाजी नूर, मोहम्मद हाजी, नूसरुद्दीन अंसारी, इरशाद मोहम्मद, शहाबुद्दीन मोहम्मद, नूर राजू झा, वीरेंद्र अटल भोला, लाल तापस गोस्वामी सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

भाजपा नेता गणेश ने आर्थिक सहयोग किया

आदित्यपुर। सरायकेला नगर पंचायत के पाटागार निवासी भाजपा पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता पंकज साहू के माताजी एवं इंद्रटांडी निवासी भाजपा पार्टी के पूर्व बूथ अध्यक्ष प्रीतम पाणिग्रही के पिताजी के देहांत के उपरांत भाजपा नेता गणेश महाली ने दोनों ही शोक संपत परिवारों से मिलकर ढांढस बंधाया और आर्थिक सहयोग भी किया है. इस मौके पर भाजपा सरायकेला नगर अध्यक्ष बद्री दरोगा, जिला उपाध्यक्ष राजा सिंहदेव, जिला कोषाध्यक्ष मनोज चौधरी मौजूद थे.

'मजदूरों की स्थिति ठीक नहीं'

संवाददाता । आदित्यपुर

आदित्यपुर मजदूर यूनियन की रविवार को विशाल रैली सह आम सभा सम्पन्न हुई. आमसभा में मजदूरों की समस्याओं पर मजदूर यूनियन के लोगों ने चर्चा की. आम सभा को संबोधित करते हुए यूनियन के संरक्षक और पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने कहा कि 10 साल से ज्यादा समय हो गए इस क्षेत्र से ट्रेड यूनियन समाप्त हो गया है. कुछ जगह ट्रेड यूनियन है तो वह प्रबंधन का यस मैन बना है. मजदूरों की स्थिति बदतर हो चुकी है. वे पंगु हो चुके हैं. कई कारखाने इसी वजह से बंद हो चुके हैं. अब बंद कंपनी के मजदूरों का सेटलमेंट नहीं हो रहा है. हम मजदूरों को जगाने आये हैं, जिस दिन मजदूर जागेंगे उस दिन महल के एक एक ईंट तक उठाकर ले जाएंगे.

न्यूनतम मजदूरी से कम पर काम कर रहे हैं

अरविंद सिंह ने कहा कि आज उद्यमी खुद को सुरक्षित कर लिए हैं .लेकिन मजदूरों को कोई सुरक्षा देने वाला नहीं है. बडी कंपनी जेएमटी बिक गई. मजदूरों का क्या हुआ? कोई देखने वाला नहीं. अमलगम स्टील, आधुनिक पावर और नीलाचल जैसी कंपनियां क्षेत्र के लोगों को प्रदूषण की आग में झोंक रही है. यह स्थिति देश, समाज और राज्य के लिए भयावह है. जमशेदपुर के 20 लाख से ज्यादा लोग न्यूनतम मजदूरी से कम पर काम कर रहे हैं. 21वीं सदी का यह समाज कोढ़ बने हुए हैं.

गिरिडीह संगठनात्मक मुद्दों पर भाकपा माले ने की बैठक

झूठे साबित हुए मरांडी के वादे : राजकुमार

संवाददाता। गावां (गिरिडीह)

गावां प्रखंड स्थित सेरुआ मिस्त्री टोला में रविवार को माले की एक बैठक आयोजित की गई. बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित थे. बैठक में संगठनात्मक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई. मौके पर विचार व्यक्त करते हुए राजकुमार यादव ने कहा कि बाबूलाल मरांडी चुनाव लड़ने से पहले जितने भी वादे किए थे सब झूठ साबित हुए हैं. जनता अपने आप को ठगा महसूस कर रही है.

गदर पावर ग्रिड का अब तक एनओसी भी नहीं मिल पाई है. जिससे क्षेत्र में बिजली व्यवस्था भी चोपट हो गई है. मैने पांच वर्षों के कार्यकाल में क्षेत्र में जो विकास का कार्य किए है, आज उसकी मरम्मत भी नहीं हो पा रही है.

जो भी मामले आए माले ने सख्ती से निपटाए

पूर्व विधायक ने कहा कि गरीबों, दलितों, अल्पसंख्यकों पर जिस प्रकार के भी मामले आए माले ने सख्ती से निपटने का कार्य किया. क्षेत्र में बिजली, सड़क समेत सभी विभागों में काफी काम किये गए. सभी गरीब परिवारों को राशन कार्ड, पेंशन इत्यादि मुहैया कराई गई. जनकल्याणकारी योजनाओं पर भी काम हुए. आने वाले समय में एक सशक्त संगठन का निर्माण कर माले को मजबूत करना है. कार्यक्रम को नागेश्वर यादव, सकलदेव यादव एवं मुन्ना राणा आदि ने संबोधित किया. मौके पर अर्जुन राणा, मुकेश कुमार, देव मिस्त्री, उमेश शर्मा, कासिनाथ शर्मा, रंजीत शर्मा, मंटू रविदास, संदीप मिस्त्री, गौरी मिस्त्री, अशोक शर्मा, राजू दास समेत कई लोग अन्य दल छोड़ भाकपा माले में शामिल हुए.

सशक्तीकरण अभियान की कांगेस ने की समीक्षा

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठक पुराना विधानसभागार सम्पन्न हुई. इस बैठक की अध्यक्षता झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राज ठाकुर ने की. बैठक में मंत्री आलमगीर आलम, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, जलेश्वर महतो शमिल हुए. संगठन सशक्तीकरण अभियान के तहत पंचायत एवं बूथ स्तर तक संगठन की समयबद्ध कार्य प्रगति रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया गया. बैठक को संबोधित करते हुए आलमगीर आलम ने कहा हमारी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के मान सम्मान में कभी कमी नहीं की जाएगी, इसका सदैव ख्याल रखा जाएगा. इस बात का एहसास मुझे खुद है क्योंकि हम भी एक छोटे से जिले से उठ कर यहां तक आए हैं.

ब्रीफ खबरें

गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करें : एसपी

गोड्डा। गंभीर मामले में अपराधियों को सजा हो सके इसके लिए आवश्यक है कि न्यायालय में समय पर गवाहों का परीक्षण हो सके. पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा अपने प्रकोष्ठ में जिले के लोक अभियोजक सहायक लोक अभियोजक एवं जिला के पुलिस पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित विशेष अनुसंधान एवं अभियोजन इकाई की बैठक में यह निर्देश दे रहे थे. एसपी मीणा ने समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं थानेदार एपीपी से संपर्क में रहें और न्यायालय में चल रहे केस से संबंधित जानकारी लेते रहें. कोई समस्या आती है तो उसे अपने स्तर से समाधान कर इसकी सूचना प्रदान करें. केस के अनुसंधान के क्रम में आईओ कांड के तह तक जाकर गहराई से जांच करें.

कार्यकर्ताओं ने किया खीरू महतो का स्वागत

पुटकी। धनबाद जिला जनता दल (यू) के जिला अध्यक्ष पिन्टू कुमार सिंह के नेतृत्व में जनता दल (यू) के राज्यसभा सांसद सह झारखंड प्रदेश जदयू के अध्यक्ष खीरू महतो का धनबाद आने के क्रम में पुटकी चौक में फूल माला पहना सह ढोल - नगाड़े के साथ जोरदार ढंग स्वागत से किया. कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने कहा कि धनबाद जिला में जदयू का संगठन काफी मजबूत है. स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से पार्टी के जिला अध्यक्ष पिन्टू कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव दीप नारायण सिंह, पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप यादव, धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दूबे, जिला महासचिव कामेश्वर यादव, युवा जिला अध्यक्ष रूपेश पासवान, आदि शामिल थे.

निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा को लेकर दौरा

साहिबगंज। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के कारगिल दियारा में वीआईपी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी मोतीलाल सरकार के नेतृत्व में निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा को सफल बनाने को लेकर दौरा किया गया. जहां इस दौरान क्षेत्र के दर्जनों लोगों को वीआईपी पार्टी में जोड़ते हुए सदस्य बनाया गया. उधर इसको लेकर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी मोतीलाल सरकार ने कहा कि 5 दिसंबर को निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा के तहत राजमहल के अंतरराजकीय बस अड्डा मैदान में वीआईपी सुप्रीमो एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री मुकेश साहनी सुबह 11 बजे हेलीकॉप्टर से पहुंचेंगे एवं जनसभा को संबोधित करेंगे.

पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने किया गांवों का दौरा

लातेहार। पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने लातेहार विधानसभा के कई पंचायतों का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना. ग्रामीणों ने कहा कि पहले के सांसदों ने चतरा संसदीय क्षेत्र का विकास नहीं किया. आज भी गांवों में मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है. इस पर केएन त्रिपाठी ने कहा कि वे क्षेत्र की समस्याओ के लिए हमेशा मुखर रहे हैं और आगे भी रहेंगे. ग्रामीणों ने फोरलेन सड़क में रैयतों को कम मुआवजा देने की शिकायत की. मौके पर लातेहार विधानसभा के कांग्रेस नेता नेता साजन कुमार, अनिल उरांव, परमानंद कुशवाहा, सुरेंद्र उरांव व शंभू यादव सहित कई कांग्रेस नेता शामिल थे.

ललपनिया में प्रस्तावित लुगु पहाड़ पंप स्टोरेज योजना का किया विरोध, बनाई रणनीति

आक्रोश रैली और महाजुटान कर डीवीसी को चेताया

संवाददाता। बेरमो

लुगुबुरु घंटा बाड़ी धोरोम गाढ़ ललपनिया द्वारा बोकारो जिला अंतर्गत ललपनिया में लुगु पहाड़ स्थित डीवीसी, के प्रस्तावित हाइडल प्रोजेक्ट के विरोध में रविवार को आक्रोश रैली निकाली गई. इसके बाद महजुटान कार्यक्रम हुआ. महजुटान कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष बबुली सोरेन ने किया. संचालन सुरेंद्र टुडू ने किया. सभा को आदिवासी स्वशासन व्यवस्था के प्रवक्ता दुर्गाचरण मुर्मू, झामुमो के जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी, समिति के सदस्य लोबिन मुर्मू, विष्णु किस्कू, जितेंद्र हेम्ब्रम, एतो बास्के, जयवीर हांसदा, जिप सदस्य सुनीता टुडू, पंचानन सोरेन ने संबोधित किया. उन्होंने कहा कि डीवीसी का हाईडल पंप स्टोरेज पावर प्लांट लुगु पहाड़ पर नहीं बनने दिया जाएगा. अगर प्रशासन जबरन प्लांट लगाएगा तो आदिवासी समाज एकजुट होकर आंदोलन का रास्ता अख्तियार करेगा.

लुगू पहाड़ में स्थित लुगू बाबा गुफा जो संथालियों का एक आस्था व विश्वास का केंद्र है, उसे मिटने नहीं दिया जायेगा. लुगू पहाड़ यहां के लोगों की प्राकृतिक धरोहर है. लुगू बाबा धाम के आसपास के क्षेत्रों को छेड़छाड़ किया तो इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा.

आदिवासियों के भाषा, संस्कृति, परंपरा, धार्मिक और सामाजिक परंपरा की जड़ें लुगू पहाड़ व लुगूबुरु घंटाबाडी धोरोमगाढ़ से जुड़ी है. इसलिए इस धार्मिक स्थल को किसी को नष्ट नहीं करने दिया जाएगा. इस धरोहर को बचाने के लिए झारखंड, बिहार ही नहीं बल्कि विश्व के सभी आदिवासी एकजुट हैं और संघर्ष के लिए तैयार हैं.

मौके पर समिति के मिथिलेश किस्कू, सतीश चंद्र मुर्मू, जयराम हांसदा, मुखिया, बबलू हेम्ब्रम, रामबृक्ष मुर्मू, दशरथ मार्डी, अशोक मुर्मू, श्याम देव सोरेन, दिनेश कुमार मुर्मू, सहित अन्य सदस्य शामिल थे

बोले वक्ता

- पूरा आदिवासी समाज करेगा आंदोलन का रास्ता अख्तियार
- लुगू पहाड़ प्राकृतिक धरोहर, इसे मिटने नहीं दिया जायेगा

आओ जानें

भारत के प्रमुख वित्तीय संस्थाएं और स्थापना वर्ष

संस्था का नाम	स्थापना वर्ष
इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया	1921
भारतीय रिजर्व बैंक	अप्रैल 1, 1935
भारतीय औद्योगिक वित्त निगम	1 जुलाई, 1948
भारतीय स्टेट बैंक	जुलाई 1, 1955
आईसीआईसीआई बैंक	1955
भारतीय जीवन बीमा निगम	सितम्बर 1956
निर्यात क्रेडिट गारंटी निगम	जुलाई, 30 1957
भारतीय औद्योगिक विकास बैंक	जुलाई,1964
सामान्य बीमा निगम	नवम्बर,1972
क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	अक्टूबर 2, 1975
आवास विकास और वित्त निगम लिमिटेड	1977

आजसू के सम्मेलन में 273 गांव की चूल्हा प्रमुख सदस्य रहीं उपस्थित

हेमंत सरकार जनमुद्दों से भटक गई : देवशरण भगत

संवाददाता। चाकुलिया

चाकुलिया प्रखंड की भातकुंडा पंचायत के कासियाबेड़ा गांव में रविवार को आजसू का चूल्हा प्रमुख सम्मेलन आयोजित हुआ. सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि आजसू के केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत और विशिष्ट अतिथि कोल्हान प्रभारी प्रो रविशंकर मोर्या उपस्थित थे. बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत ने कहा कि सम्मेलन में उपस्थित मातृ शक्ति की संख्या बताती है कि नारी शक्ति संगठन के साथ है. उन्होंने कहा कि सम्मेलन में प्रखंड के 273 गांव की चूल्हा प्रमुख सदस्य उपस्थित हैं. प्रदेश में आजसू ही एक मात्र पार्टी है, जो चूल्हा प्रमुख का गठन कर महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें सम्मान दिला रही है. महिलाएं परिवार चला सकती हैं तो राज्य को भी चला सकती हैं. उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के कार्यकाल में प्रदेश के लोग बेहाल हैं. युवा रोजगार के लिए पलायन कर रहे हैं और राज्य की खनिज संपदा की लूट मची है. हेमंत सरकार अपने मुद्दे से भटक कर मुद्रा तक सिमट कर रह गई है. महिलाएं संगठित होकर आने वाले विस चुनाव में अपना बहुमूल्य वोट देकर पार्टी को सत्ता में लाएं.

हेमंत सरकार के कार्यकाल में लोग बेहाल : भूषण

मौके पर बहरागोड़ा विस प्रभारी फनी भूषण महतो ने कहा कि चूल्हा प्रमुख गठन करने का मुख्य उद्देश्य नारी शक्ति को मान सम्मान और अधिकार दिलाना है. इसी उद्देश्य से पार्टी के सुप्रिमो सुदेश महतो के निर्देश पर चूल्हा प्रमुख गठन किया गया है. आजसू के आंदोलन से अलग झारखंड राज्य मिला. परंतु आंदोलनकारियों के सपनों का झारखंड आजतक नहीं बना. अलग राज्य के सपनों के झारखंड निर्माण के लिए एक और आंदोलन की जरूरत है. उन्होंने कहा कि आजसू सत्ता में आई तो क्षेत्र के लोगों को उनका हक और अधिकार मिलेगा. हेमंत सरकार के कार्यकाल में लोग बेहाल हैं. सम्मेलन को कोल्हान प्रभारी प्रो रविशंकर मोर्या, चन्द्र गुप्त सिंह, सपन सिंहदेव, अशोक बारिक समेत अन्य ने भी संबोधित किया. सम्मेलन में कार्यकर्ताओं ने अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया. सम्मेलन के अंत में प्रखंड के विभिन्न गांवों से पहुंचे ग्राम प्रधानों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया. मौके पर भवतारण महतो, सचिन महतो, नीलेश महतो, विद्युत महतो, पुर्णेन्दु महतो, दीपक मदिना, नवीन कुमार, नीरज सिंह, अंबिका महतो, मुकेश महतो, कविता महतो, जया महतो, सुनीता महतो, रेखा महतो समेत सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थीं.

कॉलेज के पास से हटाया अतिक्रमण

संवाददाता। जमशेदपुर

अतिक्रमण हटाती टीम.

बिष्टुपुर थाना अंतर्गत कोऑपरेटिव कॉलेज के पास रविवार को जिला प्रशासन और टाटा स्टील की ओर से संयुक्त अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया गया. इस दौरान कॉलेज के पास अवैध तरीके से लगने वाले दुकानों को हटाया गया. मौके से कुल 10 से 12 दुकानों को हटाया गया. बता दे कि कॉलेज के पास बीते कई दिनों से अस्थाई दुकान बनाया गया था. कई बार इसकी सूचना जिला प्रशासन को दी गई थी. जानकारी मिलते ही अभियान चलाते हुए इन दुकानों को हटाकर क्षेत्र अतिक्रमण मुक्त कराया गया. हालांकि इस अभियान के दौरान किसी तरह का कोई भी विरोध का सामना टीम को नहीं करना पड़ा.

कोल्हान सेल्स एंड मार्केटिंग एसोसिएशन की बैठक संपन्न

जमशेदपुर। जुबली पार्क में रविवार को कोल्हान सेल्स एंड मार्केटिंग एसोसिएशन की एक अहम बैठक हुई. इस बैठक की अध्यक्षता हेमंत पाठक ने की जबकि धन्यवाद ज्ञापन धनंजय मिश्रा द्वारा किया गया. इस बैठक में जितने भी विभिन्न कंपनी के सेल्स में कार्य कर रहे व्यक्ति की हर समस्या का समाधान करने पर निर्णय लिया गया. हेमंत पाठक ने बताया कि एसोसिएशन का मकसद यह है कि किसी भी मार्केटिंग पर्सन के साथ किसी प्रकार का शोषण न हो. उन्होंने बताया कि आने वाले दिन में इस एसोसिएशन को वैधानिक रूप से पंजीकृत किया जाएगा और पूरे कोल्हान स्तरीय समस्या का समाधान करवाया जायेगा. अगले महीने होने बाली बैठक में कोल्हान स्तरीय कमेटी का निर्माण किया जाएगा और कार्यकारिणी का चयन किया जाएगा.

पोंडा में स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का हुआ शिलान्यास

संवाददाता। कसमार

पीएम एबीएचआईएम योजना के तहत कसमार प्रखंड के पोंडा पंचायत में स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास रविवार को गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो एवं जिप सदस्य अमरदीप महाराज ने शिलान्यास किया. इस अवसर पर सांसद ने बताया कि कसमार प्रखंड में स्वास्थ्य सुविधाओं के बेहतर संचालन के लिए पोंडा समेत अन्य कई पंचायतों में स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का निर्माण किया जा रहा है.

गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने बताया कि पहले जिन पंचायतों में स्वास्थ्य उपकेंद्र का भवन जर्जर हो गया था, उन पंचायतों में नए भवन का निर्माण किया जा रहा है. इस दौरान पोंडा के ग्रामीणों ने गाजे-बाजे एवं फूल मालाओं के साथ स्वागत किया. मौके पर स्थानीय मुखिया हारू रजवार, पंसस रवि कुमार, रामसाय हांसदा, दांतू मुखिया चंद्रशेखर नायक, रघुनाथ मांझी, देवकुमार हांसदा, दिनेश सिंह, अशोक मांझी, सुरेश हांसदा, सुरेश बास्के, बिनोद मांझी, देवदास मांझी, सोनाराम सोरेन, राजू महतो, कमल किशोर कपरदार, मनोहर नायक, अशोक नायक, पवन नायक, आशीष नायक, राजेश नायक समेत अन्य दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे.

खास बातें

- स्वास्थ्य सुविधाओं के बेहतर संचालन के लिए होगा निर्माण
- पंचायतों में नए भवन का किया जा रहा है निर्माण : विधायक

नुकीले पत्थर वाले रास्ते पर चलने को विवश हैं ग्रामीण

सड़क में निकाला नुकिले पत्थर.

संवाददाता। बहरागोड़ा

प्रखंड के गामारिया पंचायत अंतर्गत छोटा सिरसी से गामारिया-चित्रेश्वर मुख्य सड़क तक जोड़ने वाली सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे तथा निकले पत्थर निकल जाने से आवागमन करने वाले ग्रामीणों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है. आए दिन साइकिल तथा मोटरसाइकिल पंचर हो रहे हैं तथा लोग गिरकर घायल हो रहे हैं. वहीं इस सड़क की जज्जरता के कारण गर्भवती माता व स्कूली विद्यार्थियों को को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. सड़क की मरम्मत का काम नहीं होने से ग्रामीण जनप्रतिनिधि से लेकर विभागीय अधिकारी के ऊपर काफी नाराज है.

तालाबों में पूजन सामग्री नहीं डालने की अपील

धनबाद। नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने सभी नगर वासियों से तालाब को गंदा नहीं करने और घर का कचरा एवं पूजन सामग्री तालाब में नहीं डालने की अपील की है. उन्होंने कहा कि घर का जो भी कचरा है वह नगर निगम की डोर टू डोर घूमने वाली गाड़ी में ही डालें. नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारी को लेकर कहा कि उपायुक्त वरुण रंजन के निर्देशानुसार नगर निगम ने निगम क्षेत्र में छठ घाट चिन्हित कर वहां पर सफाई अभियान शुरू कर दिया है. दीपावली तक सभी तालाबों की सफाई पूरी करने का लक्ष्य रखा है. उन्होंने कहा कि छठ तालाब के साथ-साथ एप्रोच रोड की भी सफाई की जा रही है. दीपावली के बाद यदि तालाब गंदा होगा तो फिर से उसकी सफाई नगर निगम द्वारा की जाएगी. साथ ही कहा कि छठ पूजा के दो दिन पहले तालाबों में ब्लीचिंग पाउडर और फिटकरी डाली जाएगी. जिससे पानी शुद्ध हो जाएगा.

मांगों को पूरा करे कंपनी नहीं तो अनिश्चितकालीन धरना देंगे

प्रबंधन से वार्ता रही बेनतीजा : मुखिया

संवाददाता। तेतुलमारी

बीसीसीएल एरिया पांच के तेतुलमारी कोल डंप में कोयला उपलब्ध कराने व असंगठित मजदूरों के स्वजनों को तेतुलमारी में बीसीसीएल अधीन संचालित चेन्नई राधा आउटसोर्सिंग कंपनी में नियोजन देने सहित अन्य मांगों को लेकर रविवार को असंगठित मजदूरों ने तेतुलमारी कोल डंप के समीप पत्रकार वार्ता का आयोजन किया.

डंप के अध्यक्ष सह नगरीकला दक्षिण पंचायत के मुखिया अशोक ठाकुर ने कहा कि तेतुलमारी कोलियरी मे चेन्नई राधा नामक आउटसोर्सिंग कंपनी आने से पूर्व प्रबंधन से हमलोगों की वार्ता हुई थी. कहा गया था कि डंप में मजदूरों के लिए पर्याप्त मात्रा में कोयला उपलब्ध कराया जाएगा तथा उसके स्वजनों को कंपनी में नियोजन दिया जाएगा, इतना ही नहीं डंप में महिलाओं के लिए शौचालय बनवाने की भी बात हुई थी, लेकिन कंपनी प्रबंधन ऐसा नहीं करके, उसके विपरीत काम कर रहा है. आउटसोर्सिंग चालू हुए तीन माह होने को है लेकिन हमलोगों की मांगों पर विचार नहीं किया गया. उन्होंने कहा कि प्रबंधन से कई बार वार्ता की गई लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला. कहा कि प्रबंधन शीघ्र वार्ता नहीं करता है तो सोमवार को कोल डंप के समीप अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा. वार्ता में मनोज निषाद,भीम पासवान, फेकू मल्लाह, अजीत रवानी, सुरेश भुइयां, मैंना देवी, फूलमानी देवी शामिल थे.

खास बातें

- आउटसोर्सिंग चालू हुए तीन माह हुए, नहीं सुनी गई बात
- प्रबंधन कर रह है वार्ता में किए वादों के विपरीत काम

सर्वसम्मति से झारखंड ड्राइवर महासंघ के अध्यक्ष बने राजकुमार

नोवामुंडी। सेल गुवा फुटबॉल में झारखंड ड्राइवर महासंघ के चालकों ने रविवार शाम को बैठक कर गुवा पंचायत स्तरीय ड्राइवर अध्यक्ष का चयन किया गया. बैठक की अध्यक्षता झारखंड ड्राइवर महासंघ के प्रखंड अध्यक्ष मंगल पूर्ति की अध्यक्षता में की गई. यह चयन प्रक्रिया उपस्थित चालकों की सर्वसम्मति से की गई. जिसमें राजकुमार बोसा अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष किशोर दास, सचिव धीरू साहू और गुवा पंचायत एडविन सियानन गोप को बनाया गया. साथ ही बैठक के दौरान चालकों से संबंधित विभिन्न समस्याओं का विचार विमर्श भी किया गया. झारखंड ड्राइवर महासंघ से चालकों को जोड़ने पर बल दिया गया. साथ ही बैठक के माध्यम से आह्वान किया गया कि आगामी 15 नवंबर को बिरसा जयंती पर जमशेदपुर में जिला स्तरीय बैठक कर विभिन्न पंचायत से विशाल रैली निकालने का निर्णय लिया गया.

शिविर मोतियाबिंद पीड़ित 33 रोगियों का पूर्णिमा नेत्रालय में आयुष्मान भारत के तहत होगा निःशुल्क ऑपरेशन

11 डॉक्टरों ने 413 लोगों की स्वास्थ्य जांच की, दी चिकित्सीय सलाह

संवाददाता। बहरागोड़ा

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी के प्रयास से रविवार को बहरागोड़ा प्रखंड के साकरा गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ .जिसमें जमशेदपुर, झारग्राम तथा आसपास के क्षेत्र से आए हुए 11 अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा 413 मरीजों का स्वास्थ्य जांच कर उन्हें चिकित्सीय सलाह प्रदान की गई .साथ ही डॉक्टरों के परामर्श पर मरीजों को निःशुल्क दवाईयां भी वितरण किया गया .भारत सरकार के प्रमुख उद्यम राइट्स लिमिटेड के सहयोग से प्रमुख स्वयं सेवी संस्था सिटिजन्स फाउंडेशन के द्वारा इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था. स्वास्थ्य शिविर में रक्त जांच से लेकर रक्तचाप जांच की निःशुल्क व्यवस्था थी .

वहीं पूर्णिमा नेत्रालय के नेत्र चिकित्सकों ने नेत्र रोगियों का नेत्र जांच की तथा मोतियाबिंद से ग्रस्त 33 नेत्र रोगियों का पूर्णिमा नेत्रालय में आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क ऑपरेशन कराया जायेगा.

स्वास्थ्य शिविर में इन डॉक्टरों ने किया स्वास्थ्य जांच : डॉ. टीके महन्ती, डॉ. किरण सिंह, डॉ, नीरज मिश्रा, डॉ. विदेश गांगुली, डॉ. शिवम, डॉ. प्रशांत चालक, डॉ. बिथि मंडल, डॉ. प्रकाश कुमार राय, डॉ. शान्तनु महापात्रा, डॉ. दर्प मिश्रा तथा पूर्णिमा नेत्रालय के नेत्र चिकित्सकगण.

स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन हेतु इनका रहा प्रमुख योगदान : देवी प्रसाद दुबे, दीपक घोष, माधव पाल, निरंजन धावाड़िया राज महापात्र, शिबू सांतरा, परमाणु साहू, नंददुदा बेरा, कौशिक सेनापति, पार्थ सारथी झा, शुभोदीप राना, पल्लवी दास, सोनाली दास, सुष्मिता मुंडा, कल्याणी पात्र, लिसा माईती, सिउलि बेरा, सुब्रण् मुंडा आदि उपस्थित थे.

खास बातें

- सिटिजन्स फाउंडेशन के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन
- गरीबों की मदद करना ही है हमारा प्रयास : गोस्वामी

डॉ. गोस्वामी ने किया स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तथा राइट्स लिमिटेड के स्वतंत्र निदेशक डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा पुष्प अर्पित कर स्वास्थ्य शिविर का औपचारिक उद्घाटन किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोस्वामी ने कहा कि झारखंड के इस सीमावर्ती क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की अत्यंत कमी है. लोगों को इलाज के लिए पश्चिम बंगाल तथा ओड़िसा के अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ता है. गरीब लोग आर्थिक कठिनाइयों के कारण अपनी बीमारियों का इलाज नहीं करवा पाते हैं. उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर गरीबों की स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है. इस कार्यक्रम को वरिष्ठ समाजसेवी दुर्गापद मिश्र, देवाशीष दास, वरीय भाजपा नेता रंजीत बाला, ब्रजेश मिश्र, मुन्ना पाल, महिला नेत्री बिना पात्र, जिला पार्षद सुप्रिया सीट ने भी संबोधित किया.

विशेषज्ञ चिकित्सकों ने की 164 लोगों की स्वास्थ्य जांच

मरीजों की जांच करती चिकित्सक.

संवाददाता। चांडिल

चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के कुकड़ पंचायत भवन में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का लगाया गया. गुरुनानक हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर मानगो, जमशेदपुर के तत्वावधान में आयोजित शिविर में कुल 164 लोगों ने अपना इलाज कराया. चिकित्सा शिविर में कुकड़ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे. इस दौरान कई मरीजों का निःशुल्क शुगर जांच भी किया गया.

शिविर में गुरुनानक हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के जेनरल मेडिसिन, शिशु रोग, स्त्री रोग, जेनरल सर्जरी, किडनी रोग, ईएनटी रोग के विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा स्वास्थ्य जांच किया गया.

बकाया भुगतान को लेकर मजदूरों ने फूंका आंदोलन का बिगुल, गांधी आश्रम के समक्ष की सभा

किसी मजदूर को नहीं होने देंगे बेघर : जयप्रकाश सिंह

संवाददाता। मैथन

कुमारधुबी के नीलाम केएमसीईएल के मजदूरों ने बकाया को लेकर आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है. रविवार शाम कुमारधुबी बगान धौड़ा स्थित गांधी आश्रम के समक्ष मजदूरों ने सभा कर आंदोलन का बिगुल फूंका. सभा में मुख्य रूप से भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष सह चिरकुंडा नगर परिषद के उपाध्यक्ष जय प्रकाश सिंह उपस्थित थे. सिंह ने कहा कि पचास साल से अधिक समय से मजदूर के साथ अन्य लोग यहां निवास कर रहे हैं. जिन्हें बेघर करने की साजिश रची जा रही है, जबकि मजदूरों का अब तक बकाया भुगतान भी नहीं हुआ है. लोगों को बेघर नहीं होने दिया जायेगा. जरूरत पड़ी तो कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जायेगा. उन्हें पूरा भरोसा है कि जीत मजदूरों की होगी और हम कुमारधुबी के अस्तित्व को बचाने में जरूर कामयाब होंगे.

सभा को संबोधित करते चिरकुंडा नगर परिषद के उपाध्यक्ष जय प्रकाश सिंह.

खास बातें
- कुमारधुबी के अस्तित्व को खत्म होने नहीं देंगे : काम सिंह
- जरूरत पड़ी तो खटखटाया जाएगा कोर्ट का दरवाजा

लोगों को डराने की हो रही कोशिश : कामसिंह ने कहा कि जमीन का सर्वे कराकर दिवाली और छठ पर्व के समय मजदूरों व यहां के लोगों को डराने का काम किया जा रहा है. जबकि बगान धौड़ा निवासी जयंत दास की पीएम से की गयी शिकायत के आलोक में तत्कालीन सीओ अमृता कुमारी ने अपनी जांच रिपोर्ट में यहां की जमीन को गैर-आबाद बताया था. वहीं, सांसद पीएन सिंह ने सीएम हेमंत सोरेन को पत्र भेजकर यहां के लोगों के घर और रोजगार की सुरक्षा की मांग की थी.

सरकार के सचिव ने धनबाद डीसी से मंतव्य के साथ इसपर जवाब मांगा था लेकिन नौ माह बीत गये इसपर कोई पहल नहीं की गयी. अब यहां के लोगों के पास आंदोलन या कोर्ट का दरवाजा खटखटाने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है. इसके लिये सभा के दौरान कुमारधुबी बचाओ समिति का गठन कर लिया गया है.

मतदाता पुनरीक्षण के लिए विशेष कैंप का आयोजन

लातेहार। मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत रविवार को विशेष कैंप के दूसरे दिन बीएलओ के द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रपत्र संग्रह किया गया. शहरी क्षेत्र के पर्यवेक्षक अतुल कुमार ने बताया कि चंदनडीह, अंबा टीकर, राजहार और डुरुआ समेत सभी बूथों में मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत कार्य किया गया. इस कैंप को सफल बनाने वाले बीएलओ में रेखा देवी, बिमला देवी, सोनिया देवी, सविता देवी, सुनीता देवी, मनोरमा देवी, कुंती देवी, रीता देवी व अंजना देवी का महत्वपूर्ण योगदान रहा. अतुल कुमार ने बताया कि विभिन्न प्रकार के प्रपत्रों को संग्रह करने का कार्य बीएलओ ने किया. सोमवार से घर-घर जाकर भी सत्यापन का कार्य सभी बीएलओ द्वारा किया जाएगा.

आओ जानें

भारत के प्रमुख वित्तीय संस्थाएं और स्थापना वर्ष

भारतीय आयात निर्यात बैंक	जनवरी 1, 1982
भारतीय औद्योगिक पुनर्संगठन बैंक	मार्च 20,1985
औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड	1987
भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड	अप्रैल 12, 1988
नेशनल हाउसिंग बैंक	जुलाई, 1988
लघु औद्योगिक विकास बैंक	1990
भारतीय रिज़र्व बैंक नोट मुद्रण प्राइवेट लिमिटेड	1995
ग्रामीण बुनियादी ढांचा और विकास कोष	अप्रैल 1, 1995
इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फाइनेंस कंपनी	जनवरी 31, 1997
यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया	फरवरी 1, 2003
यूटीआई का विभाजन	2003

ब्रीफ खबरें

अवैध आरा मिल से लकड़ी व भूसी जब्त

तिसरी । ग्रामीणों द्वारा पलमरूआ में अवैध आरा मिल संचालन की सूचना पर रविवार को वन प्रमंडल पदाधिकारी के आदेश पर वन क्षेत्र पदाधिकारी अनिल कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी किया गया. इस दौरान पलमरूवा स्थित अवैध आरा मिल को जब्त किया गया एवं जमा किये गए अवैध लकड़ी, चिरान एवं भूसी को भी जब्त किया गया. इस छापेमारी दल में प्रभारी वन परिसर पदाधिकारी अमर विश्वकर्मा, पवन चौधरी ,वन उप परिसर पदाधिकारी पवन विश्वकर्मा, अशोक कुमार, राजेंद्र प्रसाद,पबिन्द्र,बमशंकर,हीरालाल, जिलाजीत इत्यादि मौजूद थे.

नगर थाने में संपन्न हुई शांति समिति की बैठक

साहिबगंज। रविवार शाम को काली इस बैठक की अध्यक्षता सदर प्रखंड पदाधिकारी सुबोध कुमार, व एसडीपीओ,राजेंद्र दुबे,नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया. वहीं नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि सभी समिति द्वारा पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगाना सुनिश्चित करें. पूजा पंडाल में अश्लील गाने पर पाबंदी रहेगी. उन्होंने दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की और अगर किसी प्रकार कोई व्यक्ति व्यवधान पैदा करता है तो इसका सूचना तुरंत नगर थाना पुलिस को दें. सभी पूजा समिति के सदस्यों को कहा कि आप कमेटी के सदस्यों के नाम लिखित में दें. उधर एसडीपीओ राजेंद्र दुबे ने कहा कि सभी पूजा कमेटी एक साथ और एक दिन ही विसर्जन सही समय पर करेंगे. बैठक में उपस्थित पूजा समिति के सदस्यों द्वारा प्रशासन से पंडालों में पुलिस बल तैनात करने की मांग की गई.

नंग-धड़ंग प्रदर्शन में शामिल होंगे स्वयंसेवक

जामताड़ा। स्थानीय गांधी मैदान में रविवार को पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मानिक चंद्र महतो ने की.इस दौरान स्वयंसेवकों ने निर्णय लिया कि 07 नवंबर को राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के द्वारा रांची स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्र कार्यालय के बाहर होने वाले नंग-धड़ंग प्रदर्शन में शामिल होंगे. उन्होंने कहा कि राजभवन के पास बीते 121 दिनों से संघ के कर्मी द्वारा अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर धरना पर बैठे हुए हैं. इसके बावजूद राज्य सरकार अनसुनी कर रही है.मौके पर उपाध्यक्ष मोहम्मद कमरुद्दीन अंसारी, दिलीप कुमार कोकिल कुंभकार सनाउल अंसारी शमीम अंसारी फरीद शेख नसीम अंसारी रामू यादव और अन्य पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक उपस्थित थे.

100 केवी ट्रांसफॉर्मर का हुआ उद्घाटन

डुमरी। माधगोपाली पंचायत के ग्राम घुटवाली में 100 केवीए की ट्रांसफार्मर का उद्घाटन जिप सदस्य सुनीता कुमारी ने फीता काट एवं नारियल फोड़कर रविवार को किया. जिप सदस्य ने कहा क्षेत्र कि समस्या हमारी समस्या है, उसका निदान करना हम सब का कर्तव्य है. इस गांव में 63 केवीए की ट्रांसफार्मर पर अधिक लोड होने के कारण कई बार ट्रांसफार्मर जल जाता था अब 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लग जाने से समस्या से निजात मिलने की आशा है. इस दौरान राजू महतो, मंजू देवी, पप्पू महतो आदि उपस्थित थे.

मौत की सूचना पर सैंकड़ो की संख्या में लोग क्लिनिक पहुंचे

इंजेक्शन देने से मौत,हंगामा

संवाददाता। गावां

थाना क्षेत्र के बादीडीह में संचालित शर्मा ड्रग्स हाउस में इलाज कराने आये एक मरीज को इंजेक्शन लगाए जाने के बाद तत्काल मौत हो गई. बताया जा रहा है कि रविवार कि दोपहर बादीडीह पंचायत के खिरोडीह निवासी 45 वर्षीय संजय यादव अपने 12 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार का इलाज करवाने बादीडीह स्थित शर्मा ड्रग्स हाउस नामक निजी क्लिनिक में गए थे. उनके बेटे के चेहरे पर फुंसी हो गई थी. पुत्र के इलाज के बाद संजय यादव ने भी चिकित्सक से कहा कि उनकी भी तबियत अच्छी नहीं लग रही है. इसके बाद क्लीनिक संचालक विजय कुमार शर्मा ने उसे एक इंजेक्शन लगा दिया. इंजेक्शन लगने के कुछ ही मिनट बाद संजय यादव की मौत हो गई. उक्त व्यक्ति के मौत के बाद क्लिनिक संचालक शव को छोड़कर फरार हो गया.

मौत की सूचना पर सैकड़ो की संख्या में लोग क्लिनिक के पास पहुंचे व जमकर हंगामा करने लगे. सूचना पर गावां थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची व उग्र लोगों को काफी समझा बुझाकर शांत करवाया व शव को अपने कब्जे में लिया. घटना की सूचना पर पूर्व विधायक राजकुमार यादव व नागेश्वर यादव घटना स्थल पर पहुंचे व आक्रोशित लोगों को शांत करवाया. कहा कि दोषी व लापरवाह चिकित्सक पर कार्रवाई के लिए वह वरीय अधिकारियों से बात करेंगे. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु गिरिडीह भेज दिया है. मौके पर मुखिया प्रतिनिधी कांग्रेस यादव, पंसस अशोक प्रसाद, सुरेश मण्डल, शिवशंकर कुमार, पवन कुमार, अखलेश यादव, सकलदेव यादव समेत कई ग्रामीण थे.

घटना के बाद क्लिनिक के बाहर जमा आक्रोशित लोगों की भीड़.

सीएचसी नारायणपुर में प्रसव के बाद महिला की मौत

जामताड़ा । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणपुर में रविवार को एक महिला की प्रसव के बाद मौत हो गई. महिला देवघर जिले के कोरों थाना क्षेत्र अंतर्गत धणियाडीह गांव निवासी रेखा देवी थीं. रेखा देवी के मायके नारायणपुर थाना क्षेत्र के चिहुटीया गांव में है. शनिवार को महिला अपने मायके चिहुटीया आई थी. जिसके बाद दर्द होने पर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणपुर लाया. जहां रात्रि में एक बच्ची को जन्म दी. वहीं, कुछ देर बाद महिला की तबीयत बिगड़ने लगी. ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने उन्हें इलाज कर बेहतर इलाज के लिए बाहर ले जाने की बात कही लेकिन दवाई देने के बाद स्थिति में थोड़ी सुधार देखी तो परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणपुर में ही रुक गए. इसके बाद सुबह तबीयत ज्होा खराब हो गई तो परिजन उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल जामताड़ा ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. परिजनों का कहना है कि डॉक्टर ने उन्हें सुबह रेफर किया, लेकिन शनिवार की रात 9 बजे ही इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था, पर वे ले न जा सके.

क्या कहते हैं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी : डॉ. एके सिंह ने बताया कि रात में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने उन्हें फोन कर बताया गया कि महिला में प्रसव के बाद पोस्ट पाटन अपोलकसिया बीमारी के लक्षण दिखाई दिए. उचित सुविधा नहीं रहने के कारण रात में ही हायर सेंटर रेफर किया, लेकिन परिजन उन्हें नहीं ले गए, सुबह मौत हो गयी.

कर्मचारियों के वेतन, संविदा भत्ता और छात्रों की छात्रवृत्ति मद के लिए मिली राशि

अस्पतालों के लिए 20.52 करोड़

संवाददाता। रांची

राज्य के आठ जिला अस्पताल, चार मेडिकल कॉलेज और एक प्रमंडलीय अस्पताल के कर्मचारियों के वेतन, संविदा भत्ता और छात्रों के लिए छात्रवृत्ति के मद में 20 करोड़ 52 लाख 44 हजार 339 रुपए का अतरिक्त आवंटन किया गया है. स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने इस बाबत सभी संबंधित मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के अधीक्षक और जिले के सिविल सर्जन को पत्राचार किया है. एसीएस ने निर्देश दिया है क्रय से संबंधित सभी कार्य वित्त विभाग के निर्देशों के अनुरूप व नियम का पालन करते हुए पारदर्शिता के साथ करें. साथ ही यह भी निर्देश दिया गया है कि झारखंड राज्य गठन (15.11.2020) से पूर्व वेतन मद की बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जाए.

जिला	राशि का आवंटन
एसएनएमएमसीएच,धनबाद	689300
पलामू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल	9950000
दुमका मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल	30500000
हजारीबाग मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल	39750000
सदर अस्पताल, देवघर	24600000
सदर अस्पताल, गढ़वा	3479628
सदर अस्पताल, गिरिडीह	7000000
सदर अस्पताल, गोड्डा	2022700
सदर अस्पताल, खूंटी	20400000
सदर अस्पताल, लोहरदगा	6000000
सदर अस्पताल, पलामू	30000000
सदर अस्पताल, रामगढ़	23590111
प्रमंडलीय अस्पताल, हजारीबाग	1058000

आज से बदले जाएंगे बिजली के तार व खंभे

जमशेदपुर। दीपावली को देखते हुए जुगसलाई सहित कई अन्य क्षेत्र में बिजली के पुराने व जर्जर तार एवं खंभों को बदलने का काम 6 नवंबर से शुरू किया जाएगा. जानकारी बिजली विभाग के जमशेदपुर प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता आनंद कौशिक ने दी. उन्होंने बताया कि इसके लिए संवेदकों को निर्देश दिया गया है कि दीपावली से पहले सभी कार्यों को पूरा कर लें, ताकि दीपावली में लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े. पुराने बिजली के नंगे तार के स्थान पर कवर वाला तार लगाने को कहा गया है. ताकि दुर्घटना की संभावना न रहे. आनंद कौशिक के अनुसार यह रूटीन वर्क है. सर्विस में कहीं कोई दिक्कत नहीं है.

बिजली विभाग व मिल मालिक पर कार्रवाई करेगा वन विभाग

संवाददाता। चाकुलिया

हाई वोल्टेज तार की चपेट में आकर जख्मी हुई दो हथिनी की मौत के मामले में वन विभाग बिजली विभाग और संबंधित चावल मिल मालिक के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी में जुटा है. विदित हो कि तीन नवंबर को गठित जांच टीम के सचिव सह प्रभारी वन क्षेत्र पदाधिकारी दिग्विजय सिंह और सदस्यों ने घटनास्थल की गहन जांच की. एक चावल के पीछे मिल प्रबंधन द्वारा बनाए गए तालाब की मेंढ़ पर स्थित घटनास्थल पर हाथियों के हाई वोल्टेज की तार की चपेट में आने के पर्याप्त सबूत मिले हैं. वहीं कई स्थानीय लोगों ने भी घटना की पुष्टि की. प्रभारी वन क्षेत्र पदाधिकारी दिग्विजय सिंह ने बताया कि जांच में यह बात स्पष्ट हो गई है कि मिल के पीछे निर्मित तालाब की मेंढ़ के ऊपर से हाई वोल्टेज बिजली के तार चावल मिल के ट्रांसफार्मर तक गए हैं. मेंढ़ पर तार की ऊंचाई लगभग साढ़े पांच फीट रह गई है. मिल मालिक द्वारा इस तालाब की घेराबंदी भी नहीं कराई गई है. यह मिल मालिक की लापरवाही है.

शिल्पकारों के लिए 25 दिनों की कौशल विकास कार्यशाला शुरू

कार्यक्रम का उद्घाटन करती बीडीओ व अन्य .

संवाददाता। जमशेदपुर

जिले के शिल्पकारों का कौशल विकास तथा उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सजग प्रयास किया जा रहे हैं. इसी क्रम में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर बोड़ाम प्रखंड के अंधारझोर के ग्रामीणों के लिए 25 दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत की गई. मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड एवं भारतीय लोक कल्याण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा. प्रशिक्षण के शुभारंभ पर जिला परिषद सदस्य गीतांजली महतो, बोड़ाम प्रखंड विकास पदाधिकारी नाजिया अफरोज, प्रखंड प्रमुख ललिता सिंह, जिला समन्वयक मंजु मिंज, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के प्रखंड समन्वयक दयाल बनर्जी के साथ अन्य मौजूद थे. प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य अनुसूचति जातियों के लाभुकों में पारंपरिक वाद्ययंत्र के कौशल का विकास कर क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाना, आय सृजन करना एवं समुदाय को स्वरोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है ताकि क्षेत्र से पलायन को रोका जा सके.

जिला परिषद सदस्य ने योजनाओं के चयन के लिए किया स्थल निरीक्षण

घाटशिला । जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू ने आसना पंचायत के विभिन्न गांव में योजनाओं के चयन को लेकर रविवार को स्थल निरीक्षण कर ग्रामीणों के साथ विचार- विमर्श किया. ग्रामीणों ने बताया कि पहाड़पुर, ढाकपाथर, जोजोगोड़ा तथा ढांगाकमल चौक को आपस मे जोड़ने वाली सड़क आजादी के 75 साल बाद भी नहीं बनी. जर्जर सड़क से ही ग्रामीण आवागमन करते है. वहीं छोटाधादिका में बरसात के समय गांव की सड़क नाली बन जाती है. जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू ने ग्रामीणों की समस्याओं को सूचीबद्ध किया. कहा कि जनहित में समस्याओं के निदान हेतु बहुत जल्द डीसी व डीडीसी से मिलेंगे. आसना पंचायत का क्षेत्रफल बहुत बड़ा है. स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जनहित की बहुत सारी योजनाओं को धरातल पर उतारा जाना है. इसके लिए स्थल का निरीक्षण किया गया है. उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि विकास कार्यों में निश्चित रूप से तेजी आयेगी.

नियोजन के सवाल पर हुए दो गुट आमने -सामने, टकराव की आशंका

विवादों में घिरी न्यू मधुबन वाशरी

संवाददाता। बाघमारा

बीसीसीएल ब्लॉक दो की महत्वकांक्षी परियोजनाओं में से एक न्यू मधुबन कोल वाशरी अपने नव निर्माण के पश्चात विगत दो वर्षों से बंद रहने के उपरांत चालू होने की चर्चा के साथ ही विवादों में घिर गया है. बताते हैं की इस न्यू मधुबन वाशरी में स्थानीय असंगठित मजदूरों को नियोजन दिए जाने के सवाल पर दो गुट आमने-सामने हो गए हैं. जिस कारण यहां दोनों गुटों में टकराव की आशंका बनी हुई है.

जानकारी के अनुसार न्यू मधुबन वाशरी के चालू होने की खुशी में खानुडीह पंचायत के मुखिया पति गोपाल महतो के आग्रह पर वाशरी प्रबंधन द्वारा स्थानीय पांच ग्रामीणों को सफाई कार्य के लिए नियुक्त किया. चार -पांच दिनों के उपरांत प्रबंधन द्वारा इन नियुक्त किये गए लोगों को काम से बाहर कर दिया गया. जिस कारण मुखिया पति गोपाल महतो के नेतृत्व में स्थानीय ग्रामीणों ने विगत दो दिनों से वाशरी का काम -काज ठप करा दिया. इनकी यह मांग है की हटाए गए मजदूरों की फिर बहाली की जाये. इधर न्यू मधुबन वाशरी के चालू होने की खबर पाकर दूसरे गुट के राजू शर्मा के नेतृत्व में स्थानीय ग्रामीणों ने वाशरी परिसर में नियोजन की मांग को लेकर प्रदर्शन किया.

बताते हैं की दोनों गुटों के इस तहरीर के कारण यहां तनाव की स्थिति बनी हुई है. अब देखना है कि दो वर्षों से बंद पड़ी न्यू मधुबन वाशरी अपने पीजी टेस्ट (परफॉर्मेंस गारंटी टेस्ट) के उपरांत चालू होती है या विवाद के चक्कर में बंद रहती है.

खास बातें
- निर्माण के पश्चात विगत दो वर्षों से बंद है वाशरी
- स्थानीय ग्रामीणों ने नियोजन के लिए किया प्रदर्शन

एसपी ने देर रात नगर थाने का किया निरीक्षण

साहिबगंज। एसपी नौशाद आलम ने देर रात नगर थाना का निरीक्षण किया. एसपी ने मालखाना सहित प्रभारी कक्ष, आगंतुक कक्ष, पदाधिकारियों के रहने व खाने-पीने की व्यवस्था, साफ-सफाई, परिसर, मुख्य द्वार, शौचालय, बिजली व लाइट की व्यवस्था को बारीकी से देखा. वहीं परिसर की सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था का भी अवलोकन किया. निरीक्षण के बाद एसपी नौशाद आलम ने नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता को सारी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया. वहीं पदाधिकारियों को ड्यूटी के प्रति ईमानदार व गंभीर रहने की सीख भी दी. नौशाद आलम ने बताया कि आम नागरिकों के लिए पुलिस लगातार बेहतर सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने का प्रयास कर रही है. उन्होंने शांति पूर्वक दुर्गा पूजा संपन्न कराने को लेकर पुलिस जवानों को पुरस्कृत किया और आगामी दीपाली व छठ पर्व को भी अच्छे से कराने के लिए अवश्यक निर्देश दिये.

सराहनीय पार्षद बोलीं- जेपी उद्यान को शराबियों व जुआरियों ने बना रखा है चारागाह

हर रविवार जेपी उद्यान की सफाई करती हैं नीतू शर्मा

संवाददाता । आदित्यपुर

जेपी आंदोलन से जुड़ी यादें और सुबह-शाम महिला, बुजुर्गों के लिए आदित्यपुर की शान जेपी उद्यान की गंदगी को हर रविवार सुबह पूर्व पार्षद नीतू शर्मा साफ करती हैं. इनका मानना है कि पार्क की स्वच्छता और सुंदरता इसे साफ रखने में है न कि गंदगी का अंबार रखने में. यह उनके वार्ड का अहम हिस्सा है. यहां हर दिन सैंकड़ों लोग स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए टहलने आते हैं.

वह कहती हैं जब वह पावर में थीं तो यहां नगर निगम के सफाई मजदूरों से नियमित सफाई करवाती थीं. अब नगर निगम ने इसे अपने हाल पर छोड़ दिया है. ऐसे में मैं श्रमदान कर इसकी हर रविवार को अभियान चलाकर सफाई करती हैं. उनके अभियान से कुछ लोग स्वयं जुड़कर सफाई करते हैं, जिससे पार्क सप्ताह में एक दिन साफ हो जाता है. कुछ लोग सात दिनों में पुनः इसे शराब पीकर, बोतलें फोड़कर गंदा कर देते हैं.

उन्होंने कहा कि दुख की बात है कि जेपी आंदोलन से जुड़ा यह जेपी उद्यान अब शराबियों और जुआरियों का अड्डा बन गया है. शराबियों और जुआरियों ने इसे चारागाह बना लिया है. इसलिए वे जिले के एसपी और नगर निगम के नव नियुक्त अपर आयुक्त से इस पर लगाम लगाने की मांग करती हैं.

सफाई अभियान चलाती पार्षद नीतू शर्मा.

खास बातें
- सैकड़ों लोग स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए टहलने आते हैं पार्क
- अभियान से जुड़कर कुछ लोग स्वयं करते हैं सफाई
- एसपी और अपर आयुक्त से की मुद्दे करने की मांग

स्पेशल ट्रेन के परिचालन से यात्रियों को मिलेगी सुविधा

संवाददाता। जमशेदपुर

आस्था के महापर्व छठ में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे ने गोमतीनगर-मालतीपाटपुर-गोमतीनगर साप्ताहिक विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है. इस ट्रेन के चलने से कोल्हान से बिहार और उत्तर प्रदेश आने-जाने वाले यात्रियों को काफी सहूलियत होगी. इसको लेकर रेलवे ने अधिसूचना जारी कर दी है.

अधिसूचना के मुताबिक गाड़ी संख्या 05068/05067 गोमतीनगर (लखनऊ)-मालतीपाटपुर (पुरी) छठ पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन फिलहाल चार ट्रिप किया जाएगा. यह ट्रेन गोमतीनगर से 9 नवंबर से 30 नवंबर तक प्रत्येक गुरुवार को और मालतीपाटपुर से 11 नवंबर से 2 दिसंबर तक प्रत्येक शनिवार को संचालित होगी. उक्त ट्रेन गोरखपुर, भटनी, मऊ, जौनपुर, वाराणसी, डीडीयू, सासाराम, डेहरी, गया, कोडरमा, पुरुलिया, चांडिल, कांड्रा, सीनी, राजखरसावां, चाईबासा, कटक, भुवनेश्वर के रास्ते चलेगी. गोमतीनगर-मालतीपाटपुर के बीच चलने वाली इस ट्रेन मे 22 कोच होंगे. जिनमें शयनयान-11, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के एक, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के चार, समान्य द्वितीय श्रेणी के चार और एसएलआर के दो कोच शामिल हैं.

हत्याकांड : हत्या के पीछे की वजह सामने नहीं आई है, पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है, गोली मारकर आसानी से फरार हो गए अपराधी

खलारी में सीसीएल के माइनिंग सरदार की गोली मारकर हत्या, क्षेत्र में सनसनी

संवाददाता। रांची

सीसीएल के माइनिंग सरदार की गोली मारकर हत्या कर दी गई. यह घटना खलारी थाना क्षेत्र के पिपरवार जीएम ऑफिस के पास हुई है. जहां अज्ञात अपराधियों ने माइनिंग सरदार रणविजय सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी. घटना की सूचना मिलने पर रविवार की सुबह मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेज दिया है. मौके से पुलिस ने गोली का खोखा भी बरामद किया है. हत्या अपराधियों ने की है या फिर उग्रवादियों ने पुलिस इसकी जांच कर रही है.

जानें क्या है मामला

जानकारी के मुताबिक खलारी-पिपरवार बॉर्डर के पास रणविजय सिंह नाम के व्यक्ति की रविवार को गोली मार कर हत्या कर दी गई है. छानबीन के क्रम में यह जानकारी मिली है कि रणविजय सिंह चतरा स्थित पिपरवार के सीसीएल कार्यालय में काम करते थे. रविवार को 50 वर्षीय रणविजय सिंह खलारी से पिपरवार की तरफ लौट रहे थे. उसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने पहले रणविजय को रोका और फिर गोली मार दी. गोली मारने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए. स्थानीय लोगों के द्वारा रणविजय को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच कर मृत घोषित कर दिया .रणविजय बिहार के औरंगाबाद के रहने वाले थे. जानकारी यह भी मिल रही है कि उनका औरंगाबाद में भी कुछ मामलों को लेकर विवाद चल रहा था. पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है.

रेलवे साइडिंग से सिक्योरिटी गार्ड का शव बरामद, लोगों ने जमकर किया हंगामा

पाकुड़। पश्चिम बंगाल पॉवर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड को आवंटित लोटामारा रेलवे साइडिंग से रविवार को निजी सिक्योरिटी गार्ड का शव बरामद हुआ है. पुलिस ने सुबीर कुमार पहाड़िया के शव को कोयले के ढेर से निकाल लिया है. आशंका जतायी जा रही है कि कोयला लोडिंग के दौरान लोडर की चपेट में आने से सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गयी. लेकिन मामले को दबाने की नीयत से शव को कोयले से ढंक दिया गया. हालांकि लोडर से गार्ड के मारे जाने की पुष्टि न तो कोल कंपनी और न ही पुलिस प्रशासन ने की है.

कोयला की ढुलाई ठप की

घटना के बाद सुबोर कुमार पहाड़िया (20 वर्षीय) के परिजनों और ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया और रेल मार्ग से कोयले की ढुलाई ठप कर दी. हंगामा की सूचना पाकर नगर थाना मालपहाड़ी ओपी की पुलिस सहित वरीय पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे. घटना को लेकर रेलवे साइडिंग की सुरक्षा में तैनात अन्य गार्ड्स के अलावा ग्रामीण और परिजनों में आक्रोश व्याप्त है. मृतक के परिजनों का कहना है कि कोल कंपनी के प्रतिनिधि जब तक नहीं पहुंचते हैं, तब तक लोडिंग बंद रहेगा.

ब्रीफ खबरें

एक हजार किलो जावा महुआ व शराब बरामद

आदित्यपुर। उत्पाद अधीक्षक सरायकेला के निर्देशानुसार उत्पाद दल, जिला सशस्त्र बल और खरसावां थाना के साथ रविवार की सुबह अवैध महुआ शराब चुलाई के विरुद्ध संयुक्त रूप से छापामारी की गई. इसमें खरसावां थानांतर्गत ग्राम कातीडिरी, रीडिंगदा और धातकीडीह में छापेमारी की गई. इस गांव में संचालित अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया गया. उत्पाद विभाग की छापामारी में तीनों गांव से करीब 1000 किलोग्राम जावा महुआ व 25 लीटर महुआ शराब बरामद की गयी है. छापेमारी के दौरान भट्टी संचालक फरार हो गए. उनके विरुद्ध उत्पाद विभाग ने प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.

पुलिस ने किया बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त

लोहरदगा। अवैध बालू ढुलाई के विरुद्ध संयुक्त कार्रवाई में बालू लोडेड एक ट्रैक्टर जब्त किया. खनन अधिनियम के तहत होगी कार्रवाई. लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र से अवैध बालू ढुलाई के विरुद्ध खनन विभाग एवं पुलिस प्रशासन द्वारा लगतार कार्रवाई के बावजूद भी बालू का उठाव जारी है. विदित हो कि बालू घाट की निविदा की घोषणा नहीं होने से विभाग को राजस्व का नुकसान के साथ खनिज संपदा की चोरी जारी है. जिसके विरुद्ध खनन विभाग एवं पुलिस प्रशासन द्वारा लगतार अवैध बालू ढुलाई पर अंकुश लगाने के दिशा में कार्य कर रही है. इसी के साथ शनिवार देर शाम छापामारी अभियान के दौरान जोगना मुडा पथ से अवैध बालू लोडेड एक ट्रैक्टर को खनन व पुलिस प्रशासन के संयुक्त कार्रवाई में जब्त कर थाना परिसर में रखा गया है.

पोस्ता को छोड़ नकदी फसल करने की अपील

कान्हाचट्टी। चतरा एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर राजपुर थाना प्रभारी भोला नाथ दास रविवार को बेंगो कला पंचायत के विभिन्न गांवों में पोस्ते की खेती को रोकने के लिए भूमि का सत्यापन किया.उन्होंने पंचायत के बेंगो कला व बेंगो खुर्द गांव में पुलिस जवानों के साथ भूमि का सत्यापन किया. इस दौरान उन्होंने पूर्व में जिन भूमि पर पोस्ता(अफीम) की खेती की गई थी उन भूमि पर आज पोस्ता की जगह टमाटर, चना, अरहर व आलू आदि की खेती ग्रामीणों द्वारा की गई है. जबकि खाली पड़े भूमि की सत्यापन करते हुए उन्होंने किसानों व ग्रामीणों से पोस्ता की खेती न कर अन्य नकदी फसलों की खेती करने की सलाह दी है. जो लोग इसके बावजूद भी जो लोग पोस्ते की खेती करते व कराते पाये जायेंगे तो उन्हें किसी भी किम्मत पर जेल की हवा खानी ही पड़ेगी.

दो साइबर अपराधियों को किया गया गिरफ्तार

गिरिडीह। जिले के डुमरी थाना क्षेत्र के कुलगो टॉल प्लाजा के समीप स्थित साइबर अपराधकर्मियों के द्वारा फोन पे के द्वारा सीएसपी एवं अन्य दुकानदारों के पास स्केन कर बैंक खातों में पैसा भेजा जा रहा था तथा उक्त पैसो को मेडिकल एवं अन्य समस्या बताकर पैसा को कैश में प्राप्त किया जा रहा था चूँकि यह पैसा साइबर ठगी से जुड़ा हुआ रहने के कारण उक्त दुकानदार व सीएसपी संचालकों का आईडी को ब्लॉक करते हुए पुनः पैसा को वापस कर लिया जाता था. इस तरह का अपराध करने वालों में से दो व्यक्ति पवन कुमार मंडल ग्राम अलगडीहा एवं राहुल कुमारग्राम अलगडीहा को गिरफ्तार किया गया है.

कोयला चोरों को पकड़ने के दौरान हुई घटना, रेलवे साइडिंग में पसरा मातम

ट्रेन की चपेट में आकर जवान की मौत

संवाददाता। जामताड़ा

जामताड़ा जिले के एसपी माइंस चितरा रेलवे साइडिंग में बीती रात कोयला चोर को पकड़ने दौरान ट्रेन की चपेट में आने से होमगार्ड जवान की मौत हो गयी. रविवार सुबह जामताड़ा सदर थाना की पुलिस ने जामताड़ा-चित्तरंजन रेलखंड पर साइडिंग के समीप डाउन रेलवे ट्रैक पर होमगार्ड जवान का शव बरामद किया. मृतक होमगार्ड जवान की पहचान बिंदापाथर थाना क्षेत्र अंतगर्त खुटाबांध निवासी उदित सिंह (50 वर्षीय)के रूप में हुई है. इस घटना से रेलवे साइडिंग में मातम का माहौल है.

चितरा रेलवे साइडिंग घटना के बाद जांच करते पुलिस अधिकारी और घटनास्थल पर रेलवे के कर्मचारी व स्थानीय लोग.

मुआवजा और नौकरी की मांग को लेकर जामताड़ा रेलवे साइडिंग का मुख्य गेट किया गया जाम

उदित सिंह के परिजनों ने मुआवजा व आश्रित को नौकरी देने की मांग को लेकर जामताड़ा रेलवे साइडिंग के मुख्य गेट को जाम कर दिया. साथ ही ईसीएल चितरा से जामताड़ा रेलवे साइडिंग तक कोयला ढुलाई करने वाले डंपरों को अनलोडिंग करने से रोक दिया गया. जिससे करीब डेढ़ घंटे तक साइडिंग का काम ठप रहा. वहीं सूचना मिलते ही एसडीपीओ आनंद ज्योति मिंज, ईसीएल सिक्योरिटी इंचार्ज रुपेश मिश्रा, होमगार्ड कमांडर मृत्युंजय मिश्रा, जामताड़ा थाना के एएसआई श्रीकांत यादव सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल पहुंच गये हैं.

ऑन डयूटी के दौरान किसी दुर्घटना में जवान की मौत होने पर मुआवजा का है प्रावधान

ईसीएल सिक्युरिटी इंचार्ज रुपेश मिश्रा ने बताया कि एमओयू के अनुसार ऑन डयूटी के दौरान किसी दुर्घटना में जवान की मौत होने पर ईसीएल व होमगार्ड विभाग से दो लाख मुआवजा का प्रावधान है. कहा कि जामताड़ा रेलवे साइडिंग में कोयला चोरी की रोकथाम व सुरक्षा के मद्देनजर 60 होमगार्ड जवानों की सेवा ली जा रही है. रात्रि में 12 होमगार्ड जवान ड्यूटी में मुस्तैद थे. लेकिन हादसे के दौरान मौजूद होमगार्ड जवानों से पूछताछ के बाद ही साइडिंग से रेलवे ट्रैक पर जाने की वजह का खुलासा हो सकेगा. कहा कि रेलवे ट्रैक पर सुरक्षा की जिम्मेवारी आरपीएफ की है, उस समय किस परिस्थिति में होमगार्ड जवान को रेलवे ट्रैक पर जाना पड़ा, इसकी जांच हो रही है.

आओ जानें

देशभर में अंडर ट्रायल कैदी

आंध्र प्रदेश	: 5001	मणिपुर	: 506
अरुणाचल प्रदेश	: 127	मेघालय	: 821
असम	: 6495	मिजोरम	: 609
बिहार	: 44187	नागालैंड	: 261
छत्तीसगढ़	: 11963	ओडिशा	: 15619
गोवा	: 419	पंजाब	: 15643
गुजरात	: 10195	राजस्थान	: 16930
हरियाणा	: 14951	सिक्किम	: 328
हिमाचल प्रदेश	: 1574	तमिलनाडु	: 8709
झारखंड	: 17103	तेलंगाना	: 3946
कर्नाटक	:10577	त्रिपुरा	: 472
केरल	: 3569	उत्तर प्रदेश	: 80557
मध्यप्रदेश	: 31712	पश्चिम बंगाल	: 20144
महाराष्ट्र	: 26171	उत्तराखंड	: 3906

प्रार्थना कर लौट रही नर्स से सोने की चेन की छिनतई

संवाददाता। साहिबगंज

जिरवाबाड़ी ओपी थाना क्षेत्र के सदर अस्पताल परिसर स्थित क्वाटर में रहने वाली एएनएम शेफाली सोरेन जो वर्तमान समय में बोरियों स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम के पद पर तैनात हैं. सुबह जब चर्च गई थी, तो चर्च में प्रार्थना करने के बाद वो टोटो में बैठ कर अपने क्वार्टर लौट रही थी. जहां क्वार्टर लौटने के दौरान बड़ी झरना के पास स्थित एफसीआई चावल गोदाम के पास बाइक में सवार दो युवकों ने दिनदहाड़े उनके गला से सोने का चेन छीन कर फरार हो गये. उधर छिनतई की शिकार हुई नर्स ने साहस दिखाते हुए कुछ देर तक बाईक सवार युवकों का पीछा भी किया, मगर उसे पकड़ नहीं पाई. अन्य स्टाफ की मदद से फिर नर्स ने उन दोनों बाइक सवार युवकों का पीछा किया, मगर पकड़ने में वो सफल नहीं हो पाई है.

पिकअप वैन पलटी, 15 लोग घायल, 6 गंभीर रिम्स रेफर

संवाददाता। कसमार (बोकारो)

कसमार थाना क्षेत्र स्थित मंजुरा में कब्रिस्तान के सामने मुख्य सड़क पर ग्रामीणों से भरी पिकअप वैन असंतुलित होकर पलट गयी. सभी जरीडीह प्रखंड के टोंडरा से डहरें सोहराई परब कार्यक्रम में शामिल होने बगोदर जा रहे थे,. इस हादसे में पिकअप वैन में सवार 15 लोग घायल हो गये. आनन-फानन में सभी को सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया. 15 में से छह की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है. सभी को प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया है.

विधायक की पहल से घायल मरीजों को रिम्स व मेडिका रेफर : घटना की सूचना मिलने के बाद गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो व स्थानीय जिप सदस्य अमरदीप महाराज कसमार सामुदायिक अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना. विधायक की पहल से गंभीर रूप से घायल मरीजों को रिम्स व मेडिका रेफर किया गया. देवेंद्र महतो के सिर में गंभीर चोट लगी है. उन्हें निजी वाहन से मेडिका रांची ले जाया गया. वहीं गणेश महतो का हाथ व नेहरू महतो का पैर टूट गया है. साथ ही लुटु महतो व कामेश्वर महतो के पैर व कमर और मंगर महतो के सिर में चोट लगी है. इसके अलावा अभिषेक महतो, गणपति महतो, रघुनाथ महतो, सुरेश कुमार महतो, परमेश्वर महतो, रथुराम महतो, कोलेबर महतो, सुरेश महतो, मनोज महतो को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया. इधर घटना की जानकारी मिलते ही कसमार सीएचसी में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी.

ज्वेलरी शोरूम से 20 लाख की चांदी की चोरी

रांची। राजधानी के लालपुर में चांदी के सिल्वर कॉलोनी ज्वेलर्स से 20 लाख रुपए के चांदी की चोरी की घटना हुई है. घटना शनिवार की देर रात हुई, हालांकि घटना की जानकारी रविवार को हुई. चोर अपने साथ लाखों के कीमती गहने और चांदी की मूर्ति ले गए. प्रतिष्ठान में धनतेरस और दीपावली को लेकर बड़ा कलेक्शन मंगवाया गया था. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

शटर काट कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया : चोरों के द्वारा शोरूम का शटर काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है. सिल्वर कॉलोनी के आसपास जेवर के बड़े शोरूम हैं. ऐसे स्थान पर चोरी की वारदात को अंजाम देकर चोरों ने सनसनी फैला दी है. प्रतिष्ठान को धनतेरस को लेकर आकर्षक रूप से सजाया गया था, लेकिन इसी बीच चोरों ने इस घटना को अंजाम दे दिया. कीमती चांदी के गहने और मूर्तियों की चोरी हुई है.

फिलहाल स्टॉक का मिलान किया जा रहा है. उसके बाद ही यह पता चल पाएगा कि कितने की चांदी गायब हुई है. अनुमान लगाया जा रहा है कि 20 लाख से ज्यादा की चांदी के गहने चोरों के द्वारा चोरी की गई है.

मंदिर की मूर्तियां तोड़ी, जमकर हंगामा

खास बातें

- आक्रोशितों ने की सड़क जाम, कार्रवाई की मांग
- पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति को संभाला

संवाददाता। बेरमो

ललपनिया थाना क्षेत्र के छरछरिया स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर की मूर्तियों को रविवार सुबह असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया. घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के सैकड़ों लोग जमा हो गये और सड़क जाम कर दी. सभी भगवान की मूर्तियां तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं. सड़क जाम की सूचना पर स्थानीय पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गयी व स्थिति को संभाला.

छरछरिया झरना में नहाने आये थे कुछ लोग : इस संबंध में गोमिया के पुलिस इंस्पेक्टर महेश सिंह ने बताया कि रविवार सुबह कुछ लोग छरछरिया झरना में नहाने आये थे.

इसके बाद उन्होंने वहां स्थापित भगवान की मूर्तियों को हथौड़ा से क्षतिग्रस्त कर दिया. मौजूद लोगों ने बताया कि कुछ लोग जमशेदपुर के नंबर वाले वाहन से यहां नहाने के लिए पहुंचे और मूर्ति को तोड़ दिया.

घटना के बाद आक्रोशितों ने की सड़क जाम.

छह घंटे सड़क जाम रही लोगों को हुई परेशानी

बेरमो। धार्मिक स्थल पर छेड़छाड़ कर दी. इसके विरोध में स्थानीय लोगों ने मुख्य सड़क जाम कर दिया. प्रशासन ने सूझबूझ के साथ मामले को नियंत्रित किया. 6 घंटे बाद सड़क जाम हटा. बता दें कि रविवार की सुबह करीब सात बजे कुछ लोग स्नान करने के लिए पहुंचे थे. इसके बाद छरछरिया के निकट चट्टान पर धार्मिक स्थल पर छेड़छाड़ किया. पुजारी राहुल तिवारी उन असामाजिक तत्वों को रोकने के लिए गए तो उसे जान से मारने के लिए बदमाशों ने तलवार निकाल लिया. तब तिवारी भाग कर दूसरी जगह छिप गए. इसके अलावा अन्य लोगों को भी उन्होंने सूचना दी. जानकारी मिलते ही ललपनिया पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक असामाजिक तत्व वहां से निकल चुके थे.

4 पेटी और शराब का कैप किया गया बरामद

धनबाद। धनबाद उत्पाद विभाग ने त्वरित करवाई करते हुए दारू के बोतल की दो पेटी और एक बोड़ा कैप बरामद किया. वही शहर के पोस इलाके में इसका धंधा फल फूल रहा था. निरीक्षक उत्पाद कुंदन कौशल ने बताया कि गुप्त पर कार्रवाई की गई. रणधीर वर्मा चौक के पास एक टेंपू में लादकर बाहर भेजने की तैयारी में था.

प्रदर्शन भंडारी के गादी में शुक्रवार को सीमेंट लदे ट्रैक्टर पलटने से चालक-उपचालक की हुई थी मौत

मुआवजे के लिए शव को दुकान में रखकर किया हंगामा

संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)

तिसरी प्रखंड स्थित भंडारी पंचायत के गादी में बीते शुक्रवार को सीमेंट लदे ट्रैक्टर पलटने से चालक और उपचालक की मौत हो गई थी. इसके बाद खूब हंगामा हुआ था. रविवार को मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने फिर हंगामा किया. परिजनों और ग्रामीणों ने संबंधित सीमेंट की दुकान में शव को रखकर हंगामा करने लगे. बाद में फिर स्थानीय लोगों के साथ बैठक में मामले को सुलझाया गया. सीमेंट दुकानदार से वार्तालाप में दोनों मृतकों के परिजनों को 75 -75 हजार रुपए देने की बात पर सहमति बनी, जिसके बाद परिजन शव को दाह-संस्कार के लिए लेकर गये.

बता दें कि उक्त घटना में पुरनाडीह निवासी सीताराम यादव और बूंदों यादव की मौत हो गई थीं. दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर 3 घंटों तक शव को रोके रखा था, मगर मुआवजा पर सहमति नहीं बन पाई. इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्डम के लिए गिरिडीह भेज दिया था. इधर पोस्टमार्टम के बाद शव आने के बाद रविवार को फिर मुआवजा की मांग को लेकर हंगामा किया गया. मौके पर उत्तरी भाग से जिला परिषद प्रतिनिधि किशुन यादव, दक्षिणी भाग से राम कुमार राउत, मंटू यादव, हरिहर शर्मा, विनोद यादव, भंडारी मुखिया पिंकेश सिंह, माले नेता जयनारायण यादव, मंटू शर्मा, माला सिन्हा, विजय यादव, अजय यादव, रंजू राम, अशोक यादव, राजेश यादव सहित कई लोग मौजूद थे.

खास बातें

- दुकानदार और स्थानीय लोगों ने समझौता कराया
- मुआवजा पर बनी सहमति, 75-75 हजार दिए जाएंगे

बीसीसीएल कर्मी युवती का शव संदेहास्पद अवस्था में मिला

संवाददाता। बाघमारा

बाघमारा थाना क्षेत्र अंतर्गत भीमकनाली स्थित बीसीसीएल आवासीय कालोनी में अंकिता रुंडा (22 वर्ष) का शव उसके आवास में संदेहास्पस्द अवस्था में पाया गया. घटना की जानकारी के संबंध में युवती की माता रोजलीन रुंडा ने बताया कि वे सिटी स्केन के लिए अपनी छोटी पुत्री के साथ धनबाद गई थी. उन्होंने बताया की धनबाद जाने से पूर्व उसकी पुत्री ने खाना खाने के बाद बाहर से दरवाजा लगा देने को कहा. घर में और कोई नहीं था. जब वे धनबाद से वापस आई तो पुत्री को आवास में बदहवाश अवस्था में पाया. इसके बाद आसपास के लोगो ने उसे उठाकर डुमरा क्षेत्रीय अस्पताल ले आये, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया.

राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

मेष बेकार की बहस से दूरी बनाए रखने की आवश्यकता है. घर में महिलाओं के स्वास्थ्य पर ध्यान दें. कार्यस्थल पर जो लोग आपको पसंद नहीं करते थे, वे आपके कार्यों की तारीफ करेंगे. कार्य पूर्ण करने के लिए किसी की मदद लेनी होगी.

वृषभ किसी कार्य में मन नहीं लगेगा. मानसिक तनाव होगा. बेहतर होगा कहीं घूमने चले जाएं. आपके अपनों को आपकी जरूरत है. मौज मस्ती पर खर्च होगा. पिता के व्यवहार में परिवर्तन से चिंतित रहेंगे. इतर का दान और प्रयोग करें.

मिथुन क्रोध से कार्य में बाधा उत्पन्न होने की संभावना है. धन का आगमन होगा. मानसिकता को बदलने की बेहद जरूरत है. उन्नति में बाधा आयेगी. कोई खुशखबरी सुन सकते हैं. यात्रा सुखद रहेगी. गणेश जी का ध्यान करें.

कर्क धर्म से लाभ होगा.कोई बड़ा कार्य करने के लिए समय अनुकूल है. किसी की सिफारिश से कार्य हो सकता है. संचित धन का निवेश लाभप्रद रहेगा. किसी के बहकावे में आने से रिश्ते कमजोर होंगे. संतान सुख की प्राप्ति संभव.

सिंह खर्च और जुबान दोनों पर नियंत्रण आवश्यक है. किसी विषय को समझने की जिज्ञासा रहेगी. अपने अधीनस्थों के किये कार्यों की सराहना करें, लाभ होगा. पिता से लाभ सम्भव है. शिवलिंग पर जलार्पण करें.

कन्या कुछ नया आयाम लेने का समय है. घर में सजावट हो सकती है. साथ ही आय भाव में चन्द्र है. कुछ नया सीखने को मिलेगा. जिंदगी से जुड़ी निजी बातें आज सामने आ सकती हैं. नौकरी में उत्साह की कमी रहेगी.

तुला किसी बड़े कार्य के होने से मन खुश रहेगा. साथ ही प्रतियोगिता में सफल होंगे. जीवनसाथी के साथ मतभेद संभव है. अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहें. मनचाहा जवाब न मिलने से निराश रहेंगे. माता दुर्गा को इत्र अर्पण करें.

वृश्चिक सत्कर्म करें. समय बहुत अनुकूल होगा. भाग्य साथ है, पर स्वयं अपने आपपर से नियंत्रण खो देंगे. मित्रों से मतभेद हो सकता है. कार्यस्थल पर धन लाभ के योग हैं. इष्ट बल मजबूत करें. हनुमान जी का पूजन ध्यान करें.

धनु किसी से बिना वजह का विवाद हो सकता है. जुबान पर नियंत्रण आवश्यक है. व्यापार में लाभ होगा. कुछ मानसिक तनाव भी होगा. जीवनसाथी का व्यवहार मनोबल बढ़ाएगा. कर्ज लेने की स्थिति निर्मित हो सकती है.

मकर व्यापार के लिए नया अनुबंध बन सकता है. साथ ही मांगलिक कार्यक्रमों की रूप रेखा बनेगी. राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे. पैसों का लेनदेन संभव. खान पान पर ध्यान दें. स्वास्थ बिगड़ सकता है.

कुंभ मौसमी बीमारियों से बचने की आवश्यकता है. विद्यार्थी परिणामों को लेकर चिंतित रहेंगे. मेहमानों का आगमन हो सकता है. जमीन जायदाद के मसले निपटेंगे. धन कमाने की चाह में कोई गलत फैसले न लें.

मीन शिक्षा में किसी से लाभ की संभावना है. शोध कार्य में निपुणता मिलेगी. साथ ही मन खुश होगा. पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे. मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा. बुरी संगत छोड़ दें, अन्यथा नुकसान होगा. गुरु मंत्र का जप करें.

गम्हरिया में रक्तदान शिविर का आयोजन

आदित्यपुर। गम्हरिया स्थित विद्यासागर भवन में रविवार को दुर्गा पॉल-ममता पॉल की स्मृति में कुम्भकार समिति का आठवां रक्तदान शिविर आयोजित हुआ. शिविर का उद्घाटन डॉ एसके दास ने किया. समिति ने 200 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य रखा गया था, जो संध्या पांच बजे तक चला. इस आयोजन में कुम्भकार समिति के अध्यक्ष मनोरंजन बेज, सचिव बंकिम चौधरी, जेएमएम नगर सचिव संजय दास, डॉ एसके दास, हरिकृष्ण पॉल, भैरव प्रमाणिक, अजय दास, जितेन दास, अमित पॉल, देवी प्रसाद पॉल, दीनेन्द्र राखाल दास, आजीत दास, आनंद दास, आदित्य बेज आदि शामिल रहे.

दो दिवसीय दीवाली ट्रेड फेयर आज से

जमशेदपुर। सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा दो दिवसीय 'दीपावली ट्रेड फेयर' का आयोजन चैंबर भवन में 6 एवं 7 नवंबर को किया जाएगा. इसकी तैयारी पूरी कर ली है. इस संबंध में चैंबर अध्यक्ष विजय आनंद मुनका ने बताया कि ऑनलाइन व्यापार को हतोसाहित करने एवं लोगों को बाजारों से जोड़ने के प्रयासों के तहत लगातार चैंबर द्वारा अभियान चलाया जा रहा है. इसी अभियान के क्रम में चैंबर द्वारा दीवाली ट्रेड फेयर का आयोजन किया जा रहा है. इस मेले का उद्देश्य महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय परंपरागत हस्तकारीगरों को प्रोत्साहित करना भी है. उन्होंने कहा कि मेले को लेकर लोगों में उत्साह है.

रंगारंग कार्यक्रम में झूमते रहे दर्शक

चंदवा। सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन समिति के बैनर तले शनिवार की शाम रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जेआर म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किये. कलाकारों ने ऐसा समा बांधा कि देर रात तक हजारों की संख्या में दर्शक झूमते रहे. रात्रि जागरण से शुरू हुआ कार्यक्रम में पुराने और नये गीतों की शानदार प्रस्तुति दी. इससे पूर्व अमित गुप्ता, महेंद्र साहू, राजेश सिंह ,अधिवक्ता मिथिलेश कुमार, प्रमोद साहू, मनोज सिंह, ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की.

अमेरिका के व्यवसायी 12 ज्योतिर्लिंग की यात्रा पर

रतन सिंह। जमशेदपुर

बारह ज्योतिर्लिंग की यात्रा पर निकले अमेरिका निवासी विजय राजवैद्य रविवार देर शाम जमशेदपुर पहुंचे. शहर पहुंचने पर टाटानगर स्टेशन पर उनका स्वागत किया गया. मई 2022 से इन्होंने पदयात्रा शुरू की है, जो अगले चार सालों में पूरी होने की संभावना है. अपनी यात्रा के संबंध में विजय राजवैद्य ने बताया कि उन्होंने उज्जैन के महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन से अपनी यात्रा की शुरुआत की. इसके बाद वे नर्मदा के तट पर स्थित ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग गए. वहां से सोमनाथ ज्योतिर्लिंग और उसके बाद द्वारका के पास स्थित नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए. वे अब तक चार ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर चुके हैं.

मंदिरों और मठ में करते हैं विश्राम

विजय राजवैद्य 15 दिनों तक लगातार पदयात्रा करते हैं. एक दिन में लगभग 40 किलोमीटर पैदल चलते हैं. इस दौरान जगह-जगह मंदिरों व मठ में रूक कर विश्राम करते है. लोगों द्वारा उपलब्ध कराया गया भोजन ग्रहण करते हैं. खास तौर पर रात 2 बजे अपनी पदयात्रा शुरू करते हैं, ताकि धूप से बचा जा सके. पेशे से व्यवसायी विजय राजवैद्य के अनुसार उन्हें जब भी अपने काम से समय मिलता है, वह भारत आते हैं और जहां पर उन्होंने यात्रा खत्म की होती है, फिर वहीं से वह यात्रा शुरू करते हैं. उनके अनुसार अगले तीन से चार सालों में यह यात्रा पूरी हो जाएगी. वैसे जमशेदपुर स्थित सीएच एरिया में विजय का ससुराल है.

शिक्षा के प्रति जागरूक करना है उद्देश्य

विजय राजवैद्य के अनुसार उनका भी उद्देश्य वही है जो शंकराचार्य का था. उन्होंने भारत को संगठित किया था. अब वह चाहते हैं कि पूरे विश्व भर के विश्वविद्यालय में भारतीय संस्कृति, भारतीय इतिहास और भारतीय दर्शन के विषय पर पाठ्यक्रम चालू किया जाए. इसके लिए जगह-जगह लोगों से मिलकर इस ओर पहल करने का आग्रह कर रहे है. अपनी यात्रा के दौरान ईच वन टीच वन का नारा देते हुए स्कूलों में जाकर शिक्षा के प्रति जागरूक करते है. साथ ही समाज के सेवानिवृत्ति बुद्धिजीवियों से मिलकर उन्हें समाज के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं.

आओ जानें

बेनीसागर शिव मंदिर

परिचय- झारखंड का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है बेनीसागर मंदिर, जिसे बेनुसागर मंदिर भी कहा जाता है.

स्थान- पश्चिमी सिंहभूम जिले के मझगांव प्रखंड में उड़ीसा के मयूरभंज जिले की सीमा पर बेनीसागर शिव मंदिर अवस्थित है. यह पश्चिमी सिंहभूम के जिला मुख्यालय चाईबासा के दक्षिण में लगभग 85 किमी और मझगांव से लगभग 17 किमी दूर है.

स्थिति- वेणुसागर वास्तव में एक बड़े तालाब का नाम है, जिसके किनारे-किनारे बहुत से मंदिर स्थापित किये गए हैं, जिनमें जैन, बौद्ध, शैव, शाक्त मूर्तियों को स्थापित किया गया है. उन्हीं में शिव मंदिर भी शामिल है. यह पुरातात्विक निष्कर्षों के लिए प्रसिद्ध है.

इतिहास - बेनीसागर का नाम बेनु राजा के नाम पर रखा गया है, जिन्होंने संभवत: उक्त तालाब के नाम पर गांव में स्थित बड़े तालाब की खुदाई की थी. तालाब की माप लगभग 300 मीटर गुणा 340 मीटर है. 1840 में इस स्थान का दौरा करने वाले कर्नल टिकेल ने सबसे पहले इसकी सूचना दी थी. इसके अलावा, 1875 ई. में, जेडी बेगलर ने उस स्थान का दौरा किया और कुछ विवरणों के साथ कुछ मूर्तियां देखीं, जिसके आधार पर उन्होंने इस स्थल की तिथि 7वीं शताब्दी बताई.

आयोजन : संत अन्ना पुत्रियों के धर्मसंघ ने मनायी हड़गड़ी की वर्षगांठ

पूर्वजों के मार्ग पर चलना ही जीवन का लक्ष्य : बिशप

संवाददाता। रांची

संत अन्ना की पुत्रियों का धर्मसंघ ने रविवार को माता बेरनादेत एवं उनके सहयोगी सिसिलिया, बेरोनिका व माता मेरी की हड़गड़ी की 28वीं वर्षगांठ मदर हाउस पुरुलिया रोड में हर्षोउल्लास के साथ मनायी गयी. सभी माताओं को सम्मान दिया गया तथा उनकी याद में विशेष प्रार्थना की गई. साथ ही माता बेरनादेत और उनके सहयोगियों को श्रद्धांजलि सुमन अर्पित किये गये. सहायक बिशप थिओदोर मस्करेन्हस की अगुवाई में पवित्र मिस्सा किया गया. सहायक विशप ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जो मिशन कार्य की शुरुआत की हैं. उसी के अनुसार जीवन जीना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए. इसीलिए न सिर्फ आदिवासियों में, बल्कि पूरी कलीसिया में संतों को और मृतकों को याद किया जाता है और उनके कदमों में चलने का प्रयास किया जाता है.

मौके पर बिशप थिओदोर मस्करेन्हस फादर एलेक्सिस एक्का, संत अन्ना की पुत्रियों का धर्मसंघ की मदर जेनरल सिस्टर लिली ग्रेस तोपनो,सिस्टर ललिता रोशनी लकड़ा, सिस्टर सुपरियर , सिस्टर जंसिता समेत सैकड़ो धर्म बहने शामिल थे.

विकास मेला का आयोजन

इस अवसर पर संत अन्ना की पुत्रियों के धर्मसंघ द्वारा विकास मेला का आयोजन किया गया .इसमे 12 स्टॉल लगाये गये थे. जहां झारखंडी व्यंजन के अलावा अन्य जड़ी बुटियों से बना सिरप भी मेले में मौजूद था.मेले में लोगों ने मड़ुवा रोटी तथा डुम्बु पीठा का स्वाद भी लिया .

ईश्वर ने फादर लीवन्स के माध्यम से यहां अनेक महान कार्य किए : टोप्पो

रांची। फादर कॉन्सटंट लीवन्स की 130 वीं पुण्यतिथि रांची के जेवियर कॉलेज ग्राउंड में मनाई गई. 130 वीं पुण्यतिथि कार्यक्रम की अध्यक्षता (अगुवाई) रांची धर्मप्रांत के आर्च बिशप फेलिक्स टोप्पो द्वारा सामूहिक रूप से ख्रीस्तयाग सम्पन्न किया गया. पुण्यतिथि के मौके पर छोटानागपुर के विभिन्न प्रांतों के सभी संस्थानों से लगभग 15000 से भी अधिक लोग शामिल हुए. समारोह में स्वागत नृत्य की प्रस्तुति निर्माला कॉलेज, कांके पल्ली कॉलेज, संत अन्ना स्कूल, संत जॉन्स स्कूल, संत अन्ना नोविशिएट की छात्र छात्राओं द्वारा किया गया. इस मौके पर आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने कहा कि ईश्वर ने फादर कॉन्सटंट लीवन्स के माध्यम से यहां लोगों के लिए अनेक महान कार्य किए हैं. उन्हीं के कार्य की वजह से सम्मानित जीवन जी रहे हैं. साथ ही हमारी दशा और दिशा पहले से बेहतर हो गई हैं. उन्होंने विश्वासियों से आग्रह करते हुए कहा कि हम सभी को ईश्वर के प्रति कृतज्ञ रहना और हमेशा ईश्वर को धन्यवाद देना चाहिए, क्योंकि सब कुछ ईश्वर का दिया वरदान है. साथ ही ईश्वर की अनंत शांति और प्रेम हमारे जीवन में बनी रहे. कार्यक्रम के पश्चात मनरेसा हाउस में फादर लीवन्स की म्यूजियम का उद्घाटन किया गया.

वर्षगांठ में खोला गया म्यूजियम

हड़गड़ी समारोह में धर्म बहनों के दर्शन के लिए म्यूजियम को एक दिन के लिए खोला गया, जिसमें पोप फ्रांसिस, पोप पियूस, पोप पीयूकस, पोप लीयो, मदर टेरेसा, मदर सुभाशीष, रेव्ह मदर सिला चंद्रा, रेव्ह मदर इथिलिना एक्का, रेव्ह मदर पुष्पा एक्का, मदर बिपिन होरो समेत सैकड़ों पोप, मदर और सिस्टर के जीवन के बारे में म्यूजियम के माध्यम से बच्चों को अवगत कराया गया.

परशुराम की मूर्ति स्थापना के लिए हुआ भूमि पूजन

सिंदरी। भगवान परशुराम की मूर्ति की स्थापना के लिए रविवार को रोहड़ाबांध स्थित दूबे अखाड़ा में भूमि पूजन किया गया. इस अवसर पर आचार्य कृष्ण कुमार पांडेय के मंत्रोच्चार के साथ मुख्य यजमान धनबाद से आए सोमनाथ त्रिपाठी और सिंदरी के सोमनाथ दुबे ने भूमि पूजन किया. भूमि पूजन में भगवान परशुराम की जय के गगनभेदी नारे लगे और लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया. इस मौके पर मौजूद लोगों ने संकल्प लिया कि यथाशीघ्र भगवान परशुराम की मूर्ति की स्थापना भव्य आयोजन के तहत की जाएगी. भूमि पूजन कार्यक्रम में ब्राह्मण महासभा के सोमनाथ त्रिपाठी, सत्यदेव पाठक, बलराम दूबे, हरिश्चंद्र दूबे, साधु शरण पाठक, महेन्द्र पांडेय, दामोदर दूबे, अजय कुमार, नरेन्द्र शुक्ला, योगेंद्र मिश्रा, मिथिलेश दूबे, पवन ओझा, तारा पाठक, अरबिंद पाठक, राकेश तिवारी, दिलीप मिश्रा, मनोज मिश्रा आदि उपस्थित थे.

चांडिल में श्री श्याम प्रभु का जन्मोत्सव 23 को

चांडिल। हारे का सहारा कहे जाने वाले श्याम बाबा का जन्मोत्सव चांडिल में हर साल कार्तिक शुक्ल पक्ष की देवउठनी एकादशी को मनाया जाता है. इस बार यह तिथि 23 नवंबर को है. श्री श्याम कला भवन चांडिल के तत्वावधान में आयोजित होने वाले 27वें श्री श्याम जन्मोत्सव को लेकर तैयारी जोर-शोर से चल रही है. चांडिल बाजार स्थित विवेकानंद केंद्र परिसर में होने वाले महोत्सव में दूर-दराज से भक्त पहुते हैं. श्री श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर 22 नवंबर को भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी. इस यात्रा को निकालने के लिए तैयारियां चल रही हैं. श्री श्याम जन्मोत्सव के दौरान जयपुर और प्रयागराज के कलाकार भजनों की अमृत वर्षा करेंगे.

सरना धोरोम बचाओ आंदोलन के लिए कार्यकर्ता ललपनिया रवाना

संवाददाता। जरीडीह (बोकारो)

जिले के ललपनिया स्थित आदिवासी संथाल समुदाय के धार्मिक धरोहर लुगु बुरू घंटाबाड़ी सरना धोरोम गाढ़ बचाओ आंदोलन महारैली कार्यक्रम में शामिल होने जरीडीह प्रखंड के कार्यकर्ता रविवार को रवाना हुए. आदिवासी संथाल जाहेर डेवलपमेंट सोसाइटी के बैनर तले अध्यक्ष रातुराम मरांडी की अगुवाई में कार्यकर्ता जैनामोड़ में जुटे. इस अवसर पर सोसाइटी के संस्थापक सह संरक्षक डॉ रतनलाल मांझी ने कहा कि केंद्र सरकार के इशारे पर डीवीसी ने लुगु बुरू घंटाबाड़ी सरना धोरोम गढ़ में 1500 मेगावाट का हाइडल पावर प्रोजेक्ट स्थापित करना प्रस्तावित है. केंद्र सरकार और डीवीसी की साजिश से आदिवासी के अस्तित्व को समाप्त करने का यह षड्यंत्र है. लुगुबुरू (पहाड़) आदिवासी संथाली समुदाय का ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध तीर्थ स्थल, प्राकृतिक सौंदर्य और वन संपदा से परिपूर्ण है. लुगु बुरू घंटाबाड़ी सरना धोरोम गढ़ विश्व स्तरीय सरना धार्मिक आस्था का प्रतीक है.

हर हाल में लुगु बुरु (पहाड़) को है बचाना

अपनी धर्म संस्कृति को अक्षुण्ण रखने के लिए किसी भी तरह का छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. आदिवासी समाज एकजूट होकर डीवीसी का ईंट से ईंट बजा देंगे. मौके पर सोसाइटी के अध्यक्ष रातुराम मरांडी, संस्थापक डॉ रतन मांझी, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष पंकज मरांडी, निलेश किस्कू, महेश मुर्मू, आदि कार्यकर्ता मौजूद थे.

श्री गुरुनानकदेवजी के प्रकाश पर्व की रूपरेखा तैयार की गई

संवाददाता। रांची

राजधानी में गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाने के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर ली गयी है. गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के तत्वावधान में रविवार को आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से रूपरेखा तैयार की गयी. मेन रोड रांची स्थित गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा सभागार में आयोजित उक्त बैठक में सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के अनुसार 11 से 23 नवंबर तक प्रभात फेरियां निकली जाएंगी. यह आयोजन पीपी कंपाउंड स्थित गुरुद्वारा साहिब, स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारा, कृष्णानगर कॉलोनी स्थित गुरु नानक सत्संग सभा एवं गुरुद्वारा पिस्का मोड़ की अगुआई में होगा.

निर्णय के अनुसार 25 नवंबर को गुरुद्वारा गुरुनानक सत्संग सभा की ओर से विशेष दीवान सजाया जायेगा. समापन के बाद गुरु ग्रन्थ साहिब जी की सवारी के साथ विराट नगर कीर्तन अपराह्न 3 बजे निकाला जायेगा, जिसका समापन रात्रि आठ बजे गुरुनानक स्कूल में होगा. 27 नवंबर को पावन प्रकाश पर्व गुरुनानक स्कूल में धूमधाम से मनाया जायेगा. मुख्य दीवान प्रातः 10 बजे से 3:00 बजे तक चलेग, जिसमें प्रसिद्ध रागी भाई अमरजीत सिंह तान तथा श्री दरबार साहिब अमृतसर के हजूरी रागी भाई ओंकार सिंह कीर्तन गायन करेंगे। कथावाचक ज्ञानी हरमीत सिंह खालसा गुरु का इतिहास प्रस्तुत करेंगे. नगर कीर्तन में सिख परंपरा के अनुसार गतका पार्टी अपना जौहर प्रस्तुत करेंगी.

बैठक का संचालन महासचिव गगनदीप सिंह सेठी ने किया. इस अवसर पर प्रो. हरमिंदर बीर सिंह, कृपाल सिंह, हरमीत सिंह, गुरदीप सिंह आदि ने भी विचार व्यक्त किया. बैठक में सुरजीत सिंह सलूजा, त्रिलोचन सिंह, रणप्रीत सिंह, हरप्रीत सिंह आदि उपस्थित थे.

सूर्य मंदिर के लिए अंशदान का युवकों ने किया संग्रह

जमशेदपुर। सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा के सुनील शर्मा और किशोर शर्मा रविवार को अपनी अपनी टीम के साथ शहर पहुंचे. वे सिदगोड़ा स्थित भास्कर भवन में आयोजित महासभा के कार्यक्रम में शामिल हुए. इस दौरान उन्होंने जमशेदपुर के सभी बंधुओं को बेंगलुरु में स्थापित किए जा रहे भव्य सूर्य मंदिर के उद्घाटन समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया. बताया कि मंदिर का उद्घाटन समारोह 11 जनवरी 2024 को निर्धारित है. उन्होंने समाज के लोगों से मंदिर स्थापना में सहयोग हेतु एक-एक रुपये की अंशदान राशि संग्रहित की. कार्यक्रम में सुनील शर्मा व उनकी टीम को शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा के द्वारा सम्मानित किया गया. सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक चन्द्रशेखर मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया.

जीटी रोड किनारे मना डहरे सोहराय

संवाददाता। तोपचांची

अपनी संस्कृति को बचाए रखने के उद्देश्य से रविवार को वृहत झारखंड कला संस्कृति मंच द्वारा डहरे सोहराय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. डहरे सोहराय कार्यक्रम में कुड़मी समाज के लोगों द्वारा नेशनल हाईवे किनारे अखाड़ा बना कर मांदर की थाप पर पारंपरिक नृत्य करके अपनी सभ्यता संस्कृति को प्रस्तुत किया. तोपचांची प्रखंड में नेशनल हाईवे के किनारे चार जगह कोटालड्डा , मानटांड़ , तोपचांची बाजार, सिंहडीह में अखाड़ा बना कर डहरे सोहराय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. डहरे सोहराय कार्यक्रम के द्वारा कुडमी समाज के लोगों द्वारा अपनी सभ्यता संस्कृति द्वारा समाज को आदिवासी में शामिल किए जाने की मांग की.

राज्य में पहली बार जीटी रोड किनारे 81 किलोमीटर तक 81 गुस्टी, 81 अखाड़ा में डहरे सोहराय मनाया गया. डहरे सोहराय कार्यक्रम बरवाअड्डा, राजगंज , तोपचांची , निमियाघाट, डुमरी , बगोदर में जीटी रोड किनारे सर्विस लेन पर विभिन्न चौक-चौराहों पर कार्यक्रम किया गया. सदानंद महतो ने बताया कि वृहत झारखंड कला संस्कृति मंच के तत्वाधान में डहरे सोहराय कार्यक्रम को लेकर धनबाद जिला के बरवाअड्डा से गिरिडीह जिला के बगोदर तक डहरे सोहराय कार्यक्रम किया गया. झारखंड की संस्कृति अद्भुत है. झारखंड के लोग प्रकृति पूजक हैं. संस्कृति के माध्यम से कुडमी जनजाति समुदाय पुनः सूचीबद्ध की मांग कर रही है. मौके पर गिरधारी महतो, महादेव महतो, ओमप्रकाश महतो, फरकेशर महतो, सुरेश महतो, तुलसी महतो, सहदेव महतो, विवेक महतो, विनोद महतो, विशाल महतो, संतोष महतो, राजु महतो, आदि उपस्थित थे.

तैयारी बारालोटा में कलशयात्रा के साथ शुरू होगा श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ

महायज्ञ स्थल की सुरक्षा व्यवस्था में तत्पर रहेगी पुलिस

संवाददाता। मेदिनीनगर

महायज्ञ स्थल की सुरक्षा व्यवस्था में पलामू पुलिस सदैव तत्पर रहेगी. यह आश्वासन पलामू के एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने महायज्ञ स्थल पर सपत्नीक महावीर जी की आरती में शामिल होने के बाद कही. सुरजीत कुमार ने कहा कि महायज्ञ स्थल पर हनुमंत पूजा के बाद हर दिन भव्य आरती का आयोजन किया जा रहा है. सनातनी संस्कृति के लिए यह बहुत ही सराहनीय है. उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भव्य आरती समारोह के दौरान प्रतिदिन सुरक्षा के दृष्टिगत पीसीआर वैन के साथ पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे. एसडीपीओ ने कहा कि 21 नवंबर की कलश यात्रा में वह सपत्नीक शामिल रहेंगे. इसके पूर्व महायज्ञ समिति ने सुरजीत कुमार को उनकी पत्नी के साथ राधा नाम पट्टा व शॉल ओढाक़र सम्मानित किया गया. आरती समारोह में सुरजीत कुमार ने खीर के प्रसाद का वितरण भी किया.

उल्लेखनीय है कि बारालोटा में आगामी 21 नवंबर से भव्य कलशयात्रा के साथ श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ प्रारंभ होगा, जो 28 नवंबर तक चलेगा. इस यज्ञ की व्यापक तैयारियां जारी हैं और इसी क्रम में महायज्ञ स्थल पर प्रतिदिन हनुमंत पूजन का कार्यक्रम हो रहा है, जिसमें दर्जनों श्रद्धालु भक्त शामिल हो रहे हैं. इस महायज्ञ में सुप्रसिद्ध कथावाचक देवकी नंदन ठाकुर का प्रतिदिन प्रवचन होगा.

भक्ति गीतों से भक्तिमय हुआ माहौल

महावीर जी की आरती में महायज्ञ समिति के मार्गदर्शक मंडल के सदस्य ज्ञानचंद पांडेय, संरक्षक कृष्ण कांत चौबे, प्रवीण सिंह, नवीन तिवारी, महायज्ञ समिति के अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, महासचिव शैलेश दूबे, शैलेश तिवारी, महायज्ञ समिति के महिला मंडल सदस्य मीना गुप्ता, श्वेता तिवारी, रानी शर्मा, किरण अग्रवाल, अंजू सांगा, अनिल दूबे, आशुतोष पाण्डेय (लक्की), आनंद दूबे, विकास दूबे, बब्लू पांडेय, वीरमणी पांडेय, संजय पांडेय, सतीश पांडेय, लल्लू पांडेय, बृजेश शुक्ला, विशाल पांडेय, आरके चंदन, चंदन तिवारी, ज्ञानेश तिवारी, विक्रांत त्रिपाठी, बिक्कू दूबे, बिट्टू दूबे, गोरख पाठक सहित कई सदस्य मौजूद रहे, वहीं मंच का संचालन महायज्ञ समिति के संरक्षक मंडल के सदस्य आशीष भारद्वाज ने किया.

जमशेदपुर में डहरे टुसू का आयोजन 7 जनवरी को

जमशेदपुर। छोटानागपुर कुड़मी कला संस्कृति मंच के बैनर तले डहरे टुसू (सड़क पर टुसू पर्व) का आयोजन 7 जनवरी 2024 को होगा. इसकी तैयारी को लेकर रविवार को मंच के सदस्यों ने आमबगान स्थित भारत स्काउट एंड गाइड कार्यालय में बैठक की. इसमें कार्यक्रम को सफल बनाने पर चर्चा हुई. मंच के अनूप महतो ने बताया कि साकची आमबगान मैदान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में दो लाख लोगों के जुटने की संभावना है. इसमें झारखंड, बंगाल, ओडिशा, असम और छत्तीसगढ़ के लाखों मूल झारखंडी शामिल होंगे. इस यात्रा की शुरुआत गम्हारिया स्थित शहीद सुनील महतो के समाधि स्थल से होगी जो आदित्यपुर, बिष्टुपुर होते हुए साकची आमबगान मैदान पहुंचकर समाप्त होगी. यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा.

मायुमं ने किया 220 डिब्बे मिठाई व पटाखे का वितरण

संवाददाता। जमशेदपुर

अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की ओर से आनंद सबके लिए कार्यक्रम के तहत सवा लाख मिठाई के डब्बे एवं 11,000 से भी अधिक कंबल का वितरण पूरे देश में सभी शाखों द्वारा करने का संकल्प लिया गया है. कार्यक्रम के अंतर्गत मारवाड़ी युवा मंच की स्टील सिटी शाखा ने रविवार को गांधी आश्रम देवनगर बाराद्वारी में करीब 220 मिठाई के डब्बे एवं बच्चों के बीच पटाखे वितरण कर उनके जीवन में खुशी लाने का एक छोटा सा प्रयास किया. शाखाध्यक्ष मोहित मूनका ने कहा कि स्टील सिटी शाखा की ओर से जरूरतमंद लोगों के बीच दिवाली की मिठाई की डब्बे एवं पटाखे बांटे गये. उन्होंने कहा शाखा की ओर से मिठाई के डब्बे वृद्ध आश्रम एवं चाइल्ड एडॉप्शन सेंटर में बांटा जाएगा.

आमदनी अठन्नी खर्चा रुपय्या

कितने दिनों तक चलेगा ऐसा...

बढ़ती महंगाई ने लोगों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं. हर वर्ग के लोग परेशान हैं. छोटे दुकानदारों, ठेला-खोमचे,खाद्य पादर्थ, व्यंजन बेचने वाले भी इससे अछूता नहीं हैं. वे कहते हैं कि महंगाई की वजह से पूंजी ज्यादा लग रही है. अगर सामान के दाम बढ़ा दिए तो ग्राहकों के भागने का डर रहता है. इसलिए कम कमाई पर ही किसी तरह घर चला रहे हैं. कइयों का तो यह भी कहना है कि पहले की तुलना में कमाई कम हो गई है. बड़ा परिवार है घर चलाना मुश्किल हो रहा है. आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपया होने से यह चिंता सता रही है कि इस तरह घर कितने दिनों तक चलेगा. दुकानदार उधार सामान देने से कतराने लगे हैं. हर किसी की कमाई घट गई है. वे कहते हैं कि खाने-पीने के सामान के दाम बढ़ने से लोगों ने खरीददारी भी कम कर दी है. बहुत सोच समझ कर सामान कम मात्रा में खरीद रहे हैं. शुभम संदेश की टीम ने विभिन्न जिलों में छोटे दुकानदारों, ठेला-खोमचे,खाद्य पादर्थ, व्यंजन बेचने वालों से इस संबंध में बात की है. पेश है रिपोर्ट.

चाईबासा

खाद्य पदार्थों में हुई बढ़ोतरी के कारण आम लोगों को परेशानी : रामाय हांसदा

अर्ध सरकारी कर्मी रामाय हांसदा ने कहा कि खाद्य पदार्थों में हुई बढ़ोतरी के कारण आम लोगों की परेशानी पढ़ गई है. इस बढ़ोतरी से मध्यम वर्गीय और निम्न आय वर्गीय परिवार के लोग ज्यादा ही प्रभावित हुए हैं. क्योंकि उन्हें अब किसी भी सामान की खरीदारी के पहले पैसे का प्रबंधन करना पड़ रहा है. इस कारण आम उपभोक्ता ज्यादा ही परेशान है.

ग्रामीण क्षेत्र में खाद्य सामग्रियों का पूरा उत्पादन नहीं : अरुण कुमार

दुकानदार अरुण कुमार तिवारी ने बताया कि जिस तरह खाद्य पदार्थों के मूल्य में बढ़ोतरी हुई है. वह अप्रत्याशित है. वस्तुओं के दाम में कितनी भी वृद्धि हो उस वृद्धि वाले मूल्य का प्रबंधन करना काफी कठिन हो जाता है. क्योंकि संसाधन काफी सीमित है. खाद्य के मूल्य वृद्धि से हर लोग काफी परेशान हैं. ग्रामीण क्षेत्र में खाद्य सामग्रियों की पूरा उत्पादन होता नहीं है. उनके इस्तेमाल के लिए पूरी तरीके से बाजारों पर निर्भर रहना पड़ता है. इस समय बाजार में इन सभी खाद्य सामग्रियों के मूल्य काफी बढ़े हुए हैं. यह समझ नहीं आता कि क्या खाएं क्या नहीं खाएं.

सभी सामान के दाम बढ़े , आम जनता से दूर हो रही सब्जी : सुशीला सवैया

सुशीला सवैया ने बताया कि बढ़े हुए खाद्य पदार्थ की कीमतों ने घर का बजट बड़ा गड़बड़ कर दिया है. क्योंकि जिस सामान को पहले 100 रूपये में खरीदा करते थे. अब उसके लिए 120 से 125 रूपये तक देने पड़ रहे हैं. जो किसी भी मध्यम वर्गीय परिवार के लिए काफी अधिक है. वह कोई एक दिन की बात नहीं है. जब तक मूल्य बढा रहेगा तब तक यह परेशानी बनी रहेगी. खाद्य सामग्रियों के मूल्य में वृद्धि से सभी परेशान हैं.

मूल्य वृद्धि से आम जनजीवन काफी त्रस्त हो गया है : चिनमय दत्ता

कार्यालय के चतुर्थ वर्गी कर्मचारी चिनमय दत्ता ने बताया कि इस मूल्य वृद्धि से आम जनजीवन काफी त्रस्त हो गया है. यह समझ में नहीं आता कि पैसा सीमित है. इसका प्रबंधन किस तरीके से किया जाए ताकि रोटी दाल का जुगाड़ हो सके. इसी में किसी तरीके से काम चलाया जा रहा है. सरकार को इस पर नियंत्रण करने की जरूरत है.

महंगाई से छोटे व्यापारियों को हो रहा भारी नुकसान : बापी घोष

व्यवसायी बापी घोष ने बताया कि जिस तरह वस्तुओं के दाम बढे इसका सीधा प्रभाव आम लोगों के जेब पर पड़ा है. अब यह समझ में नहीं आ रहा है कि किस मांग को कम किया जाए और किस मांग को पूरा किया जाए. प्रतिदिन प्राथमिकता के आधार पर जो जरूरी होता है उसे किया जाता है और यह स्थिति बनी रही तो हम जैसे छोटे व्यवसाइयों का बहुत बुरा हाल हो जाएगा.

किरीबुरू

अब काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है : बाहमणी कुजूर

प्रोस्पेक्टिंग में झोपड़ी होटल संचालिका बाहमणी कुजूर ने बताया कि हमारे होटल में गरीब वर्ग ही खाने आते हैं. 40 रूपये प्लेट खाना खिलाते हैं. सब्जियों का अलग से पैसा नहीं लेते हैं. सब्जियों व खाद्य पदार्थ के दामों में भारी वृद्धि से काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है. आज हीं लहसुन 220 रूपये, प्याज 80 रूपये खरीदें हैं. अगर खाने की थाली की कीमत बढ़ाएंगे तो आर्थिक दृष्टि से कमजोर लोग खाने नहीं आएंगे. यहां पहले से बेरोजगारी चरम पर हैं. साथ ही लोगों के पास पैसा नहीं है. महंगाई कम होनी चाहिये.

इस समय सब्जियों के दाम काफी बढ़ गए हैं : रमेश दास

मोटरसाईकल मिस्त्री रमेश दास ने बताया कि इस काम से घर चलाना पहले से ही कठिनाई भरा था. ऊपर से यह महंगाई व सब्जियों के बढ़े दाम ने परेशान कर दिया है. पहले 10 रूपये भागा जो हरी मिर्च मिलती थी, उसकी कीमत 20 रुपए हो गए हैं. टमाटर, प्याज भी काफी महंगा हो गया है. हम तो घर में टमाटर पकाकर उसकी चटनी बनाकर खा रहे हैं. इसे बताने में कोई शर्म की बात नहीं है.

महंगाई बढ़ने से स्थिति पहले से खराब हो गई है : चम्पा साहू

आमलेट, चना बेचकर अपना गुजारा करने वाली चम्पा साहू ने बताया कि चीजें महंगी होने से हमारी स्थिति पहले से काफी खराब हो गई है. वह छोटी दुकान में ग्राहकों को अंडा, आमलेट, चना आदि बनाकर बेचती है. बहुत कम ग्राहक हमारे पास आते हैं. वर्तमान में सब्जियों, खाद्य पदार्थ, जलावन की लकड़ी आदि के दाम में भारी वृद्धि के कारण हाल बुरा है. हमने पहले की तुलना में सब्जियों की खरीद आधी कर दी है. जो समान बेचते हैं उसमें लगने वाले प्याज, हरी मिर्च आदि समान की मात्रा कम कर डालते हैं.

अब तो जैसे तैसे घर चल रहा है, परेशानी बढ़ी : उषा पान

चाय विक्रेता उषा पान ने बताया कि वह सुबह में चाय दुकान की लगाती है. इसी दुकान से घर का खर्च व बच्चों का पालन-पोषण होता है. लेकिन अचानक बढ़ी महंगाई से खासकर सब्जियों के दाम में वृद्धि ने परेशान कर रखा है. इस महंगाई के बावजूद हम बच्चों को भूखे नहीं रख सकते हैं. ऐसी स्थिति में पहले की तुलना में आधी मात्रा में सब्जी खरीद रहे हैं. जैसे-तैसे घर चला रहे हैं.

खर्चा निकालना भी मुश्किल हो गया है : जानकी शर्मा

छोटे होटल की संचालिका जानकी शर्मा ने बताया की यहां चालू बाजार नहीं है. हमारे होटल में स्थानीय कुछ लोग ही खाने आते हैं. सब्जी, आटा, चावल की कीमत वृद्धि के बावजूद हम अपने ग्राहक को बचाये रखने के लिए नहीं के बराबर लाभ में पहले की दर पर खाना खिला रहे हैं. अगर खाना महंगा करेंगे तो वह दूसरी दुकान में चले जायेंगे या फिर हमारे यहां आना बंद कर देंगे.

चक्रधरपुर

महंगाई बढ़ने से परिवार की आर्थिक हालत हुई खराब : सियाराम

ठेला चलाकर परिवार चलाने वाले चक्रधरपुर निवासी सियाराम राय का कहना है कि महंगाई बढ़ने से परिवार की आर्थिक हालत काफी खराब हो गई है.परिवार के सदस्य बिहार में रहते हैं,वहां बेहतर रोजगार नहीं मिलने के कारण वर्षों से यहां ठेला चलाकर अपने परिवार के सदस्यों को कुछ पैसे भेजते थे, लेकिन महंगाई अत्यधिक बढ़ाने की वजह से कुछ महीनों से पैसा घर नहीं भेज पाया हूं. इससे परिवार की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है. सभी सामान के दाम में तेजी से वृद्धि हुई है.इसके कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है.

घर निर्माण का कार्य दो साल से रुका : अमरनाथ

चक्रधरपुर के गुदड़ी बाजार में फल का ठेला लगाने वाले अमरनाथ गुप्ता ने कहा कि पिछले कुछ साल में तेजी से महंगाई बढ़ी है. मैंने दो साल पहले घर निर्माण कार्य शुरू कराया था,लेकिन बालू, गिट्टी, सीमेंट, छड़ इत्यादि के दाम में तेजी से बढ़ोतरी होने के कारण घर निर्माण कार्य अधूरा हो गया है. खासकर बालू काफी महंगे दर पर मिलने के कारण घर निर्माण में परेशानी हो रही है. जो भी पैसे कमाता हूं वह घर खर्चे में ही निकल जाते हैं.जिससे पैसे की बचत भी नहीं हो पा रही है.

बच्चों की पढ़ाई हो रही प्रभावित: सुलोचना महतो

चक्रधरपुर में सब्जी बिक्री कर घर परिवार चलाने वाली सुलोचना महतो ने कहा कि महंगाई बढ़ने के कारण बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है. बच्चों को अच्छे स्कूल में पढ़ना संभव नहीं हो पा रहा है. मजबूरीवश गांव के ही सरकारी विद्यालय में बच्चे पढ़ने जाते हैं. एक बेटा है जिसे बेहतर पढ़ाई के लिए शहर से बाहर भेजना था, लेकिन पैसे इकट्ठा नहीं होने के कारण बेटे को पढ़ाई के लिए बाहर नहीं भेज पा रही हूं. सब्जी बेचकर ही घर-परिवार चलाना पड़ता है.

रांची

ग्लोबल मार्केटिंग का असर दिखना स्वाभाविक : अजय मिश्र

पेशे से वकील अजय मिश्र का कहना है कि पूरी दुनिया में इस समय काफी उथल-पुथल चल रहा है. जिसका असर तो हर देश में पड़ना ही है. जलवायु परिवर्तन हो रहा है. कई जगह युध्द भी चल रहे हैं. रुस- यूक्रेन, इजराइल-हमास की लड़ाई का असर भी ग्लोबल मार्केटिंग पर दिखना स्वाभाविक है. भारत भी इससे अछूता नहीं है. यही वजह है कि हाल के दिनों में कमोवेश खाने पीने और अन्य सामान के दाम बढ़े हैं. सरकारी स्तर पर इसको नियंत्रित करने का प्रयास किया जाना चाहिए. अब हरी सब्जियों की बढ़ी कीमत की बात है तो नवंबर के शुरुआती दौर में आम तौर पर सब्जियां महंगी होती ही है. अभी खेतों में हरी सब्जियां लगी हैं, जो थोड़ी मात्रा में बाजार में आ रही है. किसान नई सब्जी भी लगा रहे हैं. बड़े पैमाने पर जब सब्जियां बाजार में आने लगेंगी तो दाम घटने शुरू हो जाएंगे. बढ़ी महंगाई की वजह से यह देखा जा रहा है कि लोगों की बचत में थोड़ी कमी आ गई है. अभी लोग कम पैसे की बचत कर पा रहे हैं. इससे मध्य वर्ग ज्यादा प्रभावित है.

सरकार महंगाई नियंत्रण का प्रयास करे : कैलाश सिंह देव

ठीके के व्यवसाय से जुड़े कैलाश सिंह देव का कहना है कि इसमें संदेह नहीं कि हाल के दिनों में हर चीज के दाम बढ़े हैं. इसमें नौकरी पेशा वालों को ज्यादा फर्क नहीं पड़ा है. कारण वेतन आयोग ने उनकी सैलरी काफी बढ़ा दी है. पर मध्य वर्ग के छोटे कारोबार करने वालों की स्थिति थोड़ी दयनीय जरुर हुई है. देखा जाए तो हाल के दिनों में खाने-पीने के सामान के साथ हरी सब्जियों के दामों में काफी वृद्धि हुई है. जिसका असर लोगों की रसोई पर पड़ा है. सरकार को चाहिए कि इस दिशा में प्रयास करे और महंगाई को नियंत्रित करे ताकि आम आदमी को राहत मिल सके.

बोकारो

महंगाई से प्याज, टमाटर व गोबी की खरीदारी करना बंद : कमाल

बोकारो जिले के जरीडीह प्रखंड के टोंडरा निवासी दुकानदार कमाल हसन ने बताया कि महंगाई इस कदर बढ़ गई है कि सब्जी खरीदने बाजार तो जाते हैं, लेकिन प्याज, टमाटर, गोबी व महंगी सब्जियों की खरीदारी बंद कर दी है. इसके अलावा खाद्य पदार्थों की कीमत तो घटने का नाम ही नहीं ले रही है. राशन दुकान में पहले जितनी बिक्री थी, अब खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ जाने से बिक्री घट गई है. घरेलू खर्च में अब कटौती कर किसी तरह मैनेज करना पड़ रहा है. पता नहीं कब तक महंगाई पर लगाम लगेगी. केंद्र हो या राज्य सरकार कोई भी इस दिशा में में पहल करती नहीं दिख रही है.

लोगों को महंगाई ने परेशान कर रखा है : प्रदीप नायक

बोकारो जिले के बहादुरपुर के व्यवसायी प्रदीप नायक ने कहा कि महंगाई के कारण अब हरी सब्जियां खाना छोड़ दिया है. हर रोज साग खाने की आदत थी, लेकिन 50 से 60 रुपये किलो साग की कीमत हो गयी है. चावल, दाल, प्याज, आटा, तेल, घी, मसाले सहित दैनिक उपयोग की सामग्रियों की बढ़ती कीमतों ने लोगों को परेशान कर रखा है. इससे घर का बजट पूरी तरह से बिगड़ गया है. बढ़ती महंगाई के कारण दुकान चलाना मुश्किल हो गया है. उन्होंने बताया कि 2024 के चुनाव को ध्यान में रखकर झारखंड के साथ साथ केंद्र की सरकार को महंगाई कम करने की दिशा में नई नीतियां बनाने की जरूरत है.



दुकानदार उधार देने से लगे हैं कतराने, पूंजी ज्यादा लग रही

बढ़ती महंगाई ने लोगों के माथे पर चिंता की लकीरें खींची

बहुत सोच समझ कर कम मात्रा में हो रही है खरीददारी

आदित्यपुर

ठेलों पर सब्जी बेचने वाले भी परेशान हैं : मो. उजिर

देश में बढ़ती महंगाई को लेकर केवल नौकरी पेशा, डेली कमाने वाले, छात्र और युवा ही नहीं ठेले खोमचों पर फल-सब्जी बेचने वाले भी परेशान है. आदित्यपुर के फल विक्रेता मो. उजिर कहते हैं कि फल सब्जियों की कीमत में आग लगी हुई है. ये कहते हैं कि कोई भी सब्जी 50 रुपये प्रति किलो से कम नहीं है. किसी भी प्रकार की साग 80 रुपये किलो बिक रही है. अब तो दीपावली और छठ का सीजन आ रहा है. लेकिन फलों की कीमत में बढ़ोतरी जारी है. सेव 150 रुपये प्रति किलो है, संतरा 120 रुपये प्रति किलो है. जो छठ के समय बढ़कर सेव 200 रुपये और संतरा 150 रुपये तक हो जाने की संभावना है. वह कहते हैं कि दिनभर दुकानदारी करने के बाद भी डेली के 500 रुपये की आमदनी नहीं हो पाती है, जबकि उससे ज्यादा हमारा रोज का घर का खर्च है. महंगाई की वजह से लोग फल खाना भी कम कर दिए हैं. जिससे आमदनी कम हो गई है.

आदित्यपुर

महंगाई की वजह से बाजार मंदा हो गया है : मो. शमीम

बढ़ती महंगाई पर आदित्यपुर के फल विक्रेता मो. शमीम कहते हैं कि अभी जितना माल महाजन से लाते हैं, शाम को दे लेकर सब बराबर हो जाता है. महंगाई की वजह से बाजार मंदा है, धंधा चल नहीं रहा है. बाजार में लोग आते हैं लेकिन कीमत पूछकर चले जाते हैं या 1 किलो लेने के बजाय एक पौवा खरीदते हैं. हमलोगों को घर चलाना मुश्किल हो गया है. अब तो पर्व त्योहार का सीजन भी आ गया है. ऐसे में फलों की कीमत और बढ़ेगी. आम लोगों को बड़ी मुश्किल होगी. हमलोग सब्जी का धंधा भी करके देख चुके हैं. कोई फायदा नहीं है, सब्जी नहीं बिकने से खराब हो जाती है. जिससे घाटा हो जाता है.सरकार को महंगाई पर लगाम लगाने की जरुरत है ताकि आम लोगों को राहत मिल सके.इस दिशा में सरकार को जल्द पहल करनी चाहिए.

देवघर

खाने की थाली में कभी कभार ही सब्जी नसीब हो पा रही है : दिलीप

बड़े बाबूओं के कपड़ों पर आयरन कर अपना परिवार पालने वाले दिलीप की माने तो खाद्य पदार्थ और साग सब्जी के दाम बढने से कभी कभार ही साग सब्जी नसीब हो पा रही है. नहीं तो भात दाल और पुराने आलू के चोखा से ही काम चला पड़ रहा है. हरी सब्जी या फिर नये आलू इनकी कीमत चुकाना अपने बस की बात नहीं है.

ग्राहकों की खरीददारी पर असर पड़ा है : पप्पू कुमार

देवघर के बरमसिया में ठेले पर फल बेचने वाले पप्पू कुमार का कहना है कि जहां हमारी खरीदारी की लागत बढी है. वहीं ग्राहकों की खरीदारी पर भी असर साफ दिख रहा है.जहा एक दिन 60 से 70 नारियल पानी बिक जाती थी और उसकी मांग आधे पर आ गयी है . वहीं जो ग्राहक हमेशा जितना फल खरीदते थे अब वह पहले से कम खरीद रहे हैं

कीमत बढ़ने से खपत पर भी अंकुश लग जाता है : शिव कुमार

दो बच्चों के पिता शिव कुमार इडली-सांभर बेच कर जीवन यापन करते हैं. शिव की माने तो खाद्य पदार्थ और साग सब्जी के दामों में उतार चढाव लगा रहता है. पहले टमाटर के भाव बढ़े तो अब प्याज की कीमत बढी है. लेकिन इसे मजबूरी कहे कि जब कीमत बढ गयी है तो खपत पर भी अंकुश लग जाता है.आज प्याज की कीमत बढ गयी है. ऐसे में कम खपत करना पड़ रहा है.

कीमत बढ़ने से कारोबार में काफी असर पड़ा है : बबलू

पिछले 12 साल से फास्ट फूड का कारोबार करने वाले बबलू ठाकुर की माने तो खाद्य पदार्थ और साग सब्जी की कीमत बढ़ने से कारोबार पर काफी असर पड़ा है. ग्राहकों को परोसी जाने वाली सब्जी में जो महंगी है, उसका इस्तेमाल कम करना पड़ रहा है. उसकी जगह सस्ते सब्जियों को ज्यादा कर रहे हैं खुद भात दाल सोयाबीन या भात और चले की दाल से ही काम चला रहे हैं. अगर इसी तरह दाम बढते रहे तो अभी जिस कीमत पर एक प्लेट छोला भटोरा खिला रहे हैं उसकी कीमत बढानी ही होगी.

धनबाद

उधार चुकाना भी हो जाता है मुश्किल : चंदन चौरसिया

स्टेशन रोड में चन्दन चौरसिया दुकान चलाते हैं. उनका कहना है कि महंगाई बढ़ जाने के कारण बहुत परेशानी होती है. मासिक कमाई से अधिक घर का बजट है. ऐसे में दुकान से राशन उधार लेकर काम चलाना पड़ता है. कई बार तो उधार चुकाना भी मुश्किल हो जाता है. दुकानदार भी उधार का सामान देने में आनाकानी करते हैं. आनेवाले समय में अगर महंगाई पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो जीना दूभर हो जाएगा. सरकार को चाहिए कि इस दिशा में शीघ्र कारगर कदम उठाए, ताकि महंगाई नियंत्रण में आए.

इस समय चरम पर पहुंच गई है महंगाई : प्रभात कुमार

लघु उद्योग करने वाले प्रभात कुमार ने कहा कि इन दिनों महंगाई चरम पर है. खाद्य सामग्री और हरी सब्जियों की कीमतें आसमान छू चुकी है. बढ़ती महंगाई ने बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है. खाने की सभी चीजों के दामों में अप्रत्याशीत वृद्धि हुई है. आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपया हो गया है . मध्यम वर्गीय परिवार प्रत्येक महीना कर्ज लेकर घर के खर्च को चला रहे हैं. केंद्र और राज्य सरकार को महंगाई पर नियंत्रण करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाना चाहिए.

महंगाई ऐसी कि समझ में नहीं आ रहा कहां खर्च में कमी करें : मुकेश कुमार

खाद्य व्यापारी मुकेश कुमार बताते हैं कि खाद्य पदार्थ महंगे हो जाने से बिक्री पर खासा असर पड़ा है. एक किलो की जगह आधा किलो और आधा किलो की जगह ग्राहक ढाई सौ ग्राम खाद्य सामग्री खरीद रहे हैं. दलहन, चावल और गरम मसालों के दाम आसमान छू चुके हैं. दाम लगातार बढ रहे हैं. ऐसा लग रहा है कि मूल्य वृद्धि पर कोई तंत्र काम नहीं कर पा रहा है. त्योहारों के समय मूल्य वृद्धि होने से खर्च का बजट बिगड़ता जा रहा है. लोगों को समझ में नहीं आ रहा है कि खर्च कहां कम करें.

सरकार महंगाई कम करने का प्रयास करे : मनोज महतो

व्यापारी मनोज महतो कहते हैं कि मिडिल क्लास के लोगों को समझ नहीं आ रहा है की बढ़ी महंगाई में कहां कटौती की जाए. जिससे उनका बजट न गड़बराए. भोजन की थाली से हरी सब्जियां गायब हो रही है. हरी सब्जी और खाद्य सामग्री की कीमतें तेजी से आसमान छू चुकी है. हर एक खाद्य पदार्थ के भाव बढ़ गए हैं. सरकार को बढ़ती महंगाई को कम करने की दिशा में शीघ्र सोचने की जरुरत है.

चंदवा

खाने में कटौती कर मुश्किल से चला रहे हैं घर : चंद्रदेव उरांव

बनहरदीन चंदवा निवासी चंद्रदेव उरांव बढ़ी कीमतों से परेशान हैं. वह कहते हैं कि पहले जो खाना खाते थे उसकी लागत कम होती थी. अब तो वह काफी महंगा पड़ रहा है. इसलिए खाने में कटौती करनी पड़ रही है. यही स्थिति बनी रही तो पूरा परिवार कुपोषण का शिकार हो जाएगा और कई बीमारियों से घिर जाएगा.कीमते इसी तरह आसमान छूती रहीं तो घर की जमा पूंजी भी खत्म हो जाएगी. ऐसे में घर के मुखिया के समक्ष विकट समस्या उत्पन्न हो जाएगी.

बिक्री सिमटती जा रही है सरकार ध्यान दे : राहुल कुमार

चंदवा निवासी राहुल कुमार किराना दुकान चलाते हैं . वह बढ़ती मंहगाई पर कहते हैं कि दुकानदारी में इसका बहुत अधिक असर पड़ा है. जो लोग किलो में सामान ले कर जाया करते थे, वे आज पाव में सामान ले कर जा रहे हैं. हरी साग-सब्जी खाने वाले सोयाबीन बरी ले कर जा रहे हैं और अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं. वहीं दुकान से उधार सामान लेकर जाने वाले जल्दी दुबारा नजर नहीं आ रहे हैं. दुकान में जहां हजारों की बिक्री होती थी. सैकड़ों में सिमट कर रह गई है. सरकार जल्द ही समस्या का समाधान करने की दिशा में कदम उठाए. नहीं तो दुकानदारों की स्थिति काफी खराब हो जाएगी.

जमशेदपुर

अब तो नाश्ते का रेट बढ़ाना ही पड़ेगा : विकास दास

कदमा में नाश्ते का ठेला लगाने वाले विकास दास कहते है कि पिछले दो सालों से नाश्ते का रेट नहीं बढ़ाया है. पर अब शायद उन्हें रेट बढ़ाना पड़े. क्योंकि अब सामान के दाम काफी बढ़ गए हैं. उन्होंने बताया कि खाद्य पदार्थों के अलावा तेल, गैस और अन्य सामानों के दामों में भी काफी बढ़ोतरी हुई है. लोग तो आज भी पुराने दर पर ही नाश्ता करते है. उनके परिवार में कुल छह सदस्य है. पिता की तबीयत अक्सर खराब रहती है. जिससे दवा का खर्च भी बढ़ता ही जा रहा है.

कमाई उतनी ही है पर खर्चा बढ़ गया है : कमल महतो

कमल महतो ऑटो चालक हैं और इसी से ही अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं. कमल कहते हैं कि कई महीनों से सरकार द्वारा एक ही दर पर भाड़ा तय किया गया है. जिसे बढ़ाना चाहिए. डीजल की कीमत में भी बढ़ोतरी हो गई है. पहले दिन भर में 8 से 10 चक्कर लगा लेते थे. जिससे महीने में 15 हजार तक की कमाई हो जाती थी. आज भी उतनी ही कमाई है. पर खर्च बढ़ गया है. अब इस खर्च को वहन करने के लिए 10 से 12 चक्कर लगाने पड़ते हैं. जो लोग नौकरी में है या जो व्यावसाय करते हैं उनकी आय में तो वृद्धि हो जाती है, पर ऑटो चालकों की आय भाड़ा पर तय होती है.

दाम बढ़ने पर अब ग्राहक काफी कम आते हैं : राज लकड़ा

राज लकड़ा सोनारी में कॉस्मेटिक्स की दुकान चलाते हैं. राज कहते हैं कि पहले कई युवतियां और महिलाएं उनकी दुकान से सामान लेकर जाती थीं. पहले दाम भी कम हुआ करते थे . पर अब दाम बढ़ने पर उनकी दुकान में ग्राहक काफी कम आते हैं. पहले बिक्री भी ज्यादा होती थी. पर अब महंगाई का असर उनकी दुकान पर भी दिखने लगा है. कई ग्राहक खर्च में कटौती भी कर रहे हैं यह एक मुख्य कारण भी है.

खर्च बढ़ा, खराब हो रही है आर्थिक स्थिति : राजन साव

गोलगप्पा बेचने वाले राजन साव कहते हैं कि पहले 10 रुपये में 5 गोलगप्पे दिया करते थे. फिर वह 10 के 4 देने लगे. अब 10 के तीन गोलगप्पे ही देते हैं. वहीं पहले उनके यहां खाने वाले 20-30 रुपये के गोलगप्पे खाते थे अब वहीं ग्राहक 10 रुपये का गोलगप्पा खाकर ही चले जाते हैं. प्याज के दामों में भी बढ़ोतरी हो गई है. उन्होंने प्याज देना बंद कर दिया था. पर लोग प्याज की मांग कर रहे हैं. लागत खर्च बढ़ गया है, जिससे आर्थिक स्थिति खराब होती जा रही है.

गिरिडीह

अभी आसमान छू रही है खाद्य सामग्री की कीमतें : पिंटू कुमार

तिसरी प्रखंड के दुकानदार पिंटू कुमार का कहना है कि खाद्य सामग्रियों की कीमतें आसमान छू रही है. चावल, प्याज, दाल, आटा,तेल, घी ,मसाला सहित दैनिक उपयोग की सामग्रियों की बढ़ती कीमतों ने लोगों को परेशान कर रखा है. इससे घर का बजट पूरी तरह गड़बड़ा गया है. इसके अलावा हरी सब्जियों की कीमतें भी काफी बढ़ गई है. हम लोग जैसे छोटे दुकानदार सामान का मेल भी नहीं लग पा रहे हैं . एक सामान लाते हैं तो दूसरा खत्म हो जा रहा है . इससे दिनों दिन ग्राहक भी कम होते जा रहे हैं.

महंगाई को नियंत्रित करे सरकार: चूरामन साव

बेंगाबाद के गल्ला दुकानदार चूरामन साव ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर महंगाई को नियंत्रित करें. लगातार महंगाई बढ़ने से सभी तबके के लोग परेशान हैं. खाद्य सामग्री के बाद हरी सब्जियों की कीमतें भी लगातार बढ़ती जा रहीं है. मेरी दुकान में कई तरह का सामान खत्म हो गये हैं, लेकिन पूंजी के अभाव में उसे नहीं ला पा रहे हैं. जिससे ग्राहक प्रभावित हो रहे हैं. उन्होंने कहा कि मेरी एक छोटी सी दुकान है. अब मेरी आमदनी इतनी कम हो गई है कि घर चलना मुश्किल हो रहा है. महंगाई नियंत्रित करने की दिशा में कारगर पहल करनी चाहिए.

महंगाई के कारण दुकान चलाना मुश्किल हो गया है: बृजनंदन

गावां प्रखंड के व्यवसाई बृजनंदन राणा ने बताया कि अब बढ़ती महंगाई के कारण दुकान चलाना मुश्किल हो गया है . खाद्य पदार्थ की कीमतें इतनी बढ़ गई हैं कि ग्राहक कम मात्रा में खरीदकर ले जाते है . सामान के चिट्ठा में सामग्री की कीमत देखकर ग्राहक हैरान और परेशान हो जाते हैं. महंगाई इस कदर हावी है कि ग्राहक सभी जरूरत की सामग्री भी नहीं खरीद पाते हैं.

छोटे दुकानदार पूंजी के अभाव में परेशान हैं : कुंदन

धनवार प्रखंड के व्यवसाई कुंदन कुमार ने बताया कि पहले दुकान में पूंजी काफी कम लगती थी लेकिन अब हालत बिगड़ गई है. पूंजी के अभाव में सामान का मेल नहीं लग पा रहे हैं. इससे ग्राहक पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है. बढ़ती महंगाई के कारण मध्य वर्ग परिवार के लोग ज्यादा परेशान हैं. बढ़ती मंहगाई ने मध्यम वर्गीय परिवार वालों की कमर तोड़कर रख दी है. सरकार को महंगाई नियंत्रित करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है.

बढ़ती मंहगाई से जीविकोपार्जन हुआ मुश्किल : गोवर्धन यादव

जमुआ प्रखंड के गोवर्धन यादव ने कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण जीविकोपार्जन मुश्किल हो गया है. महंगाई बढ़ने के कारण अब दुकान में 3 से 4 गुना अधिक पूंजी लगाना पड़ रहा है . छोटी दुकानदारों के पास पूंजी का भी अभाव है जिस कारण दुकान में सामान का मेल काम हो गया है . खाद्य सामग्रियों की कीमतें बढ़ाने के कारण ग्राहकों की संख्या भी निरंतर कम होती जा रही है . मध्यमवर्गीय परिवार में कमाने वालों की संख्या एक और खाने वालों की संख्या 6 से ज्यादा है. जिस कारण रसोई घर का जायका पूरी तरह से बिगड़ गया है. केंद्र और राज्य सरकार द्वारा महंगाई नियंत्रित करने की दिशा में आवश्यक कदम नहीं उठाया गया तो आने वाले दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाएगी.

चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव समेत छठ पूजा के पदाधिकारी व सदस्य शहर के पुरानी बस्ती छठ नदी घाट पर पहुंचे

छठ पूजा को लेकर सीढ़ी घाट और भलिया घाट की हुई सफाई

संवाददाता। चक्रधरपुर

लोक आस्था का महापर्व छठ पर्व को लेकर चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव समेत छठ पूजा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने रविवार को शहर के पुरानी बस्ती छठ नदी घाट का जायजा लिया. इससे पूर्व पुरानी बस्ती छठ नदी घाट के समीप बैठक हुई. जहां समिति के संरक्षक विधायक सुखराम उरांव व अशोक षाड़ंगी, अध्यक्ष दिनेश जेना, सचिव संजय पासवान, उपाध्यक्ष अनूप सिंह, राजू कसेरा, गोल्डी सिंह, अनूप दुबे, भावेश विश्वास, विजय साव, सह सचिव विजय जैसवाल, मुन्ना साव, राजेश गुप्ता, परमेंद्र चौहान, भरत सिंह कोषाध्यक्ष निक्कू सिंह, सह कोषाध्यक्ष अभय साव समेत अन्य उपस्थित हुए. इस दौरान छठ पूजा को लेकर शहर के पुरानी बस्ती सीढ़ी नदी घाट, भलिया घाट, थाना नदी घाट समेत सभी छठ घाटों की साफ सफाई, सीढ़ियों के रंग रोगन के साथ छठ व्रतियों के लिए कपड़ा बदलने की व्यवस्था,आकर्षक विद्युत लाइट सज्जा,घाटों की मरम्मत, सेल्फी पॉइंट बनाने इत्यादि अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई. बैठक के बाद विधायक सुखराम उरांव के साथ सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने घूम-घूमकर छठ घाट को देखा. इस मौके पर मोहन यादव, कबीर पाण्डेय, अर्जित वर्मा, मदन विश्वकर्मा, त्रिदीप कुमार, अमर सोनकर, भोला, मुकेश सिंह, बंटी प्रसाद, मनोज प्रजापति, अनूप दुबे, संचित राम, राम बाबू, भरत सिंह, विजय जयसवाल समेत अन्य मौजूद

पुरानी बस्ती छठ नदी घाट का जायजा लेते विधायक सुखराम उरांव व अन्य.

लिया जायजा
- छठ पूजा को लेकर सभी घाटों की सफाई की गई
- छठ घाट के पास सीढ़ियों का रंग-रोगन किया गया

छठ घाट के पास लाइट व साफ-सफाई की मांग

नोवामुंडी। बड़ाजामदा बाजार स्थित छठ घाट की सफाई नहीं होने के कारण छठवर्तियों ने बड़ाजामदा में छठ घाट की सफाई करने की मांग उद्योगपति एवं समाजसेवी संजू शारदा से की मांग. ज्ञात हो की बड़ाजामदा में दो जगह छठ पूजा होती है. पहले बाजार स्थित नाले में तथा दूसरा ओडिशा बॉर्डर के समीप कांडे नाला में की जाती है. इन दोनों छठ घाटों की साफ सफाई बड़ाजामदा के उद्योगपति सह समाजसेवी संजू शारदा के द्वारा की जाती है. घाटों की सफाई के साथ-साथ पूरे रास्ते लाइट की व्यवस्था, छठ व्रतियों की महिलाओं को कपड़े बदलने के लिए घेराबंदी, सड़कों पर पानी का छिड़काव, सूप, डाला लेकर पैदल चलने वाले छठ व्रतियों के लिए कालीन भी बिछाई जाती है. साथ ही छठ व्रतियों के साथ-साथ सामूहिक तौर पर टी स्टाल भी निःशुल्क की व्यवस्था की जाती है.

आओ जानें

सामान्य ज्ञान

- आरण्येर अधिकार उपन्यास किसकी जीवनी पर आधारित है - बिरसा मुंडा
- कौन टाटा रिन्यूएबल एनर्जी के सीइओ बने हैं - दीपेश नंदा
- वृष्णि कहां के लोगों को कहा जाता था - द्वारिका
- मंडल कमीशन किसकी सरकार में बैठाया गया था - मोरारजी देसाई
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इंडिया मैन्युफैक्चरिंग शो का उद्घाटन कहां किया - बेंगलुरु
- ग्रामसभा की कार्यकारिणी समिति किसे कहा जाता है - ग्राम पंचायत
- जंगल के जलने का प्रथम स्थान किस काल का है - उत्तर वैदिक काल
- लोकसभा का स्पीकर अपना इस्तीफा किसे देता है - डिप्टी स्पीकर
- झारखंड आने वाले पहले 4 ईसाई धर्म प्रचारक किस देश के निवासी थे - जर्मनी
- किस राज्य में भारत का पहला लैवेंडर फार्म बनाया गया है - जम्मू कश्मीर

ब्रीफ खबरें

विस्थापित ट्रक वाहन मालिकों की हुई बैठक

टंडवा। आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र के एक नंबर गेट के समीप विस्थापित-प्रभावित ट्रक वाहन मालिकों की बैठक रविवार को आयोजित की गई. जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष प्रकाश यादव व संचालन प्रह्लाद सिंह ने किया. इस दौरान मौजूद दर्जनों वाहन मालिकों ने पिछले दिनों वसूली संबंधित प्रकाशित खबरों का खंडन किया. प्रह्लाद सिंह ने बताया कि संघ द्वारा अवैध बसूली से संबंधित खबर बेबुनियाद है, वाहन मालिक स्वयं अपने- अपने वाहनों को लाइन में लगाकर व्यवस्थित करते हैं. प्रकाश यादव ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा संघ को बदनाम करने का कुत्सित प्रयास किया गया है जिसके लिए उपायुक्त समेत अन्य विभागीय अधिकारियों को वाहन मालिकों का हस्ताक्षरित पत्र के माध्यम से समुचित जांच की मांग की जा रही है. वहीं पिछले दिनों संजय ओझा द्वारा लूटपाट तथा अवैध वसूली का आरोप स्थानीय थाना में देने के बाद वापस लेने का मुद्दा छाया रहा.

कब्रिस्तान विवाद को ले दो समुदाय में झड़प

गावां (गिरिडीह)। गावां थाना क्षेत्र के पिहरा पूर्वी पंचायत स्थित कब्रिस्तान में रविवार को शव दफनाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया. झड़प में एक समुदाय के दो लोग घायल हो गए. इसके बाद दोनों समुदाय के बीच तनाव हो गया. सूचना पर गावां थाना प्रभारी सनी सुप्रभात, अंचलाधिकारी अविनाश रंजन मौके पर पहुंचे व लोगों को समझाया-बुझाया. ग्रामीणों का कहना था कि प्रशासन को बहुत पहले सूचना दे दी गई, लेकिन प्रशासनिक पदाधिकारी के विलंब से आने के कारण शव जबरन सड़क के किनारे दफना दिया गया. जिससे यह समस्या उत्पन्न हुई है. वहीं पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंची व मोर्चा संभाल लिया.

दुर्गा मंदिर नवनिर्माण के लिए कमेटी गठित

रमना। दुर्गा मंदिर नवनिर्माण को लेकर रविवार को सिलीदाग पंचायत के जय भवानी संघ के तत्वावधान में दुर्गा मंडप प्रांगण में बैठक किया गया. बैठक में मंदिर के नवनिर्माण के लिए पूजा कमेटी सदस्य, ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से विचार विमर्श के बाद निर्णय लिया गया. बैठक में सर्वसम्मति से मंदिर नवनिर्माण कमिटी का गठन किया गया. मंदिर निर्माण के लिए उपस्थित 45 लोगों ने स्वेच्छा से सहयोग राशि की घोषणा किया. जिसमें मुखिया पति दिलीप ठाकुर के तरफ से 51 हजार, नागेंद्र सिंह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष 11 हजार और अन्य भक्तों के द्वारा 5100 से लेकर 2100 की घोषणा की गयी. बैठक का संचालन पूजा कमेटी अध्यक्ष उमेश कुमार ने किया. मौके पर प्रमोद सिंह समेत कई लोग मौजूद थे.

सीएचसी प्रखंड लेखा प्रबंधक हुए सम्मानित

भवनाथपुर। भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर के प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक को बीते 29 सितंबर को स्थानीय सीएचसी में रक्तदान शिविर का आयोजन कर 52 यूनिट ब्लड देने पर रविवार को जिला के डीआरडीए निदेशक एवं सिविल सर्जन ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया. मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी रंजन दास, डॉ नीतीश भारती,, डॉ निशंक निश्रम, डॉ कमल सैनी, डॉ इंद्र किशोर विश्वकर्मा, डॉ अभिनीत विश्वास, सोनी कुमारी आदि लोग उपस्थित थे.

चतरा में हुआ यादव महासभा का शताब्दी समारोह, उमड़ा जनसैलाब

यदुवंशियों का गौरवशाली रहा है इतिहास : अन्नपूर्णा

संवाददाता। चतरा

वैदिक काल से लेकर आधुनिक युग में यदुवंशियों का गौरवशाली इतिहास रहा है. देश पर जब जब संकट आया है, यादव समाज के लोग राष्ट्र प्रेम दिखाते हुए अहम भूमिका निभाई है. उक्त बातें केंद्रीय मंत्री शकुंत सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा. केंद्रीय मंत्री रविवार को जिला मुख्यालय स्थित बाबा घाट मैदान में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा का शताब्दी वर्ष समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं. कार्यक्रम में झारखंड के अलावा बिहार, यूपी, असम, महाराष्ट्र, हरियाणा समेत अन्य राज्यों से हजारों की संख्या में समाज के लोग शामिल हुए.

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी समेत विशिष्ट अतिथि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. सपन कुमार घोष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रफुल कुमार दास, प्रदेश अध्यक्ष पीतांबर दास यादव, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सुभाष यादव, पूर्व विधायक मनोज यादव, डा. जगदीश यादव, डा. विनोद यादवेंदु, बिहार के राजद सांसद रेणु यादव, असम से आये उमाकांत यादव, डा. बादल यादव, ददन पहलवान, डा. रूबी यादव, शोभा यादव, बलवंत यादव, कार्यक्रम संयोजक रंजन यादव, अरूण कुमार यादव, नीलम देवी समेत काफी संख्या में समाज के गणमान्य मौजूद थे. समारोह की शुरूआत भगवान श्रीकृष्ण व माता दुर्गा की वंदना व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यदुवंशियों को राष्ट्र प्रेम का समर्पण विरासत में मिला है.

इतिहास में कई युग में अहीर सैनिको ने दुश्मनों को परस्त किया है. उन्होंने अहीर रेजीमेंट की मांग को जायज बताया. कहा कि समाज के इस मांग को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुचाएंगे. सरकार को इसपर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि महाभारत काल से लेकर अबतक यदुवंशी देश की रक्षा में अपनी जान न्योछावर किये है. भगवान श्रीकृष्ण ने गीता के माध्यम से संकट को उबारा हैं. इससे पूर्व ब्रिगेडियर प्रदीप कुमार के द्वारा लाये गए लहुं मिश्रित मिट्टी कलश को समारोह स्थल पर रखा गया. समारोह को महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. सपन कुमार घोष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रफुल कुमार दास, अरूण कुमार यादव, नीलम देवी समेत अन्य ने संबोधित किया.

सभी ने एक स्वर में सरकार से अहीर रेजीमेंट का गठन व जातीय जनगणना कराने की मांग की. समारोह को सफल बनाने में महासभा के जिलाध्यक्ष अर्जुन यादव, कार्यक्रम संयोजक बल्ली यादव, युवा जिलाध्यक्ष विकासचंद्र यादव, राजद नगर अध्यक्ष पप्पु यादव, उपेंद्र यादव, राजधानी यादव, मनोज यादव, सीताराम यादव और बालेश्वर यादव समेत अन्य ने अहम भूमिका निभाई.

किया संबोधित
- कार्यक्रम में बिहार, यूपी और महाराष्ट्र के लोग शामिल थे
- समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अन्नपूर्णा देवी थीं

बाजार की सभी समस्या को दूर कर लिया जायगा

चक्रधरपुर। सदर प्रखंड के कुंदुबेड़ा में रविवार को विधायक दीपक बिरुवा ने साप्ताहिक हाट का उद्घाटन किया। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी चिह्नीकरण आयोग के सदस्य भुवनेश्वर महतो, जिला 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति सदस्य सुभाष बनर्जी समेत अन्य शामिल थे. अतिथियों ने विधिवत फीता काटकर साप्ताहिक हाट का उद्घाटन किया. साप्ताहिक हाट का उद्घाटन करने पहुंचे विधायक का ग्रामीणों ने गर्मजोशी के साथ का स्वागत किया. मौके पर बाजार समिति के पदाधिकारी ने बाजार को विकसित करने के लिए कई बिंदुओं पर अपनी मांग रखी.वही समिति के सदस्यों ने मुख्य रूप से साप्ताहिक बाजार के लिए पहुंच सड़क निर्माण एवं हाट परिसर में पेयजल व्यवस्था कराने की मांग की. विधायक ने कहा कि साप्ताहिक बाजार लगने से कई गांव के लोगों को खरीद व उत्पाद के बिक्री करने में काफी सुविधा होगी .

मनोहरपुर से जमशेदपुर के लिए दो बस सेवा शुरू

संवाददाता। नोवामुंडी

मनोहरपुर से जमशेदपुर के लिए पहली बार दो बस सेवा शुरू की गई है. बस सेवा शुरू हो जाने से यात्रियों में खुशी की लहर है. यह बस मां भवानी शंकर के नाम से चलेगी. और यह बस मनोहरपुर से सुबह 4:40 बजे खुलेगी. जहां दूसरी बस सुबह 5:30 बजे जमशेदपुर के लिए रवाना होगी. यहां बस छोटानागरा से होते हुए बड़ाजामदा, नोवामुंडी, जगन्नाथपुर होते हुए चाईबासा सुबह 9:00 बजे पहुंचेगी. और यह बस चाईबासा से 9:30 बजे खुलकर 11:00 बजे दिन में जमशेदपुर पहुंचेगी. वही वापसी में यह भवानी शंकर बस 11:00 बजे मनोहरपुर के लिए खुलेगी. और यह बस मनोहरपुर शाम 5:00 बजे पहुंचेगी. वहीं दूसरी बस शाम 6:00 बजे मनोहरपुर पहुंचेगी.

रक्तदान महादान होता है: डॉ. अनुज

संवाददाता। चक्रधरपुर

रविवार को ब्लड बैंक सदर अस्पताल चाईबासा में अखिल विश्व गायत्री परिवार, शान्तिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में रक्तदान शिविर का लगा. इस शिविर का आयोजन गायत्री परिवार, युवा प्रकोष्ठ, चाईबासा द्वारा किया गया.

शिविर का उद्घाटन डॉ मनोज कुमार, ज्योति रैना टोप्पो, इन्द्रनील दास, सुनिता कुमारी एवं अन्य सहयोगी स्टाफ के साथ जिला समन्वयक डॉ अनुज कुमार चक्रवर्त्ती ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन किया. शिविर में 28 लोगों ने रक्तदान किया . अंत में डॉ चक्रवर्त्ती ने धन्यबाद ज्ञापन एवं शांति पाठ के साथ ही कार्यक्रम का समापन हो गया. मौके पर डॉ चक्रवर्ती ने कहा कि रक्तदान एक महादान होता है. इसे हर लोगों को करना चाहिए. प्रत्येक व्यक्ति यदि रक्त का दान करेगा तो आने वाले दिनों में रक्त की कमी से किसी की मौत नहीं होगी. इस तरह से शिविर लगाकर हर संस्था को रक्त का संग्रह का ब्लड बैंक में देना चाहिए.

लगा शिविर
- सदर अस्पताल चाईबासा में रक्तदान शिविर लगाया गया
- इसका आयोजन गायत्री परिवार द्वारा किया गया

फ्रेंड्स क्लब चाईबासा पहुंची क्वार्टर फाइनल में

संवाददाता। चक्रधरपुर

पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में रविवार को खेले गए मैच में फ्रेंड्स क्लब चाईबासा ने चक्रधरपुर क्रिकेट क्लब को छह विकेट से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है. आज की जीत के साथ ही ग्रुप बी में अपने दोनों मैच जीतकर आठ अंकों के साथ फ्रेंडस क्लब की टीम शीर्ष स्थान पर बनी हुई है. जबकि, लीग राउंड के अपने तीनों मैच हारकर चक्रधरपुर क्रिकेट क्लब की टीम प्रतियोगिता से बाहर हो गई है. परसों हुई भारी बारिश के कारण पिच को खेलने योग्य बनाने के लिए आयोजकों को काफी मेहनत करनी पड़ी. जिला क्रिकेट संघ के महासचिव असीम कुमार खुद विकेट पर रोलिंग करते नजर आए. उनके अथक प्रयास से ही मैच दोपहर 12:45 बजे प्रारंभ हुआ. मैच विलंब से प्रारंभ होने के कारण अंपायरों ने समय की गणना कर 20-20 ओवरों का मैच कराने का निर्णय लिया. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चक्रधरपुर क्रिकेट क्लब की टीम ने अंकित कुमार सिंह के नाबाद अर्धशतकीय पारी की बदौलत बीस ओवर में सात विकेट पर 141 रन बनाए.

हार व जीत सामान्य प्रक्रिया है, खिलाड़ियों को हताश नहीं होना चाहिए: रंजीत

मनोहरपुर। स्व.हरीशचंद्र दास मेमोरियल नंदपुर के तत्वावधान में आयोजित रविवार को तीन दिवसीय फुटबॉल खेल प्रतियोगिता का समापन नंदपुर फुटबाल मैदान में संपन्न हुआ. बतौर मुख्य अतिथि मनोहरपुर(भाग-2) जिला परिषद सदस्य सह जिला परिषद उपाध्यक्ष रंजीत यादव व मुखिया सुशीला संवैयां व अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल में किक मारकर फुटवॉल फाइनल मैच का शुभारंभ किया. मुख्य अतिथि रंजित यादव ने कहा कि खेल में हार व जीत सामान्य प्रक्रिया है. इससे खिलाड़ियों को हताश होने की ज़रूरत नहीं है. कहा कि अपनी प्रतिभा को बेहतर बनाने में कड़ी मेहनत व अनुशासित ढंग से खेलने की आवश्यकता है. उन्होंने आयोजन समिति को ग्रामीण क्षेत्रों में इस आयोजन को लेकर बधाई व् शुभकामनाएं दी. वहीं फ़ाइनल खेल में भाग ले रहे दोनों टीमों का खेल काफ़ी अनुशासित व रोमांचकपूर्ण रहा.

भूमि विवाद का निपटारा करें: पिंगुवा

संवाददाता। मझागांव

मझगांव प्रखंड मानकी मुंडा संघ भवन परिसर में रविवार को मानकी मुंडा संघ का मासिक समीक्षा बैठक हुई. बैठक संघ के अध्यक्ष युगल किशोर पिंगुवा की अध्यक्षता में आयोजित की गई. बैठक में उपस्थित प्रखंड क्षेत्र के सभी गांव के मानकी, मुंडा व डाकुवाओ को संबोधित करते हुए युगल किशोर पिंगुवा ने कहा कि सभी मानकी मुंडा अपने अपने गांव क्षेत्र के भूमि, आपसी विवाद मामला को बैठक आयोजित कर निष्पक्ष रुप से निपटारा करें. 2023 - 24 के अपने-अपने ग्राम क्षेत्र के रैयतों का लगान रसीद काटकर अंचल कार्यालय में लगान जमा करें. अपने पोषक क्षेत्र के विद्यालयों में होने वाली बैठक में आवश्यक रूप से सभी ग्रामीण मुंडा एवं मानकी भागीदारी ले. ताकि बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा गुणवत्तापूर्ण मिले. अपने-अपने क्षेत्र की एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित न हो इसके लिए ग्राम सभा स्तर पर विचार विमर्श आवश्यक है. कोल्हान कार्यालय में सभी मानकी,मुंडा जल्द से जल्द मासिक प्रतिवेदन आवश्यक रुप से जमा करे. अपने अपने क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले. उसके लिए इलाज हेतु मरीज को अस्पताल तक लेकर जाएं. गांव क्षेत्र में समाज विरोधी गतिविधियों पर संपूर्ण रूप से प्रतिबंध लगवाने का कार्य करें. जिस गांव में वन समिति गठित नहीं है वहां तत्काल वन समिति गठन कर वनों की रक्षा एवं वनों में पौधरोपण किया जाना आवश्यक है. इस मौके पर मुंडा मोरन सिंह बिरुवा, बुद्धदेव पिंगुवा, मानकी राजनिकेश पिंगुवा,पसवान्त पाट पिंगुवा, खागेश्वर नायक, गुरुचरण नायक,राजेश बागवती, हरिश पिंगुवा, लादुरा चातार,मोरन सिंह हेंब्रम, आदि प्रंखड़ क्षेत्र मानकी,मुंडा डाकुवा उपस्थित थे.

आजसू पार्टी लातेहार इकाई की बैठक संपन्न

लातेहार। आजसू पार्टी लातेहार इकाई की एक बैठक सदर प्रखंड के नेवाड़ी पंचायत के सोहदाग गांव में जिलाध्यक्ष अमित कुमार पांडेय की अध्यक्षता में हुई. बैठक में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को रखा. ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सबसे बड़ी समस्या पुल और पानी की है. आजादी के बाद से आज तक उनके गांव में किसी वाहन का परिचालन नहीं होता है. नदी में पुल नहीं होने के कारण कोई भी वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाती है. कई बार समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाने के कारण लोग रास्ते मे ही दम तोड़ देते हैं. एक स्कूल है, जहां पानी पीने की व्यवस्था नहीं है. कुआं से पानी ला कर मिड डे मील बनाया जाता है. मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि खनन प्रभावित क्षेत्रों पर कंपनियां सीएसआर के तहत कार्य नहीं कर रही है. बैठक में जिला प्रवक्ता नीतेश पांडेय, सदर प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव, सचिव श्याम प्रसाद, अभिजीत कुमार और अंकित कुमार मौजूद थे.

शिविर चक्रधरपुर प्रखंड के लादुरासाई गांव में सामाजिक सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया

ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ दिलाना है उद्देश्य: आरती

संवाददाता। चक्रधरपुर

चक्रधरपुर प्रखंड की इटिहासा पंचायत के लादुरासाई गांव में सामाजिक सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का उद्देश्य जरुरतमंद ग्रामीणों को पेंशन व सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है. प्रदान संस्था के तत्वावधान में संचालित नागरिक सहायता केन्द्र की ओर से आयोजित इस शिविर में मुख्य रुप से पंचायत की मुखिया रुकमनी मोदीन, नागरिक सहायता केन्द्र की आरती बोदरा, मीना महतो उपस्थित थे.

शिविर के दौरान वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन के लिए जरुरतमंदों लोगों के आवेदन लिए गए. साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, मनरेगा जॉब कार्ड इत्यादि के लिए भी ग्रामीणों ने आवेदन फॉर्म भरकर जमा किया. मौके पर मौजूद नागरिक सहायता केंद्र की आरती बोदरा ने कहा कि शिविर में भरे गए सभी आवेदन फॉर्म को नागरिक सहायता केंद्र के माध्यम से प्रखंड कार्यालय में जमा कर जल्द से जल्द से जरुरतमंद लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा. उन्होंने कहा कि प्रखंड कार्यालय दूर होने, शिक्षा व जानकारी के अभाव में कई ग्रामीण सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाते हैं, इसे देखते हुये ही निःशुल्क शिविर लगाया गया. शाम तक चले इस शिविर में 110 आवेदन जमा लिए गए. इस मौके पर इटिहासा पंचायत के पंचायत सचिव, मनरेगा के रोजगार सेवक के अलावे पंचायत के अन्य पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद थे.

लादुरासाई गांव में शिविर के दौरान योजनाओं की जानकारी लेते ग्रामीण .

जुटे ग्रामीण
- इस शिविर का आयोजन प्रदान संस्था ने किया था
- शिविर में ग्रामीणों ने मनरेगा कार्ड के लिए आवेदन दिया

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जुटे राज्यभर के 'घुमक्कड़'

संवाददाता। चतरा

झारखंड के पर्यटन स्थलों को विश्व पटल पर लाने और छुपे हुए प्राचीन धरोहरों को सामने लाने के उद्देश्य से जीडीएस परिवार की राज्य स्तरीय सम्मेलन झील पार्क कैफेटेरिया में हुई. राज्य स्तरीय सम्मेलन में चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, रामगढ़ समेत अन्य जिलों से काफी संख्या में लोग पहुंचे.

'घुमक्कड़ी दिल से' ग्रुप द्वारा झारखंड के सदस्य एक-दूसरे से जुड़ने और झारखंड पर्यटन को बढ़ावा देने का प्रयास करने की योजना बना रहे हैं. जीडीएस परिवार का उद्देश्य झारखंड की खूबसूरती और यहां के अल्पचर्चित लेकिन महत्त्वपूर्ण प्राकृतिक स्थल, खान-पान और रीति-रिवाज को भी राष्ट्रीय पटल पर लाने उद्देश्य है. इसी दिशा में पहला प्रयास हजारीबाग से हुई. झील के निकट कैफेटेरिया के प्रांगण में सदस्यों का एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया. झारखंड के भौगोलिक, प्राकृतिक और सामाजिक परिप्रेक्ष्यों पर सदस्यों ने चर्चा की. आगे भी ऐसे कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई जिससे झारखंड प्रदेश में पर्यटन के लिए बाहर के लोग भी आएं और अपने अनुभवों से अन्य लोगों को परिचित करवाएं. हजारीबाग की श्वेता चंचल ने बताया कि इस ग्रुप के देश-विदेश के लगभग एक लाख सदस्यों में कई ऐसे हैं जो पर्यटन के लिए झारखंड आने के इच्छुक हैं. ऐसे आयोजन उनमें इस स्थल को लेकर रुचि में वृद्धि करेंगे. पर्यावरण संरक्षण को लेकर सदस्यों ने परिसर में पीपल और आम के पेड़ लगाए.

ब्रीफ खबरें

पेड़ पर लटकी मिली नाबालिग की लाश

अररिया। जिले के फारबिसगंज थाना इलाके में रविवार को एक लड़की का पेड़ से लटका शव मिला. शव मिलने से हड़कंप मच गया. बताया जाता है कि किशोरी शनिवार से लापता थी. शव मिलने की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई. आशंका जताई जा रही है कि हत्या के बाद छात्रा का शव पेड़ से लटका दिया गया. मृतका की पहचान शिवानी कुमारी मझुआ के तौर पर हुई है. वह फारबिसगंज कॉलेज में इंटर की छात्रा थी. बेटी की मौत की खबर से पूरा परिवार सदमे में है.

पथराव मामले में तीन कोर्ट वांरटी गिरफ्तार

भागलपुर। पतरघट पुलिस ने पुलिस पर पथराव और हमले के मामले में नामजद आरोपी सहित तीन कोर्ट वांरटी को गिरफ्तार किया. ओपी अध्यक्ष अजय कुमार पासवान ने बताया कि बीते 10 जुलाई को पतरघट ओपी पर पथराव एवं पुलिस हमला के मामले में नामजद फरार आरोपी पतरघट बाजार निवासी सूरज साह पिता बोतली साह उर्फ अनन्त लाल साह को शनिवार की शाम पुअनि कमलेश कुमार सिंह ने गिरफ्तार किया. वहीं कोर्ट वांरटी सिंटू यादव, पंकज यादव व चानो सादा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजने की बात कही.

नगर निगम महापौर ने किया घाटों का निरीक्षण

पूर्णिया। नगर निगम के महापौर विभा कुमारी ने शनिवार को नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर सफाई कार्य में जुटे कर्मियों को कई दिशा-निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान महापौर के साथ नगर निगम के अधिकारियों सहित जदयू के प्रदेश महासचिव जितेंद्र यादव, वार्ड पार्षदगण एवं पार्षद प्रतिनिधि मौजूद थे. महापौर ने सौरा सिटी घाट, पक्की तालाब, बीबीगंज छठ घाट, कला भवन छठ पोखर, पोलिटेक्निक कालेज छठ पोखर, छठ पोखर, बेलौरी बाईपास छठ घाट, गुलाबबाग दमका स्थित छठ घाट और शिव मंदिर स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया.

कथा के लिए कमिश्नर परमिशन नहीं दे रहे: रामभद्राचार्य

संवाददाता। पश्चिम चंपारण

चित्रकूट तुलसी पीठ के पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य इन दिनों पश्चिम चंपारण जिले के रामनगर स्थित अर्जुन विक्रम शाह स्टेडियम में कथा वाचन कर रहे हैं. इसी क्रम में जगद्गुरु ने बिहार सरकार को निशाने पर लेते हुए जमकर तंज कसा. उन्होंने कहा कि बिहार में अब ज्यादा दिनों तक जंगल राज नहीं चलेगा. प

पटना के गांधी मैदान में एक साल से मेरी कथा प्रस्तावित है, लेकिन वहां के कमिश्नर परमिशन नहीं दे रहे हैं. ऐसे में अब तुम्हें हटाकर ही पटना में कथा कहने आएंगे. सिर्फ इतना ही नहीं, उन्होंने राज्य के शिक्षा मंत्री प्रो. चंद्रशेखर पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस रामचरित मानस की तुम निंदा कर रहे हो, उसे बहुत जल्द राष्ट्र ग्रंथ होना है. यदि तब निंदा करोगे, तो राष्ट्रद्रोह का मुकदमा चलेगा. सीधे कृष्ण जन्म भूमि के दर्शन करोगे.

कसा तंज

- बिहार में अधिक दिनों तक जंगल राज नहीं चलेगा
- श्रीरामचरितमानस पर मंत्री से चर्चा की बात कही
- पटना के गांधी मैदान में मेरी कथा प्रस्तावित है

कथा वाचन के दौरान जगद्गुरु ने कहा कि बिहार सरकार को मेरे जैसे संत की हुंकार पर पसीना आ गया.

मैंने श्रीरामचरितमानस पर मंत्री चंद्रशेखर से चर्चा की बात क्या कह दी, सरकार डर गई है. जगद्गुरु ने यह बात इसलिए कही, क्योंकि बिहार के शिक्षा मंत्री प्रो. चंद्रशेखर ने रामचरितमानस को जातिवाद का स्रोत बताते हुए उसकी निंदा की थी. चंद्रशेखर के उसी बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए जगद्गुरु ने उन्हें रामचरितमानस पर चर्चा करने की खुली चुनौती दे डाली. यहां तक कह दिया कि बहुत जल्द रामचरितमानस राष्ट्रग्रंथ होने वाला है. यदि इस वक्त तुम उसकी निंदा करोगे, तो तुम पर राष्ट्रद्रोह होगा.

यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है

जगद्गुरु ने बिहार में जाति आधारित गणना पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है. ऐसा नहीं होना चाहिए. उन्होंने शिक्षामंत्री के विवादित बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रो. चंद्रशेखर अपना मानसिक संतुलन खो दिए हैं. मैं उन्हें चुनौती देता हूं. एक-एक पंक्ति पर चर्चा कर बता दूंगा कि रामचरितमानस में कहीं भी राष्ट्र विरोध में कुछ भी नहीं लिखा गया है. जगद्गुरु ने कहा कि गांधी मैदान में रामकथा अब तभी सुनाऊंगा, जब बिहार में भगवा लहराएगा और चहुंओर कमल खिलेगा. कहा कि बिहार में जातिगत बंटवारे की बयार बह रही है.

आओ जानें

सामान्य ज्ञान

- बिहार की सबसे ऊंची चोटी कौन सी है – कैमूर पहाड़ी क्षेत्र
- चोरटेन किस धर्म से संबंधित शब्द है – बौद्ध
- देश में कहां पहला तिलापिया पार्वो वायरस रिपोर्ट किया गया – तमिलनाडु
- देश के किस राजभवन में सिंहासन कक्ष का नाम सरदार वल्लभ भाई पटेल एकता कक्ष किया गया – कोलकाता
- केन्द्रीय बीज टेस्टिंग व रेफेरल प्रयोगशाला कहां है – वाराणसी
- बिहार में ख़िलजी वंश के सिक्के कहां से मिलते हैं – शाहपुर (भोजपुर)
- किस देश ने 40वां अंटार्कटिक वैज्ञानिक अभियान शुरू किया – चीन
- भारत में किस एक्ट के तहत सिविल सेवाएं शुरू हुई – चार्टर एक्ट, 1833
- किस राज्य के हाईकोर्ट ने म्हादेव वन्य जीव अभ्यारण्य में टाइगर रिज़र्व के गठन का आदेश दिया – गोवा
- इब्नबतूता किसके काल में भारत आया था – मुहम्मद बिन तुगलक

अमित शाह बिहार की महागठबंधन सरकार पर खूब गरजे, कहा

तेल और पानी एक नहीं होते

संवाददाता। मुजफ्फरपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को एक दिवसीय दौरे पर मुजफ्फरपुर पहुंचे. मुजफ्फरपुर के पताही हवाईअड्डा मैदान में सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह बिहार की महागठबंधन सरकार पर खूब गरजे. कहा कि नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री बनने के लिए बीजेपी का साथ छोड़ा, मगर उन्हें पीएम उम्मीदवार तो छोड़ो विपक्षी नेताओं के इंडी गठबंधन का संयोजक तक नहीं बनाया गया. अमित शाह ने आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और सीएम नीतीश की जुगलबंदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि तेल और पानी एक नहीं होते. अमित शाह ने कहा कि पलटू राम ने बिहार में जनादेश का अपमान किया है. अब पलटूमार देश के प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं.

इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि एक प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं, वहीं दूसरा अपने बेटे को सीएम बनाना चाहते हैं. नीतीश कुमार जी लालू जी और इंडी गठबंधन में फंस चुके हैं, बाहर तो निकलना चाहते हैं. लेकिन, निकल नहीं पा रहे हैं. वहीं अमित शाह ने बिहार के जातिगत सर्वे को लेकर कहा कि जातिगत सर्वे का फैसला बीजेपी के सहयोग से लिया गया था.

ये दरवाजा नहीं खुलेगा: गिरिराज

वहीं इससे पहले गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि देश में केंद्र सरकार की कई योजनाएं देश में चल रही हैं. लेकिन, बिहार में राज्य सरकार की लापरवाही से यहां की जनता को इसका फायदा नहीं मिल पा रहा है. देश की जनता ने तय कर लिया है कि 2024 में नरेंद्र मोदी जी को फिर से गद्दी पर बिठाना है और बिहार में भी बीजेपी की सरकार बनाना है. केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने अपने संबोधन की शुरुआत जय श्री राम का नारा देकर की. आज देश नरेंद्र मोदी और अमित शाह को राम और लक्ष्मण की तरह देख रहा है. क्या कभी देश ने सोचा था. धारा 370 और राम मंदिर बनने का सपना पूरा होगा. ये नरेन्द्र मोदी की वजह से संभव है. गिरिराज सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार गाना गा रहे है रूठे रूठे पिया मनाऊं कैसे? लेकिन, बीजेपी ने भी साफ कर दिया है ये दरवाजा नहीं खुलेगा.

साधा निशाना

- नीतीश कुमार ने पीएम बनने के लिए बीजेपी के छोड़ा
- पलटू राम ने बिहार के जनादेश का अपमान किया

जब इसका फैसला लिया गया था उस दौरान बीजेपी बिहार सरकार का हिस्सा थी. लेकिन, जो सर्वे आया है उसमें यादवों और मुस्लिमों की संख्या बढ़ाकर पिछड़ा समाज की संख्या को कम दिखाकर उन्हें पीछे करने का काम किया गया है. बिहार का जातिगत सर्वे एक तरह से बिहार की जनता के साथ छलावा है. बिहार की सरकार लालू जी के दवाब में मुस्लिम तुष्टीकरण का कम कर रही है.

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी जी ने देश के 60 करोड़ लोगों को आगे आने का रास्ता दिखाया है. इंडी गठबंधन कहती है कि जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी हिस्सेदारी. मेरा इंडी गठबंधन और लालू जी से सवाल है कि क्या वे लोग मुख्यमंत्री का चेहरा का किसी अति पिछड़े को बनाएंगे. अमित शाह ने कहा कि हमारी सरकार ने मुजफ्फरपुर में 200 बेड का कैंसर अस्पताल बनवाया. वहीं हमलोगों ने यहां की प्रसिद्ध लीची को जीआई टैग दिलाने का काम किया. कहा कि बिहार की जनता ने 2014 में मोदी जी को 31 सीटें दी थी. वहीं 2019 लोकसभा चुनाव में 39 सीटें दिलाई. अब लोकसभा चुनाव 2024 में बिहार की जनता से निवेदन है कि इस बार मोदी जी को 40 सीटों को दिलाने का काम करें. अमित शाह ने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है. मैं बिहार की जनता से भी इस बड़े आयोजन और देश भर के मंदिरों में होने वाली आरती में शामिल होने का निवेदन करता हूं.

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मैं ऐतिहासिक बाबा गरीबनाथ मंदिर में विराजमान भगवान शिव के चरण में वंदना कर अपनी बात की शुरुआत करता हूं.

मनीगाछी में शराब लदी ट्रक जब्त, तीन गिरफ्तार

दरभंगा। मनीगाछी पुलिस ने मनिगाछी बथिया मार्ग के बीच शराब की खेप पकड़ी. पुलिस ने चनौर स्थित पेट्रोल पंप के पास शराब लदी ट्रक को तीन शराब धंधेबाज सहित जब्त कर लिया. थानाध्यक्ष रंजीत कुमार चौधरी ने बताया कि शराब की यह खेप चंडीगढ़ से स्थानीय कारोबारी को पहुंचाए जाने की योजना थी. जब्त ट्रक पर विभिन्न ब्रांडों की 5802 बोतलें शराब थीं, जिसकी कुल मात्रा 2950.2 लीटर शराब पायी गई. गिरफ्तार तीन लोगों में ट्रक ऑनर पंजाब राज्य के मोहाली जिला के डेराबस्सी थाना अंतर्गत खेड़ी गुजरा निवासी कंवरपाल, ड्राइवर पंजाब राज्य के तरणतारण जिला अंतर्गत हरिके थानान्तर्गत हरिकेपतन निवासी परमजीत सिंह तथा स्थानीय थाना क्षेत्र के जलेगर निवासी धनुक जी यादव के पुत्र रविंद्र यादव शामिल हैं. गिरफ्तार लोगों से पूछताछ की जा रही है. इनके विरुद्ध मद्य निषेध अधिनियम के तहत अग्रतर कार्रवाई की जाएगी. गिरफ्तार तीन धंधेबाजों को न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा. गश्ती दल में एस आई चितरंजन ओझा सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे. दूसरी ओर बिरौल थाना क्षेत्र के नगर क्षेत्र के खेबा निवासी इंदल साह को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश झा ने बताया कि जेल भेजे गए इंदल साह के विरुद्ध शराब तस्करी करने के बिरौल थाना के अलावे अन्य थाना में भी कई मामले दर्ज हैं.

राष्ट्रीय जनता दल ए टू जेड की पार्टी है: तेजस्वी यादव

पटना। राष्ट्रीय जनता पार्टी (आरजेडी) अब जाति कार्ड खेलते हुए भूमिहार समाज पर लक्ष्य कर रही है. लोकसभा चुनाव से पहले भूमिहार समाज को साधने में लगी है. बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने भूमिहार समाज को राजद के साथ रहने की अपील की. उन्होंने कहा कि राजद ने पिछले चुनाव में भूमिहारों को 5 सीटें दी थीं.

इनमें से तीन पर जीत मिली थी. उन्होंने भूमिहार समाज के लोगों से कहा कि हमने शुरुआत कर दी है, अब आप भी कदम बढ़ाइए. तेजस्वी यादव ने साफ कर दिया कि आगामी चुनावों में टिकट बंटवारे के दौरान राजद भूमिहारों पर भी फोकस करेगी. पटना स्थित राजद दफ्तर में रविवार को बिहार केसरी श्रीकृष्ण सिंह की 136वीं जयंती पखवाड़े का समापन समारोह आयोजित किया गया था. इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि राजद ए टू जेड की पार्टी है, भूमिहार समाज साथ रहे. इस समाज को जो प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए था नहीं मिला है. अच्छे काम की शुरुआत में समय लगता है.

तेजस्वी यादव ने भूमिहारों से कहा कि उम्मीद करते हैं, आप लोग भी कदम बढ़ाने का काम करेंगे. शुरुआत हुई है तो आगे भी कदम बढ़ाएं. कहा कि बीजेपी की राजनीति बनावटी, दिखावटी और मिलावटी है. हम लोग सच बोलते हैं. डरने वाले नहीं हैं. सबको साथ लेकर चलेंगे. टिकट वितरण में कोई भेदभाव नही करेंगे. बता दें कि नीतीश सरकार की हालिया जाति गणना रिपोर्ट के अनुसार बिहार में भूमिहारों की आबादी 2.86 फीसदी है. हालांकि, माना जाता है कि जमीन जायदाद में परिपूर्ण होने के कारण इस समाज के लोगों की दूसरी जातियों के वोटरों को भी प्रभावित करने की क्षमता है. भूमिहारों को बीजेपी का कोर वोटर माना जाता है. कुछ सीटों पर इसके वोटर निर्णायक भूमिका में हैं.

बोले तेजस्वी

- भूमिहार समाज को राजद के साथ रहने की अपील
- राजद ने पिछले चुनाव में भूमिहारों को पांच सीट दी थी

कारोबार

ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक का लाभ 18.58 करोड़ रहा

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माता ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक का सितंबर में समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ लगभग तीन गुना होकर 18.58 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है. इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 7.42 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था. कंपनी ने बयान में कहा कि तिमाही के दौरान उसकी आमदनी बढ़कर 307.16 करोड़ रुपये हो गई.

घट रहा है गैर जरूरी उत्पादों का आयात

नई दिल्ली । देश से टीवी, टायर, वॉलपेपर और एसी गैस कंप्रेसर जैसे गैर-आवश्यक उत्पादों का आयात घट रहा है. विदेश से कुछ वस्तुओं को मंगाने पर अंकुश, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के चलते ऐसा हो रहा है. कहा कि डंपिंग रोधी और प्रतिपूर्ति शुल्क लगाने जैसे अन्य उपायों से भी गैर-जरूरी आयात को नियंत्रित करने में मदद मिली है.

एजुकेशन-टेक्नोलॉजी कंपनी बायजूस के सीइओ बायजू रवींद्रन ने घाटे पर कहा

2022 ने हमें बहुत कुछ सिखाया

- बायजूस को 2250 करोड़ रुपये का घाटा हुआ
- एक साल पहले 2406 करोड़ का घाटा हुआ था

भाषा । नई दिल्ली

एक समय भारत में स्टार्टअप कल्चर की अग्रणी कंपनी होकर उभरी कंपनी बायजूस को एक बार फिर घाटे का सामना करना पड़ रहा है. एजुकेशन-टेक्नोलॉजी कंपनी बायजूस को 31 मार्च 2022 को खत्म हुए वित्त वर्ष में 2,250 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है. जबकि एक साल पहले कंपनी को 2406 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था. हालांकि, कंपनी की इनकम 1,552 करोड़ से बढ़कर 3,569 करोड़ हो गई है. वहीं फाइनेंशियल रिजल्ट जारी करने में देरी सहित कई अन्य कारणों से कंपनी रेगुलेटरी जांच के घेरे में है. फाउंडर और सीइओ बायजू रवींद्रन ने कहा कि उठापटक से भरे फाइनेंशियल ईयर 2022 ने हमें बहुत कुछ सिखाया है. इस साल हमने 9 एक्विजिशन किए हैं, जो दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती इकोनॉमी भारत में एजुकेशन टेक्नोलॉजी की पोटेंशियल को हाइलाइट करता है.

कोरोना महामारी के बाद दुनिया में बहुत कुछ बदला है, यह हमें बहुत कुछ सिखा गया है. आने वाले सालों में बायजू सस्टेनेबल और प्रॉफिटेबल ग्रोथ के साथ आगे बढ़ेगा. इसी साल अप्रैल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बेंगलुरु स्थित बायजूस के तीन ऑफिस में छापेमारी की थी. अधिकारियों ने तलाशी के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल डेटा जब्त किया थे. जांच एजेंसी के अनुसार, कंपनी को 2011 और 2023 के बीच 28,000 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मिला. इसके अलावा कंपनी ने भी एफडीआई के नाम पर पैसा अलग-अलग देशों में भेजा. बता दें कि हाल ही में केंद्र सरकार ने बायजूस की अकाउंट बुक्स की जांच के आदेश दिए थे.

इस जांच के बाद कंपनी के मामलों का आंतरिक आकलन किया जाएगा. इसमें जो सामने आएगा, उसके आधार पर सरकार फैसला लेगी कि क्या मामले को सीरियस फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन ऑफिस के पास ले जाने की जरूरत है या नहीं.

बायजू रवींद्रन तब अपनी कंपनी का बचाव करते हुए रोने लगे थे

अप्रैल में ईडी ने जब एडटेक स्टार्टअप बायजूस के ऑफिस में विदेशी करेंसी के उल्लंघन से जुड़े मामले को लेकर छापा मारा था. जब छापेमारी हुई तो कंपनी के मालिक रवींद्रन मिडिल ईस्ट के निवेशकों से 1 बिलियन डॉलर का फंड जुटाने के लिए दुबई में थे. वो अपने अपार्टमेंट में घूमते हुए ब्लैक कॉफी पी रहे थे. तभी कंपनी के टॉप इन्वेस्टर्स की कॉल आने लगी. ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार रवींद्रन अपनी कंपनी का बचाव करते हुए रोने लगे. प्रवर्तन निदेशालय ने यह कार्रवाई कुछ लोगों की शिकायतों के आधार पर की थी. रवींद्रन पर यह भी आरोप है कि उनके नाम पर कई समन जारी हुए, लेकिन वह ईडी के सामने कभी पेश नहीं हुए. इसके अलावा कई अमेरिकी निवेशकों ने बायजूस पर 50 मिलियन डॉलर छिपाने का आरोप लगाया है और मुकदमे दायर किए हैं. प्रोसस एनवी ने बताया कि कंपनी की खराब प्रशासनिक व्यवस्था के कारण बोर्ड से इस्तीफा दे दिया था.

एसयूवी का योगदान बिक्री में 60% से अधिक रहेगा

नई दिल्ली। हुंदै मोटर इंडिया लि. (एचएमआईएल) की कुल बिक्री में इस साल स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनों (एसयूवी) की हिस्सेदारी बढ़कर 60 प्रतिशत से अधिक रहने की उम्मीद है. कंपनी के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) तरुण गर्ग ने कहा कि क्रेटा और हाल में पेश एक्सटर जैसे मॉडलों को काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है, जिससे हम यह लक्ष्य हासिल करने की ओर हैं. पिछले तीन माह में तेजी आने के साथ कंपनी वैश्विक भू-राजनीतिक चिंताओं के बावजूद अपने निर्यात की गति बनाए रखने को लेकर आश्वस्त है. गर्ग ने कहा कि इस साल के अंत तक हमारी कुल बिक्री में एसयूवी का हिस्सा 60 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा. हमने साल के शुरू में यह बात कही थी. अब हम लगभग वहां पहुंच रहे हैं. उनसे कंपनी की कुल बिक्री में एसयूवी के योगदान के बारे में पूछा गया था. कहा कि हमारे लिए अच्छी बात यह है कि एसयूवी का योगदान अक्टूबर में 63 प्रतिशत हो गया है और इस साल अबतक यह 59 प्रतिशत हो गया है.

ई1 शोरूम मे मिलेंगे कई ब्रांडों के इलेक्ट्रिक टू व्हीलर

संवादादाता। रांची

पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतें और इससे हो रहे प्रदूषण को देखते हुए अब लोग इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर आकर्षित हो रहे हैं. इलेक्ट्रिक वाहन का इस्तेमाल शहर में ज्यादा हो रहा है. कम दूरी तय करने के लिए ग्राहकों के बीच इलेक्ट्रिक वाहन की डिमांड बढ़ी है.

इसको देखते हुए शहक के रातू रोड में आज रविवार को टू व्हीलर इलेक्ट्रिक वाहन शोरूम ई1 का उद्घाटन किया गया. इस शोरूम में एक छत के नीचे विभिन्न फीचर से लैस कई इलेक्ट्रिक वाहन आपको मिल जायेंगे. शोरूम के उद्घाटन के दौरान शालिग्राम राजगढ़िया, संजय राजगढ़िया, सुभाष राजगढ़िया, संचित राजगढ़िया, संदीप राजगढ़िया, ऋषभ राजगढ़िया समेत अन्य लोग मौजूद रहे.

75 हजार से 1.30 लाख तक के इलेक्ट्रिक टू व्हीलर उपलब्ध : मौके पर शोरूम के डायरेक्टर संचित राजगढ़िया ने कहा कि शोरूम 1000 वर्ग फीट में फैला हुआ है. लोगों के बजट के अनुरूप किफायती दर पर इलेक्ट्रिक टू व्हीलर उपलब्ध है. शोरूम में इलेक्ट्रिक टू व्हीलर की रेंज 75 हजार से शुरू होकर 1.30 लाख रुपये तक है.

शेयर तकनीक आधार पर भारतीय शेयर मार्केट पुनः सुदृढ़ हुए हैं, निफ्टी 19500-19550 के अवरोध को पार करता है तो मंदी के सौदों में बड़ा कटान दिख सकता है

भारतीय शेयर मार्केट में अच्छी तेजी संभव, दीर्घ अवधि में अच्छे रहने के संकेत

शशांक भारद्वाज
वीपी च्वॉइस ब्रोकिंग

लगता है ये अंततः थक गए. यूएस फेड चेयरमैन पॉवेल भी ब्याज दर बढ़ाते-बढ़ाते, विदेशी संस्थागत निवेशक भारत में शेयर बेचते-बेचते, मंदडिये भारतीय शेयर मार्केट में मंदी के लाते-लाते. अमेरिकी अर्थव्यवस्था में वृद्धि दर बहुत अच्छी आने पर भी पॉवेल महोदय ने इस बार की मौद्रिक नीति में ब्याज दरें स्थिर रखीं. अमेरिकी सहित अन्य शेयर बाजार उनकी ब्याज दरों में पिछले कुछ समय में इतनी अधिक वृद्धि के अतार्किक तथा अव्याहारिक निर्णय पर एक थकावट की प्रतीक्षा कर रहे थे. ज्यों ही उन्हें इसके संकेत मिले, उन्होंने इसका भरपूर विजय घोष मनाया. डाउ जोंस ने गुरुवार को पांच महीने की सबसे बड़ी 565 अंकों की तेजी दिखाई तथा यही नहीं रुके. अगले दिन शुक्रवार को भी इस तेजी का विस्तार 222 अंकों की और तेजी के साथ किया. उनका शुक्रवार का उच्चतम स्तर तो 100 अंक और भी तेजी का था. यह शेयर बाजारों में एक नई तेजी प्रारंभ होने का उद्घोष सा लगता है. साप्ताहिक आधार पर डाउ में पिछले सप्ताह 1644 की बढ़त रही.

ये भी तब जब इजराइल हमास युद्ध चल रहा है. इससे भी सुदृढ़ता का अनुमान लगाया जा सकता है. चूंकि यूएस शेयर मार्केट वैश्विक शेयर बाजार की धुरी, अगवा माना जाता है तो वहां के उछाल ने अन्य शेयर मार्केट में उत्साह भरा. भारत तो अपेक्षाकृत तुलनात्मक रूप से अच्छा बना हुआ था. मंदी आई थी परंतु उसका प्रतिकार कर पुनः तेज उछाल भी देखा जा रहा था. क्योंकि भारत के आर्थिक कारक, अर्थव्यवस्था तो अच्छी स्थिति में थे ही, शेयर मार्केट में भी घरेलू संस्थागत निवेशक, छोटे खुदरा निवेशक अच्छा निवेश करते जा रहे थे. फिर यूएस मार्केट में बड़ी तेजी से भारतीय शेयर मार्केट में भी उत्साह अधिक बढ़ गया. गुरुवार को निफ्टी में 144 तथा फिर शुक्रवार को 97 अंक और की वृद्धि हुई. पूरे सप्ताह में निफ्टी में 183 अंकों की बढ़त रही. गिफ्ट निफ्टी जो निफ्टी ट्रेडिंग सत्र की बंदी के बाद भी ट्रेड करता, वो सप्ताहांत में 30 नवंबर निफ्टी 19296 की तुलना में 131 अंक ऊपर 19427 था. अर्थ यह कि यदि कोई बहुत बड़ी नकारात्मक बात नहीं आती तो भारतीय शेयर बाजार शुभ दिवाली के अवसर पर समृद्धि का धमाका करने को तत्पर है. तकनीक आधार पर भी भारतीय शेयर मार्केट पुनः सुदृढ़ हुए हैं. निफ्टी 19500-19550 के अवरोध को पार करता है तो मंदी के सौदों में बड़ा कटान दिख सकता है.

वैसे निफ्टी के इन स्तरों का अधिक महत्व एक सिद्धांतिक ही सा हैं क्योंकि भारतीय शेयर मार्केट में खुदरा भारतीय निवेशक लगातार उत्साहित हैं. निवेश कर रहे हैं, व्यापक मार्केट को जीवंत रखे हुए हैं. यह भारतीय शेयर मार्केट का बड़ा आधार बनते जा रहा है, बनने जा रहा है. इसमें प्रतिभागी बन लाभ बनाएं. विभिन्न भावों पर अच्छे आधारभूत कारकों वाले मध्यम तथा लघु शेयरों में निवेश करते रहना चाहिए. बड़े शेयर एफआईआई बिकवाली के कारण उतने बढ़ नहीं पा रहें हैं, ऊपर से खुदरा निवेशकों की अधिक रुचि बजे शेयरों में उतनी अधिक नहीं लग रही है.

भारत एक लघु तथा मध्यम शेयरों की क्रांति से गुजर रहा है. कहते भी हैं शेयर मार्केट में दिशा ही मित्र है. हुआ क्या है न कि भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है. शेयर मार्केट पूंजीकरण तथा जीडीपी का न्यूनतम अनुपात 1:1 का होता है. तो अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ेगा तो शेयर मार्केट का पूंजीकरण भी उसकी बराबरी, समकक्ष में बढ़ेगा ही. कंपनियों के व्यापार तथा लाभ में भी अच्छी वृद्धि होगी. भारत की तात्कालिक तथा लघु अवधि की चिंताएं आसन्न विधानसभा तथा लोकसभा के चुनाव तथा कच्चे तेल का मूल्य है. अमेरिकी ब्याज दरें तो लगता है अपने उच्चतम स्तरों को प्राप्त कर चुकी हैं तथा अब नीची ही आनी चाहिए. अत्यधिक ऊंची ब्याज दरों तथा एफआईआई की बिकवाली के युग में भारतीय शेयर मार्केट ने नया इतिहास बनाया है. अब यदि यह दिशा बदलती है तो भारतीय के शेयर मार्केट की नई ऊंचाइयों का सहज अनुमान लगाया जा सकता है.

शेयरों का चयन आधारभूत शक्ति के आधार पर करें

विस्तृत आधार पर भारतीय कंपनियों के वित्तीय परिणाम भी अच्छे आ रहें हैं. अतः यहां से ऊंचे स्तरों पर भी मार्केट बहुत महंगे नहीं होंगे. और बहुत से शेयर विशेष में अच्छी बढ़त सभी परिस्थितियों में दिखती है. अतः निवेश के लिए शेयरों का चयन उनकी आधारभूत शक्ति के आधार पर करें. गिरावट पर भी खरीदें तथा अधिक गिरावट पर और अधिक खरीदना चाहिए. अगले कुछ माह में केंद्रीय राजनीतिक परिस्थिति में परिवर्तन नहीं होता है तो भारतीय शेयर मार्केट का स्वर्ण युग आरंभ हो सकता है. पिछले सप्ताह एफआईआई में नकद संभाग में 5490 करोड़ रुपये की बिकवाली की. इसमें शुक्रवार की बिकवाली मात्र 12 करोड़ रुपये की थी. साथ ही शुक्रवार को उन्होंने 1022 करोड़ रुपये के इंडेक्स फ्यूचर तथा स्टॉक फ्यूचर में 2989 करोड़ रुपये की खरीदारी की. सप्ताहांत में यह बड़ी खरीदारी तथा तेजी की खरीदारी है. पिछले सप्ताह घरेलू भारतीय संस्थागत निवेशकों ने 3539 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे. एफआईआई की ऑप्शन में गतिविधि थोड़ी कम होती दिख रही है. यह उनके अधिक आश्वस्त होने का संकेत है. शेयर मार्केट के लिए अच्छा भी है. पिछले सप्ताह यूएस बॉन्ड यील्ड गिरकर 5.05 से 4.52 आ गई. यदि यह 4.38 के नीचे आ गई तो फिर तकनीकी आधार पर भी यह और भी नीचे स्तरों का संकेत होगा. ऐसा होने पर शेयरों में निवेश में वृद्धि होगी.

यूएस डॉलर इंडेक्स ढीला होकर 105 आ गई

यूएस डॉलर इंडेक्स 107 के उच्च स्तरों से ढीला हो 105 आ गई. इजराइल हमास युद्ध के पश्चात भी कच्चा तेल ऊंचे स्तरों पर टिक नहीं पा रहा सप्ताहांत में 85.23 डॉलर प्रति बैरल रहा. ये भारत के लिए शुभ संकेत है. ऊपर से मोदी सरकार कच्चा तेल सस्ते भावों में खरीदने में सिद्धहस्त है. भारत में अभी भी जितने डीमैट अकाउंट खुले हैं. उनका 25 प्रतिशत के आसपास ही सक्रिय हैं. इससे पता चलता है कि शेयर मार्केट में अभी कितना अधिक विस्तार अभी भी शेष है. इंडिया विक्स नीचे हो 10.88 है. यदि भारतीय शेयर मार्केट अगले दो दिन नही गिरते तो फिर एक तीव्र तेजी भी देखी जा सकती है. टेक्सटाइल्स, कंज्यूमर इलेक्ट्रिक के शेयर अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं. दिवाली हैं न, यूएस में ब्याज दर नही बढ़ने से प्रमुख शेयरों में भी एफआईआई की लिवाली आ सकती है. अक्टूबर माह का जीएसटी संग्रह 1.72 लाख करोड़ रुपये आया है जो दूसरा सर्वाधिक है. भारत का औसत मासिक जीएसटी संग्रह 1.66 लाख करोड़ रुपये है जो पीछे वर्ष की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है. यह भारतीय अर्थव्यवस्था तथा सरकार की वित्तीय स्थिति के लिए अच्छा है. फिर दिवाली की जीएसटी आनी है. दिवाली सप्ताह का शेयर मार्केट आप के लिए नई, अधिक समृद्धि ले कर आए.

एआई के लिए प्रतिमान!

तकनीक की बदलती दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की धूम जितनी तेजी से बढ़ी है, इस संदर्भ में कुछ महत्वपूर्ण सवाल समाज और सरकारों को भी परेशान करने लगे हैं. दुनिया में तकनीक के विस्तार को तो नहीं रोका जा सकता, लेकिन उसके बेजा इस्तेमाल पर जरूर अंकुश लगाया जा सकता है. इस समय पूरी दुनिया में तकनीक के विस्तार का बोलबाला है. समृद्धि का वह एक पैमाना भी है और प्रगति की राह भी उससे प्रशस्त होती है. इसके बावजूद इन दिनों कुछ ऐसे सवाल भी उठाए जा रहे हैं, जिन्हें दरकिनार नहीं किया जा सकता है. मानवीय संबंधों को ले कर उठने वाले सवालों से सरकारें भी परेशान हो रही हैं. इसके साथ ही श्रमबल के उपयोग की संभावनाओं को ले कर भी कुछ सवाल उठे हैं. इसी बीच आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के प्रतिमान तय करने के लिए पश्चिमी देशों की एक महत्त्वपूर्ण बैठक लंदन में हुई है. इस बैठक से ठीक पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एआई कंपनियों के लिए तय किए कायदों का एक आदेश अपने देश में जारी किया. लंदन की बैठक में कुल 27 सरकारों के प्रतिनिधियों के भाग लेने की खबर हैं. गौरतलब है कि विभिन्न क्षेत्रों में एआई के बढ़ते इस्तेमाल के साथ जहां इसकी अपार संभावनाओं से दुनिया परिचित हो रही है, वहीं इस तकनीक पर से मानवीय नियंत्रण खत्म होने की आशंका भी पैदा हुई है. इसके अलावा इससे इंसानी नौकरियों के लिए खतरा पैदा होने और साइबर हमलों के अधिक खतरनाक जैसे अंदेशे भी गहराए हैं. लंदन की बैठक ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पहल पर हो रही है. पिछले हफ्ते सुनक ने जोर दिया था कि उनका लक्ष्य सुरक्षा के मामले पर एक अंतरराष्ट्रीय समझ को विकसित करना है. ह्वाइट हाउस ने एआई के इस्तेमाल के लिए जो सुरक्षा मानक तय किए हैं, उसके तहत कंपनियों को अपने कुछ खास तरह के सिस्टम सरकारी समीक्षा के लिए जमा करने होंगे. इसे निजी क्षेत्र में सरकार की दखल माना गया है, लेकिन इसे सामाजिक हित में जरूरी भी समझा जा रहा है. इस बैठक से कुछ रोज पहले ही चीन ने एआई संचालन के लिए अपना दस्तावेज जारी किया था. विशेषज्ञों के मुताबिक अमेरिका और चीन इस समय एआई के क्षेत्र में दो अग्रणी देश हैं, लेकिन वे अलग-अलग प्रतिमानों के आधार पर इस तकनीक को विकसित करने में जुटे हुए हैं. यह अच्छी बात है कि लंदन की बैठक में चीन को भी आमंत्रित किया गया है. मगर इस समय पश्चिम और चीन के बीच जिस तरह की होड़ चल रही है, उसमें उनके बीच किसी भी मुद्दे पर सहमति बनना कठिन हो गया है. इसलिए यह आशंका गहरा गई है कि एआई संचालन के दो प्रतिमानों के बीच दुनिया बंट सकती है. ऐसा हुआ तो इंटरनेट का भी बंटवारा भी हो सकता है.

> समृद्धि का वह एक पैमाना भी है और प्रगति की राह भी उससे प्रशस्त होती है. इसके बावजूद इन दिनों कुछ ऐसे सवाल भी उठाए जा रहे हैं, जिन्हें दरकिनार नहीं किया जा सकता है. मानवीय संबंधों को ले कर उठने वाले सवालों से सरकारें भी परेशान हो रही हैं.

त्योहारी सीजन में खरीदारों की भीड़

देश में त्योहारी सीज़न का खर्च देश की अर्थव्यवस्था में वृद्धि को बढ़ावा दे रहा है, उपभोक्ता कारों, स्मार्टफोन और टीवी पर पैसा खर्च कर रहे हैं. पिछले साल की तुलना में त्योहारी बिक्री के पहले सप्ताह के दौरान अमेज़ॅन और फ्लिपकार्ट जैसे ऑनलाइन बिक्री प्लेटफार्मों की बिक्री में लगभग 20% की वृद्धि देखी गई है. अक्टूबर में डिजिटल लेन-देन में भी लगभग 40% की वृद्धि हुई है. इस मजबूत खर्च का श्रेय मुद्रास्फीति में कमी, बढ़ती मजदूरी और किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों को समर्थन देने के लिए सरकार की पहल को दिया जा रहा है.

त्योहारी सीजन का खर्च तेजी से बढ़ रहा है, क्योंकि उपभोक्ता कारों, स्मार्टफोन और टीवी पर पैसा खर्च कर रहे हैं, जिससे दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक भारत में विकास को बढ़ावा मिल रहा है. आमेजन और वालमार्ट के स्वामित्व वाली फ्लिपकार्ट जैसे ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर बिक्री एक साल पहले की तुलना में त्योहारी बिक्री के पहले सप्ताह में लगभग पांच गुना अधिक है. यूनिफ़ाइड पेमेंट इंटरफ़ेस द्वारा रिकॉर्ड किए गए डिजिटल लेन-देन अक्टूबर में एक साल पहले की तुलना में लगभग 40% बढ़ गए हैं. भारत का त्योहारी सीजन आम तौर पर दिवाली तक कई हफ्तों पूर्व से ही चलता है. इस साल दिवाली 12 नवंबर को है. इस दौरान आम भारतीय अक्सर भोजन, उपहार और घर में सुधार के लिए धन खर्च करते हैं. बाजार का गुलजार होना, लोगों की बढ़-चढ़ कर खरीदारी करना पॉजिटिव संकेत है, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 60% है. अर्थशास्त्री इसे मुद्रास्फीति में कमी और वेतन में बढ़ोतरी की ओर इशारा बताते हैं, खासकर ग्रामीण इलाकों में, जहां भारत की अधिकांश आबादी रहती है. केंद्रीय बैंक के नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि सितंबर में उपभोक्ता विश्वास चार साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जबकि इस साल ब्याज दरों में बढ़ोतरी के बावजूद बैंक ऋण की मांग 12 साल के उच्चतम स्तर के करीब पहुंच गई है. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार भी 2024 चुनाव से पहले किसानों को लक्षित कर रही है, उन्हें कुछ फसलों पर उच्च गारंटीकृत कीमतें दे रही है और रसोई गैस की लागत पर अंकुश लगा रही है. क्वांटेको रिसर्च के अर्थशास्त्रियों ने पिछले हफ्ते एक रिपोर्ट में लिखा था, शहरी और ग्रामीण दोनों खपत त्योहारी सीजन में काफी मजबूत स्तर पर प्रवेश कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जारी राजकोषीय समर्थन से क्षेत्र में खपत को और बढ़ावा मिल सकता है. मजबूत खर्च एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में विनिर्माण गतिविधि को चलाने में मदद कर रहा है और मार्च में समाप्त होने वाले चालू वित्तीय वर्ष में 6% से अधिक की वृद्धि को रेखांकित कर रहा है. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का अनुमान है कि भारत की अर्थव्यवस्था 2023 और 2024 दोनों में 6.3% बढ़ेगी, जो प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज़ गति है.

• देश-काल

बृजेंद्र दुबे

उपभोक्ता व्यवसाय मजबूत बिक्री की रिपोर्ट कर रहे हैं, जबकि एक्सिस जैसे बैंक अगले कुछ महीनों में कारोबार की गति में तेजी पर दांव लगा रहे हैं. रिलायंस रिटेल ने पिछले हफ्ते एक बयान में कहा था कि उसने हाल के त्योहारों के दौरान जबरदस्त खरीदारी देखी है. त्योहारी अवधि के अलावा, क्रिकेट विश्व कप और आगामी शादी के सीज़न से भी खपत को बढ़ावा मिलने की संभावना है. क्रिकेट टूर्नामेंट 19 नवंबर तक पूरे भारत के शहरों में आयोजित किया जा रहा है, कुछ अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि इससे अर्थव्यवस्था में 2.6 बिलियन डॉलर का इजाफा हो सकता है क्योंकि प्रशंसक यात्रा और बाहर खाने पर खर्च कर रहे हैं. देश के सबसे बड़े व्यापारी समूह कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स को उम्मीद है कि 23 नवंबर से 15 दिसंबर तक चलने वाले शादी के सीजन में सोने के आभूषण, कपड़े और अन्य उपभोक्ता वस्तुओं जैसी वस्तुओं पर 50 अरब डॉलर खर्च होंगे. त्योहारों के मौसम के बाद शादियों का मौसम मजबूत रहने की उम्मीद है, इन दोनों को मिलाकर निकट अवधि में विकास को समर्थन मिलना चाहिए. ऋण की आसान उपलब्धता और मुद्रास्फीति कम होने की उम्मीदों से विशेष रूप से बड़े पैमाने पर बाजार में विवेकाधीन खर्च में क्रमिक सुधार में मदद मिलनी चाहिए.

31 अक्टूबर तक अमेज़न, फ्लिपकार्ट और अन्य की ऑनलाइन बिक्री सप्ताह में 47 बिलियन रुपए तक पहुंच गई है. इसमें कहा गया है कि मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक सामान और बड़े उपकरणों की बिक्री में लगभग 67% हिस्सेदारी रही.
यूपीआई, जो वास्तविक समय के डिजिटल भुगतान को रिकॉर्ड करता है, ने 1-31 अक्टूबर तक 16.46 ट्रिलियन रुपए के लेन-देन संसाधित किए, जो एक साल पहले से 40% से अधिक की वृद्धि है. भारतीय रिज़र्व बैंक के आंकड़ों से पता चलता है कि सितंबर में क्रेडिट कार्ड से भुगतान 16% बढ़ कर 1.42 ट्रिलियन रुपए हो गया. अन्य उच्च आवृत्ति संकेतक मजबूत खपत की एक समान तस्वीर पेश करते हैं. सितंबर में वस्तु एवं सेवा कर संग्रह एक साल पहले की तुलना में 10% बढ़ कर 1.6 ट्रिलियन रुपए हो गया. चरम बिजली की मांग, जो औद्योगिक और विनिर्माण क्षेत्रों में गतिविधि के लिए एक प्रमुख बैरोमीटर है, सितंबर में 240 गीगावाट के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो सरकार के पूर्वानुमानों में सबसे ऊपर है. फैक्ट्री के फर्श भी गुलजार हैं, निर्माता मजबूत मांग को पूरा करने के लिए अधिक क्षमता जोड़ रहे हैं. देश के सबसे बड़े अनुबंध निर्माताओं में से एक, डिक्सन टेक्नोलॉजीज के मुख्य वित्तीय अधिकारी, सौरभ गुप्ता ने इस महीने की शुरुआत में कहा, मोबाइल फोन, एलईडी टेलीविजन और वॉशिंग मशीन जैसे अधिकांश क्षेत्रों में हमारे पास अच्छे ऑर्डर हैं. डिक्सन ने अपने ऑर्डर पाइपलाइन को पूरा करने के लिए अपनी 20 फ़ैक्टरियों में से अधिकांश में कई शिफ्टें शुरू की हैं.

• बोधि-वृक्ष | डॉ. सत्यकेतु संजय

धर्म का अंतर्द्वंद्व

हनुमानजी के चिंतन का श्रीगणेश यहां से नहीं होता है कि लंका रावण की है. वाटिका रावण की है और मैंने उसकी वाटिका का फल खाया है. बल्कि उनके चिंतन का प्रारंभ तो लंकिनी से होता है. लंकिनी ने हनुमानजी से कहा, तू चोर है. क्योंकि मेरे स्वामी के नगर में तू छोटा रूप बना करके जा रहा है. वाक्य सुनते ही हनुमानजी ने उसको एक मुक्का मारा, लेकिन सिर पर मुक्का लगते ही उसका विचार बदल गया और तुरंत उसने हनुमानजी से कहा-प्रबिसी नगर कीजै सब काजा. ह्रदयराखिकोसलपुर राजा..अब राजा रावण नहीं है, अपितु अब तो कोसलपुर के राजा राम ही राजा हैं. और यही संकेत हनुमानजी ने विभीषण को भी दिया था. विभीषण के मन में धर्म को लेकर अंतर्द्वंद था कि रावण मेरा बड़ा भाई है और बड़ा भाई पिता तुल्य होता है तो मैं रावण के अन्याय करने पर भी उसका साथ कैसे छोड़ दूं? एक भाई को छोड़ देना क्या उचित होगा ? इसलिए हनुमानजी ने मूल का स्मरण कराते हुए विभीषणजी से कहा-तब हनुमंत कहा सुनु भ्राता, देखी चहउं जानकी माता. जब उन्होंने 'भाई विभीषण' कहा तो विभीषण जी चौंके. न हम एक देश के, न एक जाति के, न एक कुल के और न ही एक माता के गर्भ से हमारा जन्म हुआ. भाई तो तभी माना जाता है, जब एक माताके गर्भ से दो भाइयों का जन्म होता है अथवा एक पिता से दो बालकों का जन्म हो, किंतु हनुमान जी कह रहे हैं विभीषण भाई हैं. जब आश्चर्य पूर्वक विभीषण ने देखा तो हनुमानजी ने सूत्र दे दिया कि हम दोनों की माता एक ही है. एक तो केवल इसी जन्म को लेकर तुम्हारी माता है, और दूसरी अनंत काल से तुम्हारी माता है. अब तुम सोच लो कि सच्ची माता कौन है. हनुमान जी विभीषण जी से कहते हैं - जो शाश्वत माता-पिता हैं, उनको छोड़कर तुम यदि नश्वर माता-पिता का संबंध मानते हो तथा अपने को शरीर मानते हो, तो तुम्हारा भाई रावण है और यदि तुम दूसरी दृष्टि से देखते हो, तो तुम्हारा भाई मैं हूं. क्योंकि मैं भी सीता जी का पुत्र हूं. इसलिए हनुमानजी ने समझाया, विभीषण! तुमने धर्म का ठीक निर्णय नहीं किया. अब जरा मूल से प्रारंभ करो. हम लोग भी अगर अपने जीवन में प्रह्लाद बनना चाहते हैं, तो जन्म के बाद नहीं, बल्कि गर्भ से ही प्रारंभ कर दें.

सुभाषित

सत्यस्य वचनं श्रेयः सत्यादपि हितं वदेत्।
यद्भूतहितमत्यन्तं एतत् सत्यं मतं मम।।

यद्यपि सत्य वचन बोलना श्रेयस्कर है, तथापि उस सत्य को ही बोलना चाहिए जिससे सर्वजन का कल्याण हो. मेरे (अर्थात् श्लोककर्ता नारद के) विचार से तो जो बात सभी का कल्याण करती है, वही सत्य है. इसलिए सत्य का आचरण के समय सर्व जन कल्याण पर भी विचार कर लेना चाहिए.

नौकरशाही को गरिमा के लिए जागने का वक्त

स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने के एक दिन बाद ही ओडिशा काडर के आइएएस अधिकारी वी.के. पांडियन को नवीन पटनायक के मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिए जाने की खबर ने पूरे देश का ध्यान खींचा है. लोकतंत्र का विकास लोक के हित के साथ जुड़ा हुआ है. समस्याओं का समाधान होना चाहिए. यह काम कोई नौकरशाह करे या राजनीतिज्ञ, उसकी तारीफ की जानी चाहिए. क्या यह लगातार चलने वाली वंशवादी, जातिवादी धर्मवादी, राजनीति का अच्छा विकल्प नहीं है? क्या यह राष्ट्रीय एकता का प्रतीक नहीं है, जब तमिलनाडु में पैदा हुआ और फिजियोलॉजी में एमएससी नौजवान ओडिशा के लोगों के बीच इतना लोकप्रिय हो जाता है कि वह विकास का नया मॉडल लेकर सामने आता है. पांडियन की खूबियां पूरी नौकरशाही के लिए भी उदाहरण है. उनकी पत्नी सुजाता कार्तिकेय भी उनके ही बैच की आइएएस अधिकारी हैं, लेकिन इस दंपती पर न सत्ता के दुरुपयोग का आरोप लगा और न ही जनता से दूरी का. यूपीएससी से चुने हुए अधिकारियों के बारे में कहा जाता है कि निश्चित रूप से वे सर्वश्रेष्ठ हैं, लेकिन सत्ता उनकी प्रतिभा का ठीक तरह से उपयोग नहीं कर पाती. इसीलिए वे धीरे-धीरे आराम तलब जीवन और भ्रष्टाचार की तरफ बढ़ते जाते हैं. 70 के दशक में भारत में अमेरिकी राजदूत गेलब्रेथ से लेकर अनेक विद्वानों ने भारतीय नौकरशाही को दुनिया की भ्रष्टतम व्यवस्था बताया था. कई कमेटियों और प्रशासनिक सुधार आयोगों ने भी इन कर्मियों की खामियों पर उंगली रखी है, लेकिन सुधार की तरफ अभी कदम उठाना बाकी है. चिंताजनक बात यह है कि पिछले कुछ दशकों में इस वर्ग में और भी ज्यादा गिरावट आई है. आजादी के तुरंत बाद ब्रिटिश काल के आइसीएस का जो मजबूत स्टील फ्रेम मिला था, वह 1970 तक आते-आते छीजने लगा. मिली-जुली सरकारों और जन प्रतिनिधियों का अनैतिक दबाव भी इसके लिए जिम्मेदार है. आइएएस-आइपीएस अधिकारियों के तबादले और शिकायतों के लिए ही वे अपनी ताकत का प्रदर्शन करते रहे. याद कीजिए बिहार में डीएम जी. कृष्णैया की हत्या को. कृष्णैया बेहद ईमानदार थे, लेकिन उनकी हत्या कर दी गई. उत्तर भारत में तो नौकरशाहों के भ्रष्टाचार के किस्से उतने ही प्रचलित हैं, जितने राजनेताओं के. इसके लिए वे नेता भी जिम्मेदार हैं, जो उन पर अंकुश लगाने की बजाय उनसे सांठगांठ करके सत्ता में बने रहना चाहते हैं. प्रश्न उठता है प्रतिवर्ष लगभग 1000 चुने हुए अधिकारियों में से पांडियन जैसे अधिकारियों की संख्या लगातार कम क्यों हो रही है? इसका मुख्य कारण प्रशिक्षण और राजनीतिक व्यवस्था लगता है. प्रशिक्षण के दौरान ही उनकी मानसिकता 'हाकम' जैसी बना दी जाती है. कई रिपोर्टें बताती हैं कि प्रशासनिक सेवा में आने के 2-4 महीने के अंदर ही उनका मिजाज बदल जाता है. वे जनता से दूरी बनाने लगते हैं. अंग्रेजी उनके दंभ में और इजाफा करती है. इसीलिए वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री ने संसद में यह स्वीकार किया था कि नौकरशाही में सुधार बाकी है. उन्होंने तो इस बात पर भी आश्चर्य जताया था कि कैसे एक अधिकारी तेल मंत्रालय में भी सर्वोच्च पद पर पहुंच जाता है और चिकित्सा मंत्रालय में भी. उनका जोर इस बात पर भी था कि अधिकारी जनता के सेवक के रूप में काम करें. प्रतिवर्ष 21 अप्रैल को ऐसे सभी अच्छे अधिकारियों को सिविल सेवा पुरस्कार भी दिया जाता है. पुरस्कार और तमगे बांटने से ज्यादा जरूरी है, इनकी संपूर्ण प्रशिक्षण प्रक्रिया में बदलाव. विशेष कर उनको भारतीय परिवेश की पूरी जानकारी होनी चाहिए. तकनीकी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, भारतीय कला और संस्कृति को जानना भी आवश्यक है. इसके साथ अब केंद्र सरकार ने जिस तरह अधिकारियों को सरकार की नीतियों का प्रचारतंत्र में बदलने का प्रयास किया है, उससे भी कई सवाल पैदा होते हैं. दरअसल राजनीतिक इस्तेमाल से नौकरशाही किस तरह बचे यह आज के समय की सबसे बड़ी चुनौती है. अधिकारियों के एसोसियशन को भी आगे बढ़ कर अब अपना पक्ष रखना जरूरी है. पहले के जमाने गवाह हैं कि पूरे सेवा काल के बावजूद न तो अधिकारियों की राजनीतिक महत्वाकांक्षा परवान चढ़ती थी और न ही कभी उनकी भूमिका को ले कर आज की तरह सवाल उठते थे. नौकरशाही सरकार की नीतियों को लागू करने का जरिया जरूर है, लेकिन उसकी भूमिका राजनीतिक तौर पर तटस्थ रहने की भी है.

• विमर्श

प्रेमपाल शर्मा

> यूपीएससी से चुने हुए अधिकारियों के बारे में कहा जाता है कि निश्चित रूप से वे सर्वश्रेष्ठ हैं, लेकिन सत्ता उनकी प्रतिभा का ठीक तरह से उपयोग नहीं कर पाती. इसीलिए वे धीरे-धीरे आराम तलब जीवन और भ्रष्टाचार की तरफ बढ़ते जाते हैं. 70 के दशक में भारत में अमेरिकी राजदूत गेलब्रेथ ने भारतीय नौकरशाही को दुनिया की भ्रष्टतम व्यवस्था बताया था.

जनप्रतिनिधियों के कार्यों के मूल्यांकन की जरूरत

लोकतंत्र जनता की संप्रभुता पर आधारित अवधारणा है. प्रत्यक्ष लोकतंत्र, जिसमें जनता प्रत्यक्ष रूप से प्रत्येक निर्णय में भागीदारी करती है, के विपरीत विश्व के अधिकांश देशों में प्रतिनिधि लोकतंत्र का चलन है, जिसमें नागरिक एक निश्चित अवधि के लिए अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं. निष्पक्ष निर्वाचन की प्रक्रिया द्वारा नागरिकों तथा सरकार के मध्य स्थापित यह संबंध लोकतंत्र को वैधता प्रदान करता है. चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद निर्वाचित प्रतिनिधि नागरिकों के प्रति जवाबदेही से बंध जाते हैं. एक निश्चित समय के अंतराल पर होने वाले चुनावों के द्वारा जनप्रतिनिधियों के कामकाज का मूल्यांकन किया जाता है. प्रतिनिधियों के दोबारा जीतने पर जनता द्वारा उनके कार्यों का अनुमोदन समझा जाता है तथा उनकी हार का अर्थ होता है कि नागरिक उनके कार्यों से असंतुष्ट हैं. ऐसी स्थिति में नागरिकों द्वारा किसी अन्य प्रतिनिधि का चुनाव कर लिया जाता है. जनप्रतिनिधियों के मूल्यांकन की यह प्रक्रिया निष्पक्षता की मांग करती है. लोकतंत्र की पूर्वापेक्षा के रूप में निष्पक्ष निर्वाचन की यह प्रक्रिया जिस मात्रा तक दूषित होगी, लोकतंत्र का स्वरूप उसी मात्रा तक विरूपित होता चला जाएगा. प्रथमदृष्टया शांतिपूर्ण तथा निष्पक्ष लगने वाले चुनावों द्वारा प्रतिनिधियों के निर्वाचन तथा शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण होने से यह धारणा बनाई जा सकती है कि ऊपरी तौर पर लोकतंत्र स्थापित हो गया है, परंतु तात्विक रूप से लोकतंत्र केवल निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण लगने वाले सत्ता हस्तांतरण से कहीं अधिक समझ और व्यापक विश्लेषण की मांग करता है. इसमें चयन की स्वतंत्रता से लेकर राजनीतिक दलों तथा मीडिया से लेकर नागरिकों द्वारा सरकार से की गयी सौदेबाजी तक के मुद्दे शामिल हैं. जातिगत पहचान के आधार पर मतदान करना, मतदाताओं को धमकी देकर प्रत्याशी या दल विशेष के पक्ष में मतदान करने के लिए बाध्य करना, मीडिया द्वारा किसी विशेष प्रत्याशी या दल के पक्ष में लगातार खबरें प्रसारित करते रहना, जिससे उसके पक्ष में माहौल बनाया जा सके, सोशल मीडिया में किसी प्रत्याशी का चरित्र हनन करने के लिए मनगढ़ंत कहानियां या मीम्स बनाना अथवा दल विशेष के मनोबल को कमजोर करने के लिए ट्रोलिंग की घटनाएं निर्वाचन की शुचिता को प्रभावित करते हैं. मतदाताओं को किसी भी तरह का तात्कालिक अथवा भविष्य में कुछ करने का लालच देना भी निर्वाचन प्रक्रिया को दूषित करते हैं. भारत में स्थानीय निकायों के निर्वाचन में इस तरह की शिकायतें सबसे ज्यादा प्राप्त होती हैं, जब किसी प्रत्याशी द्वारा चुनाव जीतने के एवज में किसी व्यक्ति या समूह को लाभ पहुंचाने का वायदा किया जाता है अथवा व्यक्तिगत तौर पर नकदी, वस्तु अथवा सेवा उपलब्ध कराई जाती है. इसे अनैतिक तथा अवैध माना जाता है तथा ऐसा करना दंडनीय अपराध भी है. ऐसे में महत्त्वपूर्ण सवाल आता है कि जो बात व्यक्तिगत दायरे में नैतिक और कानूनी रूप से गलत है, वह सार्वजनिक दायरे में कैसे सही हो सकती है? यदि इसे सामाजिक दायरे में स्वीकार्य बनाया जाता है तो इसकी सीमाएं तथा नियम व शर्तें क्या होनी चाहिए? इसी से मिलता जुलता सवाल उच्चतम न्यायालय में एक याचिका के माध्यम से उठाया गया है. उच्चतम न्यायालय ने एक याचिका की सुनवाई के दौरान राजस्थान और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्रियों द्वारा लगातार की जा रही घोषणाओं पर संबन्धित राज्य सरकारों, केंद्र सरकार तथा चुनाव आयोग को नोटिस देकर अपना पक्ष रखने को कहा है. याचिकाकर्ता का कहना था कि चुनाव से छह महीने पूर्व 'जनहित' का हवाला देकर टैब या लैपटाप जैसी चीजें बांटने से राजकोष पर बोझ पड़ता है तथा करदाताओं का पैसा बर्बाद होता है. इसी क्रम में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा है कि मुफ्त घोषणाओं के बारे में निर्वाचकों को जागरूक करने की आवश्यकता है. मतदाताओं को जानना चाहिए कि राज्य के वित्तीय हालात क्या हैं.वस्तुस्थिति यह है कि चुनावों की संभावित घोषणा से पूर्व जिसे आमतौर पर चुनावी वर्ष कहा जाता है, उसमें सरकारों द्वारा बहुत सी घोषणाएं की जाती हैं. इसी दौरान विपक्षी दलों द्वारा भी अपना अपना घोषणापत्र जारी किया जाता है, जिसका उद्देश्य सत्ताधारी दल को हटाकर सत्ता प्राप्त करना होता है. सत्ताधारी दल के पास सूचनाओं तथा वित्त का नियंत्रण होता है तथा उसके पास अपनी घोषणाओं को पूरा करने के लिए सरकारी मशीनरी मौजूद रहती है, अतः वह मतदाताओं को प्रभावित करने के मामले में विपक्षी दलों की तुलना में बेहतर स्थिति में होता है.

• व्यवस्था

पीयूष त्रिपाठी

> निष्पक्ष निर्वाचन की प्रक्रिया द्वारा नागरिकों तथा सरकार के मध्य स्थापित यह संबंध लोकतंत्र को वैधता प्रदान करता है. चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद निर्वाचित प्रतिनिधि नागरिकों के प्रति जवाबदेही से बंध जाते हैं. एक निश्चित समय के अंतराल पर होने वाले चुनावों के द्वारा जनप्रतिनिधियों के कामकाज का मूल्यांकन किया जाता है.

मीडिया में अन्यत्र

राज्यपाल और निर्वाचित सरकार

दो राज्यों द्वारा अपने राज्यपालों के आचरण के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाए जाने के कदम ने एक बार फिर राजभवन में वैसे राजनीतिज्ञों की नियुक्ति से पैदा होने वाली समस्या को उजागर किया है, जो निर्वाचित सरकारों के निर्णयों को कमजोर भले ही न करें, लेकिन उनके अमल में देरी करने के लिए अपने अधिकारों का इस्तेमाल करते हैं. तमिलनाडु और केरल ने विधायिका द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी देने में देरी पर सवाल उठाया है. तमिलनाडु कुछ दोषियों को सजा में छूट देने, कुछ पूर्व मंत्रियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने और राज्य लोक सेवा आयोगों में नियुक्तियों से संबंधित

प्रस्तावों पर राज्यपाल द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर भी व्यथित है. राज्यपालों को किसी भी निर्णय के मामले में रबर स्टाम्प बनने की जरूरत नहीं है, लेकिन उनके द्वारा, खासतौर पर केंद्र में सत्तारूढ़ दल द्वारा शासित नहीं होने वाले राज्यों में, गाहे-बगाहे निर्णयों और विधेयकों को रोके जाने के चलन पर सवाल उठना लाजिमी है. मसलन, कुछ राज्यपाल कुलपतियों की नियुक्ति की प्रक्रिया से कुलाधिपति, जो आम तौर पर राज्यपाल ही होते हैं, को बाहर रखने या वैसे नए विश्वविद्यालय की स्थापना जिनमें राज्यपाल कुलाधिपति न हों, का प्रावधान करने वाले विश्वविद्यालय कानूनों से संबंधित संशोधनों के विचार के विरोधी जान पड़ते हैं. अधिकांश विश्वविद्यालयों में राज्यपालों को पदेन कुलाधिपति बनाने का विचार महज एक परिपाटी है और यह उनके संस्थापक संविधियों के जरिए साकार होता है. हालांकि, राज्यपाल इस गलतफहमी के शिकार हैं कि कुलाधिपति बनना उनका अधिकार है और वे ऐसे किसी भी विधेयक पर सहमति देने में देरी करते हैं जो उनकी शक्ति को कम या खत्म करता हो. अब समय आ गया है कि केंद्र-राज्य संबंधों पर गठित न्यायमूर्ति एम.एम. पुंछी आयोग के सिफारिशों के अनुरूप राज्यपालों पर किसी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति की भूमिका का बोझ डालने पर राष्ट्रीय प्रतिबंध लगाया जाए.यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सहमति देने की कोई समय-सीमा न होने का इस्तेमाल कुछ राज्यपालों द्वारा विधायिका द्वारा पारित कानूनों को बाधित करने के लिए किया जाता है. **(द हिंदू)**

शब्द चर्चा डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

नगमा/नजमा

एक प्यार का नगमा है, मौजों की रवानी है, जिंदगी और कुछ भी नहीं, तेरी मेरी कहानी है. सुप्रसिद्ध गीतकार संतोष आनंद ने 1972 में आयी फिल्म शोर के लिए यह गाना लिखा था, जो अपने जमाने में तो सुपर हिट रहा ही, आज भी इसे उतना ही चाव से सुना जाता है. इस गाने में संतोष आनंद ने बहुत ही सरल और सहज शब्दों में जीवन का दर्शन प्रस्तुत कर दिया है. इसी प्रकार के दर्शन की झलक 1971 में आयी फिल्म गैंबलर के लिए वैसे ही महारथी गीतकार नीरज द्वारा लिखित इस गीत में महसूस होता है- दिल आज शायर है, ग़म आज नग़मा है, शब ये ग़ज़ल है सनम, गैरों के शेरों को ओ सुनने वाले, हो इस तरफ़ भी करम. वैसे तो ये दोनों गीत मुझे बहुत पसंद रहे हैं, लेकिन इनमें नगमा शब्द ने मुझे बहुत लुभाया है, क्योंकि मैं स्वयं भी गीतों से शौकीन हूं लिखने का भी और गाने का भी. नगमा अरबी मूल का संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार नगमा का मतलब होता है गीत, गान, मधुर स्वर, सुरीली आवाज. इसका प्रचलन हिंदी से अधिक उर्दू भाषा में है. जो नगमा की रचना करता है उसे नगमानिगार कहा जाता है. बाचा नगमा कश्मीर घाटी में पाए जाने वाले प्रमुख लोक नृत्य रूपों में से एक है. कश्मीर के कुछ हिस्सों में इसे बाचा ग्यावुन भी कहा जाता है. इस नृत्य की शुरुआत का श्रेय काबुल के अफ़गानों को दिया जाता है. यह हाफ़िज़ा नगमा का व्युत्पन्न है. बच्चा नगमा के दौरान, एक किशोर लड़का और एक लड़की नर्तक के रूप में होते हैं, जो हाफ़िज़ा नृत्य शैली में प्रशिक्षित हैं. ये कश्मीरी गाथागीत गाते हैं और नृत्य करते हैं. नगमा मुस्लिम लड़कियों का नाम भी होता है. नगमा से मिलता जुलता शब्द है नजमा. यह फारसी मूल का शब्द है. इसका मतलब है अनमोल, कीमती, बहुमूल्य, तारों के समूह के बीच का सितारा.

एक जोकर की सख्त ज़रूरत है!

भले ही यह विरोधाभास लगे, लेकिन जहां-जहां, किसी भी कारण से, वातावरण बेहद गंभीर हो जाता है, वहां एक जोकर की उपस्थिति आवश्यक हो जाती है. सर्कस तो आपने देखा ही होगा. वहां बेहद खतरनाक करतब दिखाए जाते हैं, लोगों की सांसें थम जाती हैं. तभी एक जोकर आता है और अपनी हास्यास्पद अदाओं से वह गंभीर वातावरण को चुटकियों में हल्का कर देता है. हम हर समय गंभीर बने नहीं रह सकते. सच तो यह है कि जो लोग हंसते, मुस्कराते नहीं, उनसे हमेशा सावधान रहने की ज़रूरत है. जोकर मसख़रा होता है. मज़ाक करता है. वह जोक सुनाता है. अपनी हुलिया भी वह कुछ ऐसी बना लेता है, जिसे देखकर हंसी छूट जाए. हंसाना ही उसका मुख्य काम होता है. लोग बड़े बड़े गंभीर कार्यों को अंजाम इसीलिए दे पाते हैं कि उनके आसपास एक जोकर भी होता है जो उनके गंभीर कार्यों को सरल और संभव बना देता है. कभी बहस करते हुए दो व्यक्तियों को ध्यान से देखिए. जैसे जैसे बहस बढ़ती जाती है, लगता है कहीं परस्पर हाथापाई न हो जाए. बस तभी एक जोकर की ज़रूरत होती है. वह बीच में कुछ ऐसी बात कह देता है कि हाथापाई पर आमादा व्यक्तियों का स्नायुतंत्र ढीला पड़ जाता है और उन्हें तनाव से मुक्ति मिल जाती है. हाथापाई कम से कम स्थगित तो हो ही जाती है. जोकर कभी हिंसक नहीं हो सकता. उसका एतबार हमेशा अहिंसा में रहा है. गंभीर से गम्भीर काम खतरे में न पड़ जाएं, इसलिए हंसी की थोड़ी खुराक ज़रूरी होती है. गंभीर बने रह पाना, कोई हंसी-खेल नहीं है. इसके लिए हंसी आवश्यक है. आप हंसते हैं इसीलिए गंभीर भी रह सकते हैं. जो हंस तक नहीं सकता, वह गंभीर भला क्या रह पाएगा ? हंसना अपने आप में एक गंभीर विषय है क्योंकि यही वह काट है जो आपको जानलेवा गंभीरता से मुक्त करती है, लेकिन हंसी की मात्रा का भी ख्याल रखना ज़रूरी होता है. ध्यान रहना होता है कि हंसी भी कहीं जानलेवा न हो जाए. ज्यादह हंसी और ज्यादह गंभीरता दोनों ही वर्जित हैं. अति किसी की भी क्यों न हो, अच्छी नहीं होती. आप कल्पना करें कि आपको कुछ समय के लिए अकेला छोड़ दिया जाए और इस तरह आपको गंभीर बने रहने के लिए मजबूर कर दिया जाए. ज़ाहिर है आप ऐसी स्थिति देर तक बर्दाश्त नहीं कर सकते. उकता जाएंगे. आपको तब एक जोकर की आवश्यकता महसूस होगी ही होगी जो आपको थोड़ा हंसा सके और वातावरण को थोड़ा हलका बना सके.

• तीर-तुक्का

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा

सुकून

पिछले दिनों दो रिएलिटी शो पति-पत्नी के रिश्ते की बखिया उधेड़ते नजर आए. एक तो सुर्खियों रहा कॉफी विद करण में दीपिका-रणवीर का आना और दूसरा बिगबॉस में अंकिता लोखंडे और विकी जैन का प्रसंग. दोनों की कपल सार्वजनिक जीवन में बेहद मीठी छवि रखते थे. सुखी दांपत्य की मिशाल की तरह. ऑनस्क्रीन दीपिका स्वीकारती है कि रणवीर सिंह के साथ रिश्ते के सफर में कदम बढ़ाने के बाद भी चार शख्स के साथ डेट कर रही थीं, वहीं विकी जैन का अंकिता से बात करने का लहजा भी चर्चा का विषय बना. पैसा, रुपया, शोहरत तमाम चीजें तब बेमायने लगती हैं जब पार्टनर कुछ मामलों में शून्य पर खड़ा नजर आता है. अगर आप भी पार्टनर के सेलेक्शन के दौर या दुविधा से गुजर रहे हैं तो आपके लिए कुछ सुझाव...

जीवन साथी के साथ कवि पंकज कुमार

साथ निभाना साथिया

मानसिक परिपक्वता

जिंदगी के सफर में किसी का हाथ थाम कर बढ़ रहे हैं तो साथी की मानसिक परिक्वता बहुत मायने रखती है. यह सच है कि परफेक्ट कोई नहीं होता, हर किसी में कोई न कोई कमी तो होती ही है. पर साथी अगर मानिसक तौर पर मेच्योर हो तो राह जरूर कुछ आसान हो जाती है. साथी के बारे में निर्णय ले रहे हैं तो यह जरूर देखें कि उसकी हरकतें बचकानी नहीं हो. वह खुले विचारों वाला हो, जब भावनात्मक सहारे की दरकार हो तो वह साथ खड़ा नजर आए.

ईमानदारी

जीवनसाथी की ईमानदारी भी लंबे रिश्ते की बुनियाद है. बेशक ईमानदार साथी की बातें कई बार हमें कड़वी लगे, लेकिन जल्दी ही उसकी इस खासियत से आप वाकिफ हो जाते हैं. दूसरी तरफ मीठीलुभावनी बातें करने वाले साथी की बेवफाई की पोल जब खुलती है तो रिश्ता टूटने की कगार पर पहुंच जाता है. हालांकि कई रिलेशनशिप काउंसलर कुछ सच को कभी उजागर नहीं करने की सलाह भी देते हैं, पर ऐसा किसी विशेष परिस्थिति में कहा जाता है. आमतौर पर रिश्ते में ईमानदारी ही मायने रखती है.

संवेदनशीलता

पैसा-रुपया, सुख-सुविधाएं, खूबसूरती, प्रसिद्धि..साथी के ये तमाम गुण बेमतल हो जाते हैं जब वे आपकी ज़रूरतों और आपकी भावनाओं से कोई मतलब नहीं रखता हो. सोचिए क्या आप ऐसे जीवनसाथी के साथ जिंदगी गुजार सकते जो इस बात से वास्ता ही नहीं रखता कि आपकी जिंदगी में चल क्रा रहा है, आप भावना के किस दौर से गुजर रहे हैं? ज़ाहिर है, आपका जवाब ना ही होगा. तो भले ही आपका पार्टनर देखने में बहुत ज़्यादा ख़ूबसूरत न हो, पर यदि उसका मन संवेदनशील है. वह आपका और आपके आसपास के लोगों की क़दर करता है तो उसे आपकी ज़िंदगी में होना ही चाहिए.

स्नेह

यह रिश्ते या जीवनसाथी का ऐसा आधार है जो कई कमियों को भूला देता है. दुख की घड़ी में उसका सिर सहला जाना या माथे पर एक स्नेह सिक्त चुंबन देना, प्यार से गले लगा जाना...यह सब कुछ नई ऊर्जा के साथ खड़े होने का हौसला देता है. दिनभर की थकान भगा देता है. साथी का पास बैठकर प्यार के दो मीठे बोल बोलना जिंदगी में तसल्ली के रंग घोलता है.

सम्मान

यह एक ऐसा शब्द है जो आमतौर पर हम साथी से संबंधित नहीं समझते. जिंदगी के तमाम दूसरे रिश्तों में सम्मान, लिहाज, अदब की जगह होती है, पर जीवनसाथी को इस मामले में ज्यादातर लोग फॉर ग्रांटेड लेते हैं. जबकि इस रिश्ते में भी सम्मान खाद-पानी उपलब्ध कराता है. आपको हमेशा ऐसे व्यक्ति का चुनाव करना चाहिए, जो आपकी इज़्ज़त करता हो, आपके विचारों का सम्मान करता हो. आपके करियर की क़द्र करता हो. आपकी सफलता को देखकर उसके मन में किसी तरह की जलन भावना न आती हो. निजी जीवन हो करियर से जुड़े मसले, आपके फ़ैसलों का सम्मान करता हो और हर क़दम पर आपका हौसला बढ़ाते हुए आपके साथ खड़ा हो.

मेगालिथ संस्कृति की अनकही दास्तां

विनोद कुमार राज 'विद्रोही'

नैसर्गिक सुषमा से ओतप्रोत झारखंड पुरातात्विक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है. यहां मिले मेगालिथ अतीत की उज्जवल दास्तां बयां करते हैं. चोकाहातु हो, पकरी बरवाडीह हो, चाहे चितरपुर हो या फिर टंडवा, पत्थलगड़ा. प्राचीन इतिहास को अपने गर्भ में छुपाए हुए. हजारीबाग जिला में एक जगह है पकरी बरवाडीह. यहां का जो मेगालिथ साइट है वह झारखंड के अन्य मेगालिथ साइटों से कुछ अलग है. क्योंकि इसे एक खगोलीय ज्ञान के लिए निर्मित किया गया है. जहां प्रत्येक वर्ष 21 जून को दिन के करीब 11:30 बजे सूरज की रोशनी रहने के बावजूद कोई परछाई नहीं बनती है. यहां दो प्रस्तर खंड एक समानांतर रेखा में गाड़े गए हैं. इस स्थल के खोजकर्ता एवं प्रसिद्ध मेगालिथ शोधकर्ता शुभाशीष दास का कहना है कि झारखंड तथा हजारीबाग में खोज एवं शोध से मैंने यह जाना है कि हजारीबाग की पकरी बरवाडीह, रोला एवं जगन्नाथ पहाड़ी आदि की महापाषाण असल में प्राचीन वेधशालाएं हैं. मेरी खोज यह दर्शाती है कि इन मेगालिथों के पत्थर गणितीय सटीकता से काटकर एलाइमेंट पर बनाए गए हैं. इन वेधशालाओं में पत्थरों के रखने का स्थान पर बहुत ही सोच समझ कर तय किया गया है. प्राचीन मेगालिथ के बनाने का काल संभवतः 2000 ई. पू. से है.

हजारीबाग और चतरा जिले के सिमाने पर स्थित पत्थलगड़ा प्रखंड में मेगालिथ की एक श्रृंखला अक्टूबर 2011 में मिली. यह झारखंड में अपने तरह का अकेला मेगालिथ स्थल है, जहां सैकड़ों की संख्या में खड़े छोटे-बड़े प्रस्तर अतीत की दास्तां का गवाह है. कुछ फासले में पांच जगहों पर दर्जनों प्रस्तर-खंड मौजूद है और आसपास हड्डी व मिट्टी के पात्र बिखरे पड़े हैं. यहां गड़े पाषाणों की श्रृंखला में कुछ बड़े पत्थर हैं, जबकि अधिकतर छोटे-छोटे. कुछ मेगालिथ जमीन की ओर झुक गए हैं. यह स्थल पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय से करीब 6 किलोमीटर दूर सीनपुर व कोराम्बे में है. यह इलाका काफी पिछड़ा है जो कभी नक्सलियों का गढ़ हुआ करता था. इसी कारण उरूब-हांडे जाने वाले पथ पर स्थित इस स्थल पर अब तक किसी की नजर नहीं पड़ी थी. मतदाता पुनरीक्षण कार्य के दौरान पत्थलगड़ा उच्च विद्यालय के शिक्षक विनोद कुमार की नजर इस स्थल पर पड़ी. पुरातात्विक दृष्टिकोण रखने के कारण इन पत्थरों को समझते देर न लगी. बाद में तमाम अखबारों में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद यह स्थल प्रसिद्ध हुआ. इस मेगालिथ के संबंध में विनोद कुमार का कहना है कि पहले के मानव पूजा एवं धार्मिक प्रयोजनों को ध्यान में रखते हुए मृतक के यादगार में ऐसे पत्थरों को वहां गाड़ते थे जहां उनके पूर्वजों की अस्थियां गाड़ी जाती थीं. आगे विनोद कुमार ने बताया कि इस तरह के मेगालिथ को पुरातत्ववेत्ता ससानदिरि, विरखोढ़ तथा हरगढ़ि के नाम से पुकारते हैं, जबकि अंग्रेजी में इनका मेनहिर, मेगालिथ एवं स्टोन सर्किल आदि नामकरण किया गया है. आंचलिक भाषा में लोग इसे दिउरी या पत्थलगड़ी कहते हैं. शायद इसीलिए उक्त प्रखंड का नाम पत्थलगड़ा पड़ा हो.

पत्थलगड़ा व सिमरिया के सीमाने पर सिलहटी में भी ताम्र पाषाणकालीन मेगालिथ मिला है, जिसकी खोज स्थानीय पत्रकार जितेंद्र तिवारी ने की है. खेतों के बीच मिले यह मेगालिथ पाषाण कालीन सभ्यता के हैं. यहां 3 से लेकर 10 फीट तक लंबे 50 से अधिक छोटे व बड़े प्रस्तर गड़े हुए हैं. जितेंद्र तिवारी ने बताया कि यहां मानव अस्थियां व पुराने मिट्टी के पात्र का टूटा अवशेष भी मिला है. मेगालिथ जिस स्थान में है उसे स्थानीय लोग हरगढ़ि टांड़ कहते हैं। कालांतर में यहां दूर-दूर से आदिवासी परिवार पहुंचते थे और पूजा अर्चना करते थे.

वहीं दूसरी ओर टंडवा प्रखंड अंतर्गत चांतर गांव में भी कई मेगालिथ स्थल मिले हैं. यहां सोए प्रस्तरों की संख्या लगभग 25 है, जिसमें तीन पत्थर 6 फीट के होंगे. जबकि दस प्रस्तर करीब साढ़े तीन फीट के होंगे. तीन प्रस्तर खंडों की चौड़ाई लगभग ढाई फीट है, वहीं बीचो-बीच खड़ा एक सबसे महत्वपूर्ण प्रस्तर लगभग सात फीट का है. यहां से बीस किलोमीटर दूर सिसई गांव में भी मेगालिथ मिला है जहां सैकड़ों की संख्या में प्रस्तर खंड मौजूद है.

रांची टाटा मार्ग से सटे चोकाहातु में झारखंड के सबसे महत्वपूर्ण मेगालिथ स्थल मिला है. जहां आज तक मिले साइटों में संख्या के दृष्टिकोण से सबसे ज्यादा मेगालिथ यहीं पर है. गिनती से पता चला कि 7 एकड़ के भू-भाग में यहां कुल 7360 मेगालिथ है. यह देखने में पत्थरों के विशाल समुद्र जैसा है जो न सिर्फ आकर्षक और आश्चर्यजनक है, बल्कि हजारों वर्ष के पुरखा-पूर्वजों की स्मृतियों के महासम्मेलन का आभास देता प्रतीत होता है.

बहरहाल, झारखंड की धरती में गुजरे कल की दास्तां बताने वाला चश्मदीद गवाह की तरह खड़े इन मेगालिथों को संरक्षित कर पर्यटन के रूप में विकसित किया जाए तो हम अपने अतीत को जानकर भविष्य में भी गौरवान्वित महसूस कर सकते हैं.

मोटिवेशन

मूर्खतापूर्ण बहाने



डॉ कुमार संजय
शिक्षाविद

अपनी असफलता के लिए आदमी खुद जिम्मेदार होता है लेकिन अपने बचाव में तरह-तरह के बहानों की झड़ी लगा देता है. बेंजामिन फ्रैंकलिन का कहना है – "जो बहाने बनाने में माहिर होते हैं, वे शायद ही किसी काम या क्षेत्र में अच्छे होते हैं." कुछ ऐसे ही बहानों या सफाई के बारे में बात करने जा रहा हूं जो लगभग 99% आम या असफल व्यक्ति बनाते हैं.

1. मेरे पास समय नहीं है या मुझे समय नहीं मिलता

यह सबसे बड़ा झूठ है, जो व्यक्ति को असफल बनाता है. एक प्रसिद्ध कहावत है - एक सफल व्यक्ति के पास हर काम के लिए वक्त होता है, बेवकूफों के पास किसी काम के लिए वक्त नहीं होता. अगर कोई कहता है कि उसे समय नहीं मिलता, उसका तीन निष्कर्ष निकलता है. पहला, उसे टाइम मैनेजमेंट नहीं आता. दूसरा, उसमें इच्छा शक्ति नहीं है. और तीसरा, वह मंदबुद्धि या कामचोर है.

2. घर वाले काम नहीं करने देते

यह बहाना अक्सर लड़कियां या महिलाएं बनाती हैं. दरअसल ये महिलाएं खुद अपने कंफर्ट जोन से बाहर नहीं आना चाहती और ब्लेम

अपने परिवार के सिर दे मारती हैं. अगर कोई काम करने के प्रति दृढ़ रहे, तो उसे कोई नहीं रोक सकता. बेहतर होगा, अपनी इच्छा शक्ति को दृढ़ करें और काम करें. यह आपके वर्तमान और भविष्य के लिए बहुत फलदायक साबित होगा.

3. पढ़ाई/काम में परिवार का सपोर्ट नहीं मिला

असफल या औसत स्तर पर काम करने वालों का यह पेटेंट डायलॉग होता है. कोई परिवार अपने मेधावी, मेहनती बच्चों को पढ़ने, आगे बढ़ने से नहीं रोकता. ये औसत या असफल विद्यार्थी पढ़ने के समय ठीक से पढ़ाई नहीं करते, क्लास छोड़कर मटरगश्ती करते हैं, मेहनत से जी चुराते हैं, और बाद में बोलते हैं परिवार ने सपोर्ट नहीं किया. अरे, अब तो आप बड़े हो गये हैं, अब आपका परिवार नहीं रोक रहा. अभी समय गुजरा नहीं है. दम है तो अभी भी अपने बल पर खड़ा और ऊंचा उठकर दिखाइए.

4. पैसे की कमी से पढ़ाई या बिजनेस नहीं कर सका

सफलता दिमाग से मिलती है, पैसे से नहीं. धीरूभाई अंबानी, एपीजे अब्दुल कलाम जैसे अनेक सफल व्यक्ति हुए हैं जिन्होंने बिल्कुल नीचे से उठकर सफलता की बुलंदियों को छुआ है. अगर करने का जुनून हो, तो रास्ता निकल आता है. ऐसे में पैसा आड़े नहीं आता.

5. हेल्थ साथ नहीं दे रहा

जो लोग हेल्थ की दुहाई देकर कोई काम नहीं करते, वे अपने को हर दृष्टिकोण से क्षति पहुंचाते हैं - शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक. जो लोग सक्रिय जिंदगी जीते हैं, वे बीमार कम पड़ते हैं और पड़ते भी हैं, तो अपनी इच्छा शक्ति से जल्दी ठीक हो जाते हैं. जो लोग स्वास्थ्य की दुहाई देकर पड़े रहते हैं, शारीरिक और मानसिक रूप से और ज्यादा बीमार होते जाते हैं, और आर्थिक रूप से कमजोर भी.

मूल मंत्र : ओ जे सिंपसन का कहना है – जिस दिन आप पूरी तरह से अपनी जिम्मेदारी लेने लगते हैं, और बहाना बनाना बंद कर देते हैं, उसी दिन से आप सेल्फ इंप्रूवमेंट और तरक्की की ओर कदम बढ़ाना शुरू कर देते हैं. सही ढंग से टाइम मैनेज किया जाए तो हर काम के लिए समय निकल जाएगा. जो लोग कुछ सीखने के लिए या काम करने के लिए समय नहीं निकाल पाते, उन्हें औसत या असफल जिंदगी जीने से कोई नहीं रोक सकता. ब्रूस न्यू मैन का कहना है – अगर आप वाकई कुछ करना चाहते हैं तो बहाना मत बनाइए. शुरू हो जाइए, पूरी शिद्दत से काम पर लग जाइए. बहानों से कुछ हासिल नहीं होता.

एग्जाम स्ट्रेस से बचाएंगे स्मार्ट लर्निंग मेथड

शिखर चंद जैन

त्योहार के तुरंत बाद एग्जाम का दौर शुरू होगा. सो त्योहारों की तैयारी के साथ बच्चों ही नहीं पेरेंट्स में भी एग्जाम को लेकर कानाफूसी और एंग्जायटी का दौर शुरू हो गया है. कुछ प्रभावशाली तरीके अपनाएं तो एग्जाम एंग्जायटी या टेस्ट स्ट्रेस से बच्चे और पेरेंट्स आसानी से निपट सकते हैं.

क्रिएटिव लर्निंग सिखाएं

अक्सर पेरेंट्स इस बात से बच्चे की मेहनत का आकलन करते हैं कि उसने दिन भर में कितने घंटे पढ़ाई की जबकि पढ़ाई की क्वालिटी ज्यादा मायने रखती है. प्रभावशाली तरीके से पढ़ाई के लिए बच्चे को कुछ क्रिएटिव लर्निंग टेक्निक सिखाएं. जैसे ,बोल कर पढ़ना ,दूसरे को याद करने में मदद करना ,पाठ पढ़कर रिकॉर्ड करना और फिर उसे सुनना, ब्रेनस्टॉर्मिंग यानी क्वेश्चन आंसर पद्धति से लेसन पढ़ना, लेसन की मूल बातें हाईलाइट करना, माइंड मेपिंग, नोट्स बनाना, समरी लिखना, डायग्राम बनाना, टहलते हुए पढ़ना आदि ऐसे क्रिएटिव तरीकों से माइंड स्टडी मैटेरियल को जल्दी जॉब करता है.

ब्रेक भी जरूरी

हर बच्चे की शारीरिक मानसिक क्षमता अलग होती है. कुछ बच्चों को हर घंटे डेढ़ घंटे में ब्रेक चाहिए होता है जबकि कुछ बच्चे चार पांच घंटों तक लगातार पढ़ सकते हैं. लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि माइंड और बॉडी को रिचार्ज करने और नई एनर्जी देने के लिए नियमित अंतराल पर ब्रेक लेना जरूरी है. ब्रेक के दौरान बच्चे को उसका पसंदीदा मनोरंजन करने का मौका दें और साथ ही उसे हाई प्रोटीन स्नैक्स, फल ,मेवे आदि दें.

टिक को टॉक में बदलें

₹ऑल यू नीड इज लव : द आर्ट ऑफ माइंडफुल पेंटिंग₹ की लेखिका और क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट व फैमिली थेरेपिस्ट डॉ शैलजा सेन से अच्छी सलाह दी है. उनका कहना है कि टिक यानी टास्क इंटरफरिंग कौग्निशन जैसे यह बोरिंग है, मुझे यह नहीं करना या मैं इसे बाद में करूंगा जैसे डीमोटिवेशनल एटीट्यूड को बदलकर टॉक यानी टास्क ओरिएंटेड कौग्निशन में बदलना होगा. जैसे मैथ्स के प्रॉब्लम सॉल्व करने में मजा आता है, हिंदी पोयम कितनी मजेदार है, इंग्लिश में लेटर लिखना वाकई चेंलेजिंग है जैसा एटीट्यूड बच्चे में डेवलप करना होगा. इसके लिए पेरेंट्स को रोल मॉडल बनना होगा और पढ़ाई के प्रति रुचि जगानी होगी.

डिस्ट्रेक्शन दूर करें

बच्चे के साथ बैठें या उस पर नजर रखें कि आखिर वे कौन सी चीजें हैं जो पढ़ते वक्त उसका ध्यान बंटाती है. ये चीजें स्मार्टफोन ,सोशल मीडिया, म्यूजिक कुछ भी हो सकती हैं. यह चीजें उसके पास से हटाएं और उसे प्यार से समझाएं कि इनके लिए अलग से वक्त तय करना चाहिए. पढ़ाई के साथ यह चीजें सही नहीं हैं.

हो जाए मॉक ड्रिल

बच्चों के मन से एग्जाम का स्ट्रेस दूर करने के लिए एग्जाम से पहले कम से कम 4 बार आप भी मॉक ड्रिल करें. किसी दोस्त के घर या अपने घर के दूसरे कमरे में एग्जाम रूम जैसा माहौल बनाएं ,पेपर सेट करें ,टाइमिंग सेट करें ,किसी को इनविजीलेटर बनाएं और उसे गंभीरतापूर्वक एग्जाम देने को कहें. पेपर का पैटर्न ठीक वैसा ही होना चाहिए जैसा उसके स्कूल या बोर्ड के एग्जाम में आता है. इन चीजों को आप जितना रियल और प्रभावशाली बना सके उतना ही ज्यादा कॉन्फिडेंस आएगा.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

अंक तालिका

रैंक	टीम	मैच	जीते	हारे	अंक	रन रेट
1	भारत (क्वा)	08	08	00	16	+2.456
2	द. अफ्रीका	08	06	02	12	+1.376
3	ऑस्ट्रेलिया	07	05	02	10	+0.924
4	न्यूजीलैंड	08	04	04	08	+0.398
5	पाकिस्तान	08	04	04	08	+0.036
6	अफगानिस्तान	07	04	03	08	-0.330
7	श्रीलंका	07	02	05	04	-1.162
8	नीदरलैंड	07	02	05	04	-1.398
9	बांग्लादेश (ई)	07	01	06	02	-1.446
10	इंग्लैंड (ई)	07	01	06	02	-1.504

एक नजर में

भारत	प्लेयर ऑफ द मैच	द. अफ्रीका
326/05	विराट कोहली	83/10

आगे कौन

सबसे अधिक रन
550



क्विंटन डी कॉक, द. अफ्रीका

सबसे अधिक विकेट
19

एडम जम्पा, ऑस्ट्रेलिया

सिक्सर किंग रोहित शर्मा : 22

बाउंड्री

6	4
463	1709

विश्व कप : भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 243 रनों से हराया

जडेजा के पंजे में फंसा द. अफ्रीका

भाषा । कोलकाता

भारत ने एकतरफा मुकाबले में साउथ अफ्रीका को 243 रन से हराकर विश्व कप में लगातार आठवीं जीत दर्ज की. इसके साथ ही भारत ने अंक तालिका में पहला स्थान पक्का किया. सेमीफाइनल में भारत का सामना चौथे नंबर पर रहने वाली टीम से होगा. भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया. पहले बल्लेबाजी करते हुए विराट कोहली के रिकॉर्ड 49वें शतक की बदौलत भारत ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में 50 ओवर में 5 विकेट खोकर 326 रन बनाए. कोहली ने नाबाद 101 रन बनाए और सचिन तेंदुलकर के 49 वनडे शतकों के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी कर ली. साथ ही श्रेयस अय्यर ने शानदार 77 रन बनाए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम 27.1 ओवर में 83 रन बनाकर ऑलआउट हो गई. भारत के लिए रवींद्र जडेजा ने सबसे ज्यादा 5 विकेट चटकाए. मोहम्मद शमी को 2 और कुलदीप यादव ने 2 विकेट लिए. भारत ने 20 साल बाद किसी वर्ल्ड कप में लगातार आठ मैच जीते हैं. इससे पहले टीम इंडिया ने 2003 वर्ल्ड कप में 8 मैच एक के बाद एक जीते थे

77 रन की शानदार पारी खेली श्रेयस अय्यर ने

स्कोर बोर्ड

भारत	रन	बॉल	4	6
रोहित कै बावुमा बो रबाडा	40	24	6	2
गिल बो महाराज	23	24	4	1
कोहली नॉटआउट	101	121	10	0
अय्यर कै मार्कराम बो एनगिडी	77	87	7	2
राहुल कै डुसेन बो जानसेन	8	17	0	0
सूर्यकुमार कै डी कॉक बो शम्सी	22	14	5	0
जड़ेजा नॉट आउट	29	15	3	1

अतिरिक्त : 26, **कुल :** 326/5, 50 ओवर, **विकेट पतन :** 62-1, 93 -2, 227-3, 249-4, 285-5 **गेंदबाजी :** लुंगी एनगिडी : 8.2-0-63-1, मार्को जानसेन : 9.4-0-94-1, रबाडा : 10-1-48-1, महाराज : 10-0-30-1, शम्सी : 10-0-72-1 मार्करम : 2-0-17-0

दक्षिण अफ्रीका	रन	बॉल	4	6
डी कॉक बो सिराज	5	10	1	0
बावुमा बो जड़ेजा	11	19	1	0
डुसेन एलबीडब्ल्यू बो शमी	13	32	1	0
एडेन मार्कराम कै राहुल बो शमी	9	6	2	0
क्लासेन एलबीडब्ल्यू बो जड़ेजा	1	11	0	0
मिलर बो जड़ेजा	11	11	2	0
जानसेन कै जड़ेजा बो कुलदीप	14	30	1	0
केशव बो जड़ेजा	7	11	1	0
रबाडा कै व बो जड़ेजा	6	26	0	0
एनगिडी बो कुलदीप	0	3	0	0
शम्सी नॉट आउट	4	4	1	0

अतिरिक्त : 2, **कुल :** 83/10, 27.1 ओवर, **विकेट पतन :** 6-1, 22-2, 35-3, 40-4, 40- 5, 59-6, 67-7, 79-8, 79-9, 83-10, **गेंदबाजी :** जसप्रीत बुमराह : 5-0-14-0, मोहम्मद सिराज : 4-1-11-1, रवींद्र जडेजा : 9-1-33-5, मोहम्मद शमी : 4-0-18-2, कुलदीप यादव : 5.1-1-7-2

कोहली ने की सचिन के 'विराट रिकॉर्ड' की बराबरी

ऐतिहासिक ईडन गार्डन पर कोहली ने रचा इतिहास

भाषा । कोलकाता

जिनको देखकर क्रिकेट खेलना शुरू किया, विश्व कप जीतने पर जिन्हे कंधे पर बिठाकर वानखेड़े स्टेडियम का चक्कर लगाया , उन्हीं सचिन तेंदुलकर के 49 वनडे शतकों के रिकार्ड की बराबरी विराट कोहली ने अपने जन्मदिन पर ऐतिहासिक ईडन गार्डन पर की तो मानों आसमान 'कोहली कोहली ' के शोर से गूंज उठा. दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व कप के मैच में 49वें ओवर में कैगिसो रबाडा की गेंद पर एक रन लेकर कोहली ने वनडे क्रिकेट में 49वां शतक पूरा किया तो पूरा ईडन गार्डन खुशी से झूम उठा. कोहली ने हेलमेट उतारकर दर्शकों का अभिवादन स्वीकार किया और आसमान की ओर देखा. कोई जोशीला जश्न नहीं , बस चेहरे पर एक संतोष का भाव दिखा.

ईडन गार्डन के इतिहास नें जुड़ा नया अध्याय : बाईस साल पहले वीवीएस लक्ष्मण की 281 रन की पारी और 2014 में रोहित शर्मा के वनडे के रिकॉर्ड 264 रन के साक्षी रहे ईडन गार्डन पर भारतीय क्रिकेट के इतिहास का एक और अध्याय आज लिखा गया. कोहली ने अपने 289वें वनडे मैच की 277वीं पारी में 49वां शतक जमाया. तेंदुलकर ने 463 वनडे की 452 पारियों में 49 शतक और 96 अर्धशतक बनाये थे. सचिन के नाम सौ अंतरराष्ट्रीय शतक हैं जबकि कोहली का यह 79वां अंतरराष्ट्रीय शतक है जिन्होंने टेस्ट में 29 और टी20 में भी एक शतक बनाया है.

वनडे में सबसे ज्यादा शतक

खिलाड़ी	देश	पारी	शतक
सचिन तेंदुलकर	भारत	451	49
विराट कोहली	भारत	277*	49
रोहित शर्मा	भारत	251	31

- कोहली के वर्ल्ड कप में **1500** रन भी पूरे हो गए हैं. वे इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स की सूची में चौथे नंबर पर हैं. सचिन तेंदुलकर 2278 रन के साथ टॉप पर हैं.

जन्मदिन पर वनडे में शतक लगाने वाले खिलाड़ी

- **विनोद कांबली** : 100* रन बनाम इंग्लैंड (1993)
- **रॉस टेलर** : 131* रन बनाम पाकिस्तान (2011)
- **सचिन तेंदुलकर** : 134 रन बनाम ऑस्ट्रेलिया (1998)
- **टॉम लैथम** : 140* रन बनाम नीदरलैंड (2022)
- **सनथ जयसूर्या** : 130 रन बनाम बांग्लादेश (2008)
- **मिचेल मार्श** : 121 रन बनाम पाकिस्तान (2023)
- **विराट कोहली** : 101* रन बनाम दक्षिण अफ्रीका (2023)

पाकिस्तान के खिलाड़ियों पर लगा जुर्माना

बेंगलुरु। पाकिस्तान के खिलाड़ियों पर न्यूजीलैंड के खिलाफ शनिवार को यहां खेले गए विश्व कप के लीग मैच में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने विज्ञप्ति में कहा कि एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के मैच रेफरी के रिची रिचर्डसन ने पाया कि बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम ने निर्धारित समय में दो ओवर कम किए हैं इसके बाद उन्होंने टीम के खिलाड़ियों पर यह जुर्माना लगाया. खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ के लिए धीमी ओवर गति से जुड़े आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार अगर कोई टीम निर्धारित समय में तय ओवर पूरा नहीं कर पाती है तो उसके खिलाड़ियों पर प्रत्येक ओवर के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाएगा.

लगातार हार निराशाजनक : बटलर

अहमदाबाद। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा कि विश्व कप में लचर प्रदर्शन और उनकी खराब फॉर्म निराशाजनक है लेकिन उनका या टीम का विश्वास नहीं डिगा है. पिछली बार का चैंपियन इंग्लैंड शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के हाथों से 33 रन से हार के साथ ही वर्तमान विश्व कप में सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया है. यह उसकी सात मैच में छठी हार थी. बटलर ने ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद कहा कि मैं यह नहीं कहूंगा कि हमारा विश्वास डिगा है लेकिन निराशा निश्चित तौर पर बढ़ी है. हमारे पास शीर्ष स्तर के खिलाड़ी हैं. इंग्लैंड के पास बेहद कुशल और अनुभवी खिलाड़ी होने के बावजूद उसकी टीम विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है. उसको सबसे अधिक निराशा कप्तान बटलर के लगातार नाकामी की वजह से मिली. बटलर ने कहा कि मेरा अपने खेल पर विश्वास पहले की तरह ही है जिसका मतलब है कि इतनी अधिक निराशा क्यों है.

श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच मैच में प्रदूषण का प्रकोप

बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच मैच आज

भाषा । नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण के कारण श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच सोमवार को यहां होने वाले विश्व कप मैच पर अनिश्चितता के बादल छाए हुए हैं और यह देखना होगा कि खिलाड़ियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जाती है या मैच को. जहरीली धुंध ने राष्ट्रीय राजधानी को अपने आगोश में ले रखा है जिससे दोनों टीमों को कम से कम एक बार अपना अभ्यास सत्र रद्द करना पड़ा था क्योंकि वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) गंभीर श्रेणी में बना हुआ है. श्रीलंका ने शनिवार को अपना अभ्यास सत्र रद्द कर दिया था लेकिन बांग्लादेश के खिलाड़ी मास्क पहनकर फिरोजशाह कोटला में शाम को अभ्यास के लिए पहुंचे थे. बांग्लादेश ने इससे पहले शुक्रवार को प्रदूषण के कारण अपना अभ्यास सत्र रद्द कर दिया था.

मैच पर छाए अनिश्चितता के बादल
मैच दोपहर 2:00 बजे से

मंगलवाल तक वायु गुणवत्ता गंभीर बने रहने की संभावना : गुरुवार से ही एक्यूआई 400 से ऊपर बना है तथा वायु गुणवत्ता प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली के अनुसार मंगलवार तक इसके 'गंभीर' बने रहने की संभावना है. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार रविवार सुबह एक्यूआई 457 रहा.

आज लिया जाएगा मैच पर फैसला : अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने स्पष्ट कर दिया है कि मैच के बारे में फैसला सोमवार को मैच वाले दिन ही किया जाएगा जब सोमवार को मैच अधिकारी वायु गुणवत्ता की जांच करेंगे. आईसीसी के खेल की परिस्थितियों से जुड़े अनुच्छेद 2.8 के अनुसार, अगर किसी भी समय अंपायर इस बात पर सहमत होते हैं कि मैदान, मौसम या रोशनी या कोई अन्य परिस्थितियां खतरनाक या अनुचित हैं, तो वे तुरंत खेल को निलंबित कर देंगे या खेल शुरू करने या फिर से शुरू करने की अनुमति नहीं देंगे.

पहले भी ऐसी परिस्थितियों का सामना कर चुकी है दोनों टीमें

दोनों टीम का इस तरह की परिस्थितियों से पहले भी सामना हो चुका है. श्रीलंका के खिलाड़ियों ने 2017 में टेस्ट मैच में मास्क पहनकर हिस्सा लिया था जबकि बांग्लादेश के क्रिकेटरों ने 2019 में टी20 मैच में ऐसा किया था. श्रीलंका के खिलाड़ियों को तब सांस संबंधी परेशानियां हुई थी जबकि कुछ खिलाड़ियों ने ड्रेसिंग रूम में उल्टियां भी की थी. अगर मुकाबले की बात करें तो बांग्लादेश पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुका है जबकि श्रीलंका की धुंधली उम्मीद बची हुई है.

राष्ट्रीय खेल दो स्वर्ण, तीन रजत और 11 कांस्य समेत 16 पदक के साथ रैंकिंग में 24वें स्थान पर झारखंड

पंजाब को हराकर सेफा में पहुंची झारखंड महिला हॉकी टीम

संवाददाता । रांची

भारतीय ओलंपिक संघ एवं गोवा सरकार द्वारा 25 अक्टूबर से गोवा के विभिन्न शहरों में आयोजित 37वें राष्ट्रीय खेल में रविवार को झारखंड महिला हॉकी टीम ने अल्का डुंगडुंग के किए गए एक मात्र गोल की बदौलत रोमांचक मुकाबले में पंजाब को पराजित कर अपने पुल में टॉप पर रहते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया. महिला हॉकी टीम का अगला मुकाबला अब मध्यप्रदेश से मंगवार को होगा. झारखंड के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन कर महिला हॉकी, लॉन बाल में पदक की आस जगाई प्रतियोगिता में अबतक झारखंड को 02 स्वर्ण, 03 रजत, 11 कांस्य पदक समेत 16 पदक मिले हैं और झारखंड रैंकिंग में 24वें स्थान पर है.

इन खेलों में भी झारखंड को मिली जीत

- **लॉन बॉल (पुरुष).....** लॉन बाल पुरुष वर्ग में अभिषेक लकड़ा, मो वसीम अकरम, कृष्णा खलको, दिनेश कुमार की चौकड़ी ने मणिपुर को 16-8 से हराया
- **पुरुष सिंगल.....** सुनील बहादुर ने मणिपुर को 21-5 हराया
- **बीच हैंडबॉल (पुरुष).....** झारखंड ने लीग के रोमांचक मुकाबले में मध्यप्रदेश को 25-24 पराजित किया.

सुनील नारायण ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया

पोर्ट ऑफ स्पेन (त्रिनिदाद)। वेस्टइंडीज के दिग्गज स्पिनर सुनील नारायण ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की. आईसीसी टी20 विश्व कप 2012 जीतने वाली वेस्टइंडीज की टीम के सदस्य रहे नारायण ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला अगस्त 2019 में प्रोविडेंस में भारत के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के रूप में खेला था.पैंतीस साल के नारायण ने 'इंस्टाग्राम' पर लिखा कि मुझे आखिरी बार वेस्टइंडीज की ओर से खेले चार साल से अधिक समय हो गया लेकिन आज मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करता हूं. उन्होंने कहा कि सार्वजनिक तौर पर मैं कम बोलने वाला व्यक्ति हूं लेकिन निजी तौर पर कुछ ऐसे लोग हैं जिन्होंने मेरे पूरे करियर में मुझे अटूट समर्थन दिया है.

एकदिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट में 24 टीमों ने लिया हिस्सा

संवाददाता । जमशेदपुर

जमशेदपुर स्थित गोलमुरी यूबीसी ग्राउंड में रविवार को जूनियर यूएफसी की ओर से एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता में शहर एवं आसपास के क्षेत्रों की 24 टीमों ने हिस्सा लिया. टूर्नामेंट का उद्घाटन शहर के समाजसेवी शिवशंकर सिंह ने गुब्बारा उड़ा कर तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर दिया. इसके बाद विभिन्न टीमों के बीच मैच आरंभ हुआ. टूर्नामेंट को लेकर खिलाड़ियों एवं स्थानीय दर्शकों में काफी उत्साह देखा गया. टूर्नामेंट के समापन पर विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया गया. इस आयोजन में रेयाज, फैज, कैफ, एहसान, शाहरुख, रोहित, हसीब समेत आयोजन समिति के सभी पदधारियों एवं सदस्यों समेत स्थानीय लोगों की सराहनीय भूमिका रही.

हमारी भी सुनो... सर्द रातों में खुले आसमान के नीचे सीमा खुलने का इंतजार...

पाकिस्तान सरकार के कड़े फैसले के कारण अफगान शरणार्थी काफी परेशानी में हैं. पाक में गैर कानूनी रूप से रहे अफगान नागरिकों को उनके देश भेजा जा रहा है और इस वजह से पाकिस्तान और अफगानिस्तान की सीमा पर काफी भीड़ देखने को मिल रही है. पाकिस्तान में वैसे तो 40 लाख अफगानी रहते हैं, जिसमें से अवैध रूप से रह रहे शरणार्थियों की संख्या 17 लाख थी. ऐसे कई वीडियोज और तस्वीरें वायरल हो रही हैं जिनमें ना चाहते हुए भी लाखों अफगान शरणार्थी अपने समान को ट्रकों, बसों और अन्य वाहनों में लादकर अफगानिस्तान की तरफ जा रहे हैं. इस वजह से पाकिस्तान और अफगानिस्तान की सीमा पर भारी भीड़ देखने को मिली और लोग लंबी-लंबी कतारों में खड़े हैं. त्रासदी और संसाधनों की किल्लत से जूझ रहे इन 17 लाख अफगानियों के बाद अफगानिस्तान में रहने के लिए कोई इंतजाम नहीं है. सर्दियों में जब ज्यादातर अफगानिस्तान में तापमान शून्य से नीचे चला जाता है तो इनके पास रहने के लिए कोई इंतजाम नहीं है.

ब्रीफ खबरें

'राशन योजना का विस्तार बदहाली का संकेत है'

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को कहा कि मुफ्त राशन योजना को पांच साल और विस्तार देने का सरकार का फैसला देश में खतरनाक स्तर पर पहुंच गई आर्थिक बदहाली और बढ़ती असमानताओं का संकेत है. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर इस मामले को लेकर अपना रुख बदलने का आरोप लगाया. रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, उनकी यह ताजा घोषणा आर्थिक बदहाली और बढ़ती असमानताओं का संकेत है, जो लगातार बढ़कर खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है.अधिकतर भारतीयों की आय उस हिसाब से नहीं बढ़ रही जिस दर से आवश्यक वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही हैं.

भूटान नरेश दिल्ली पहुंचे, हुआ स्वागत

गुवाहाटी। भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक असम की अपनी पहली तीन दिवसीय यात्रा संपन्न करने के बाद रविवार को जोरहाट के रोवरिया हवाई अड्डे से दिल्ली रवाना हुए. भूटान नरेश को हवाई अड्डे पर असम की वित्त मंत्री अजंता निओग, जोरहाट के विधायक हितेंद्रनाथ गोस्वामी, राज्य और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गर्मजोशी से विदाई दी गई. इससे पहले वन और पर्यावरण मंत्री चंद्र मोहन पटवारी, कृषि मंत्री अतुल बोरा और अधिकारियों ने राजकीय अतिथि वांगचुक को उस होटल में विदाई दी गई. वे दिल्ली पहुंचे तो उनका एयरपोर्ट पर स्वागत किया गया. इसके लिए विदेश मंत्री एस. जयशंकर खुद पहुंचे थे.

यूक्रेन ने शिपयार्ड पर हवाई हमला किया

मास्को। रूस की सेना ने कहा है कि यूक्रेन ने क्रीमिया के एक शिपयार्ड पर मिसाइल हमला किया, जिसमें एक रूसी जहाज क्षतिग्रस्त हो गया. रूस के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार देर रात कहा कि यूक्रेन के बलों ने क्रीमिया प्रायद्वीप के पूर्वी शहर कर्च में जालिव शिपयार्ड पर 15 क्रूज़ मिसाइलें दागीं हैं. मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हवाई रक्षा प्रणाली ने 13 मिसाइलों को मार गिराया, लेकिन अन्य शिपयार्ड पर जा गिरीं और एक पोत को क्षतिग्रस्त कर दिया. मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि पोत को कितना नुकसान हुआ है. यूक्रेन की वायु सेना के कमांडर मायकोला ओलेशचुक ने एक बयान में कहा कि हमले के वक्त शिपयार्ड में काले सागर में रूस के बेड़े का एक बहुत ही आधुनिक पोत था, जो कैलिबर क्रूज़ मिसाइल का वाहक है.

'टाइगर 3' के टिकटों की अग्रिम बुकिंग शुरू

मुंबई। फिल्म निर्माण कंपनी 'यशराज फिल्म्स' (वाईआरएफ) ने दीपावली पर रिलीज होने वाली सलमान खान और कैटरीना कैफ अभिनीत फिल्म ''टाइगर 3'' की टिकटों की अग्रिम बुकिंग रविवार को शुरू कर दी. मनीष शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म ''टाइगर 3'' 12 नवंबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी. इसमें इमरान हाशमी भी नजर आएंगे. वाईआरएफ ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' पर लिखा,''''उल्टी गिनती शुरू हो गई है, ''टाइगर 3'' के आने में एक सप्ताह का वक्त बचा है. फिल्म 12 दिसंबर यानी रविवार को हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज होगी. टिकटों की अग्रिम बुकिंग शुरू हो गई है.

मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया संबोधन

'कांग्रेस के दो नेता बेटों के लिए लड़ रहे'

भाषा। सिवनी (मप्र)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके दो वरिष्ठ नेता मध्य प्रदेश में अपने बेटों को स्थापित करने और राज्य में पार्टी संगठन पर कब्जा करने के लिए लड़ रहे हैं. कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के प्रमुख कमलनाथ हाल में वायरल हुए अपने एक वीडियो में पार्टी कार्यकर्ताओं को यह कहते देखे जा सकते हैं कि शिवपुरी से एक नेता को टिकट देने से इनकार करने को लेकर उनके सहकर्मी दिग्विजय सिंह के कपड़ें फाड़ दें. इससे, चुनाव के लिए प्रत्याशियों के चयन को लेकर पार्टी में दरार पड़ने की अटकलें लगायी जाने लगी. हालांकि, दोनों पूर्व मुख्यमंत्रियों ने इस प्रकरण को तवज्जो नहीं देने की कोशिश की और 17 नवंबर के विधानसभा चुनाव से पहले अपनी एकजुटता प्रदर्शित की है. राज्य विधानसभा चुनावों से पहले, मप्र के सिवनी जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि आजादी के बाद देश में पांच-छह दशकों तक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस ने आदिवासी समुदाय के कल्याण के लिए कुछ नहीं किया.

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके दो बड़े नेता अपने बेटों को स्थापित करने और राज्य में पार्टी संगठन पर कब्जा करने के लिए लड़ रहे हैं. उन्होंने कहा, राज्य में कांग्रेस चुनाव नहीं लड़ रही, बल्कि उसके दो बड़े नेता एक-दूसरे से लड़ रहे हैं. कोविड-19

के गंभीर संकट के दौरान, एकमात्र चीज जो मुझे परेशान कर रही थी, वह यह थी कि जब सब कुछ बंद है तो गरीब लोग अपने बच्चों को भोजन कैसे उपलब्ध कराएंगे. वे काम करने अपने घरों से बाहर नहीं जा सकते थे और इसलिए, मैंने किसी भी स्थिति में देश के लोगों को बचाने के लिए लड़ने का निर्णय लिया. उन्होंने कहा, इस संकल्प के परिणामस्वरूप, मैंने 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया, ताकि उनके बच्चों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से भोजन मिल सके. मोदी ने कहा कि चूंकि वह (मोदी) भी एक गरीब परिवार से आते हैं और इन लोगों को होने वाली समस्याओं को समझते हैं, इसलिए उनकी सरकार ने मुफ्त राशन मुहैया करने की योजना को अगले पांच वर्षों तक बढ़ाने का फैसला किया है.

उन्होंने कहा, कांग्रेस शासन के दौरान लाखों-करोड़ों रुपये के घोटाले हुए, लेकिन भाजपा सरकार के दौरान ऐसा कुछ नहीं हुआ और इस तरह बचाया गया पैसा गरीब लोगों को

खास बातें

- अपने संबोधन में कांग्रेस पार्टी पर जमकर साधा निशाना
- केंद्र की योजनाओं को लेकर भी लोगों को जागरूक किया

मुफ्त राशन उपलब्ध कराने पर खर्च किया जा रहा है. कांग्रेस की आलोचना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पार्टी ने पांच-छह दशकों तक सत्ता में रहने के बावजूद आदिवासी समुदाय के कल्याण के लिए कुछ नहीं किया.

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा सत्ता में आई, तो देश में पहली बार आदिवासियों के कल्याण के लिए एक अलग मंत्रालय का गठन किया गया. देश में मोबाइल फोन की बड़े पैमाने पर उपलब्धता का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि उनकी सरकार की नीतियों और लोगों के लिए बड़ी बचत सुनिश्चित करने से देश में मोबाइल फोन के साथ-साथ डाटा सेवाएं भी सस्ती हैं. उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में होती, तो मोबाइल फोन और डाटा के लिए 300-400 रुपये का मासिक शुल्क 4,000-5,000 रुपये प्रति माह हो गया होता. मोदी ने यह भी कहा कि सरकार द्वारा स्थापित जन औषधि केंद्रों ने दवाओं पर 80 प्रतिशत की छूट दी और देश में गरीब लोगों के लगभग 25,000 करोड़ रुपये बचाए.

आचार्य विद्यासागर महाराज से की मुलाकात

पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ का दौरा किया

भाषा। राजनांदगांव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में प्रसिद्ध तीर्थ स्थल डोंगरगढ़ का दौरा किया और जैन मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज से मुलाकात की. प्रधानमंत्री ने डोंगरगढ़ में बम्लेश्वरी मंदिर की पहाड़ी की तलहटी पर स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में भी पूजा-अर्चना की. प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया में अपनी तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें वह आचार्य विद्यासागर महाराज का आशीर्वाद लेते नजर आ रहे हैं. अपने 'एक्स' हैंडल पर प्रधानमंत्री ने लिखा, 'छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में चंद्रगिरि जैन मंदिर में आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज का आशीर्वाद पाकर धन्य महसूस कर रहा हूं.' भाजपा की छत्तीसगढ़ इकाई ने अपने 'एक्स' हैंडल पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें प्रधानमंत्री को बम्लेश्वरी मंदिर में को प्रसाद चढ़ाते हुए तथा पूजा-अर्चना करते हुए देखा जा सकता है. भाजपा ने लिखा है, भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी ने डोंगरगढ़ स्थित बम्लेश्वरी माता मंदिर में बम्लेश्वरी मैया के दर्शन किये और उनकी पूजा-अर्चना कर भारत के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की. प्रधानमंत्री के साथ राजनांदगांव क्षेत्र के विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह भी थे. 90 सदस्यीय राज्य विधानसभा के लिए सात और 17 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा. डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र उन बीस सीट में से एक है, जहां सात नवंबर को पहले चरण में मतदान होगा. अन्य 70 निर्वाचन क्षेत्रों में दूसरे चरण में वोट डाले जाएंगे.

आओ जानें

किस देश का कितना सैन्य खर्च (बिलियन डॉलर में)

जापान	37.47	कांगो	13.17
भारत	28.51	रूस	12.41
मेक्सिको	21.58	कोलंबिया	10.57
मिस्र	20.08	इंडोनेशिया	10.52
चीन	19.62	पेरू	10.39
फिलीपींस	13.48	फ्रांस	10.90

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिनी बैठक शुरू

आरएसएस की विस्तार योजना में हुई प्रगति की होगी समीक्षा

भाषा। भुज

गुजरात में कच्छ जिले के भुज शहर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय बैठक रविवार को संघ प्रमुख मोहन भागवत और महासचिव दत्तात्रेय होसबाले की उपस्थिति में शुरू हुई. संघ द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, संघ के अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में पूरे गुजरात से 382 वरिष्ठ संघ नेता शामिल हो रहे हैं.

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने बैठक से पहले भागवत और संगठन के अन्य शीर्ष नेताओं से शिष्टाचार भेंट की. विज्ञप्ति में कहा गया कि बैठक के दौरान आमंत्रित सदस्य संघ के विस्तार की योजना में हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे और आधुनिक जीवनशैली की प्रकृति पर पड़ने वाले असर, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, गो संरक्षण, ग्रामीण विकास सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे. इससे पहले संगठन के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन और देशभर में होने वाले इससे जुड़े कार्यक्रमों पर संघ की भुज में होने वाली बैठक में चर्चा की जाएगी.

राहुल ने किया केदारनाथ का दर्शन

3 दिनी दौरे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को केदारनाथ धाम पहुंचे.

'छग के किसानों का कर्ज माफ करेंगे'

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सत्ताधारी दल कांग्रेस ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को छह हजार रुपये प्रति मानक बोरा देने, किसानों का कर्ज माफ करने और उनसे 32 सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने समेत कई वादे किए हैं. कांग्रेस ने रविवार को अपनी पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया. उसने अपने घोषणा पत्र का नाम ''भरोसे का घोषणा पत्र 2023-28'' रखा है. रायपुर में पार्टी की छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा, राजनांदगांव में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और अंबिकापुर में उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव ने घोषणा पत्र जारी किया. राजनांदगांव में बघेल ने बताया कि राज्य में किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा.

गाजा में शिविर पर हमला, 40 की मौत

भाषा। खान यूनिस (गाजा पट्टी)

इजराइली युद्धक विमानों ने रविवार तड़के गाजा पट्टी पर एक शरणार्थी शिविर पर हमला किया, जिसमें कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई और 42 लोग घायल हो गए. गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी. अमेरिका ने आम नागरिकों को राहत देने के लिए इजराइल से कुछ देर के लिए हमले रोकने की अपील की थी, लेकिन इजराइल का कहना है कि वह गाजा में हमास शासकों को कुचलने के लिए अपने हमले जारी रखेगा.

फ्रांस की राजधानी पेरिस, जर्मनी की राजधानी बर्लिन और अन्य यूरोपीय शहरों में फिलिस्तीनी समर्थक हजारों लोगों ने गाजा में इजराइली बमबारी रोकने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया. ये प्रदर्शन इजराइल-

युद्ध जारी

- इजराइल के युद्धक विमानों ने सुबह-सुबह किया हमला
- युद्ध में मारे गए फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 9,448 हुई

हमास युद्ध में हताहत हुए लोगों की बढ़ती संख्या और गहराते मानवीय संकट को लेकर यूरोप के खासकर उन देशों में बढ़ रहे असंतोष को दर्शाते हैं, जहां मुस्लिम आबादी अधिक है. अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने क्षेत्र के अपने हालिया दौरे में मानवीय मदद पहुंचाने के लिए कुछ देर के लिए हमले रोकने का प्रस्ताव रखा था, जिसे इजराइल से अस्वीकार कर दिया है.

इजराइल के रक्षा मंत्री याओव गैलेंट ने कहा, गाजा सिटी में रह रहा हर व्यक्ति अपनी जान को खतरे में डाल रहा है. गाजा में हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इजराइल-हमास युद्ध में मारे गए फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 9,448 हो गई है. इजराइल में 1,400 से अधिक लोगों की मौत हुई है. इनमें से अधिकतर लोगों की मौत सात अक्टूबर को हमास के शुरुआती हमले में हुई. इसी हमले के बाद से यह युद्ध शुरू हुआ है. यह शिविर उस निकासी क्षेत्र में स्थित है जहां इजराइल की सेना ने गाजा में फिलिस्तीनी नागरिकों से शरण लेने का आग्रह किया था क्योंकि वह उत्तरी क्षेत्रों में अपने सैन्य आक्रमण पर ध्यान केंद्रित कर रही है. इस अपील के बावजूद, हमास के लड़ाकों और उनकी संपत्तियों को नष्ट करने के लक्ष्य से इजराइल ने पूरे गाजा में अपनी बमबारी जारी रखी है.

राजस्थान में भाजपा ने 15 उम्मीदवारों की सूची जारी की

भाषा। जयपुर

भाजपा ने 25 नवंबर को होने वाले राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को 15 उम्मीदवारों की सूची जारी की जिसमें कुछ नए चेहरे शामिल हैं. सूची में एक विधानसभा क्षेत्र में उम्मीदवार बदल दिया गया है. पांचवीं सूची के साथ पार्टी अब तक 200 में से 198 सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है. भाजपा ने मावली (उदयपुर) से मौजूदा विधायक धर्मनारायण जोशी का टिकट काटकर केजी पालीवाल को मैदान में उतारा है.

पार्टी ने दो नवंबर को जारी तीसरी सूची में पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी की पुत्रवधू पूनम कंवर भाटी के नाम की घोषणा की थी. अब रविवार को पांचवीं सूची में पूनम कंवर भाटी की जगह उनके बेटे अंशुमान सिंह भाटी ने ले ली है.

हनुमानगढ़ से अमित चौधरी, कोलायत से अंशुमान सिंह भाटी, सिविल लाइंस से गोपाल शर्मा, किशनपोल से चंद्रमोहन बटवाड़ा, आदर्श नगर से रवि नैय्यर, भरतपुर से विजय बंसल, सरदारशहर से पूर्व विधायक राजकुमार रिणवा, कोटा उत्तर से प्रह्लाद गुंजल और शेरगढ़ से बाबू सिंह राठौड़ को टिकट दिया गया है. शाहपुरा, राजाखेड़ा, मसूदा, पीपल्दा और बारां-अटरू सीट के लिए भी उम्मीदवारों की घोषणा की गई. नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख छह नवंबर है.

प्रचार | छत्तीसगढ़ चुनाव को लेकर कोंटा विधानसभा क्षेत्र में एक रैली को किया संबोधित

'राम मंदिर का निर्माण राम राज्य की उद्घोषणा की शुरुआत'

भाषा। सुकमा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भारत के अंदर राम राज्य की उद्घोषणा की शुरुआत है, जहां जाति और धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होगा. छत्तीसगढ़ के कोंटा विधानसभा क्षेत्र में एक रैली को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर राज्य में 'लव जिहाद' और धर्मांतरण को बढ़ावा देने का आरोप लगाया. सुकमा जिले की कोंटा सीट उन 20 विधानसभा क्षेत्रों में से एक है, जहां पहले चरण में मतदान होगा. राज्य के 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए दो चरणों में मतदान होगा. पहले

चरण में 20 सीटों पर व अन्य 70 सीटों पर 17 नवंबर को दूसरे चरण में मतदान होगा. पहले चरण के लिए प्रचार रविवार शाम को समाप्त हो जाएगा.

योगी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, अयोध्या में भगवान राम के मंदिर का निर्माण जनवरी में पूरा

खास बातें

- छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के खिलाफ साधा निशाना
- अयोध्या के राम मंदिर का भी सभा में किया खुलकर जिक्र

हो जाएगा. इससे उत्तर प्रदेश से अधिक छत्तीसगढ़ के लोगों को खुश होना चाहिए, क्योंकि छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है. अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भारत के अंदर राम राज्य की उद्घोषणा की शुरुआत है. उन्होंने कहा, राम राज्य का अर्थ है ऐसा शासन जहां जाति और धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होगा.

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का अनुष्ठान शुरू

अयोध्या। अयोध्या में रविवार को अक्षत पूजा के साथ राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का अनुष्ठान शुरू हो गया. श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अधिकारियों ने कहा कि ट्रस्ट ने राम जन्मभूमि पर भगवान राम के दरबार में हल्दी और देसी घी के साथ लगभग एक क्विंटल साबूत चावल की पूजा के साथ अक्षत पूजा का आयोजन किया. इस पूजित चावल को पांच किलोग्राम क्षमता वाले पीतल के बर्तनों में पैक किया गया है और देश के 45 संगठनात्मक प्रांतों से अयोध्या में एकत्र हुए विश्व हिंदू परिषद के 90 पदाधिकारियों को वितरित किया गया है, जो 22 जनवरी से पहले इसे पूरे देश में वितरित करेंगे. अगले साल 22 जनवरी को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की तारीख तय की गयी है. उससे पहले देशभर में करोड़ों भक्तों तक भगवान राम का प्रसाद अक्षत के रुप में पहुंचाया जाना है. ट्रस्ट के सचिव चम्पत राय ने मंगलवार को बताया कि अगले साल एक जनवरी से 15 जनवरी तक भारत के पांच लाख गांवों में पूजित अक्षत वितरित किया जायेगा. चम्पत राय ने कहा कि पूजे गये चावल के साथ विभिन्न इलाकों के मठ-मंदिरों में अयोध्या जैसा उत्सव मनाने की अपील की जायेगी. बताया कि पूजे गये चावल में किसी भी कृत्रिम रंग का इस्तेमाल नहीं किया गया है. इसमें सिर्फ हल्दी और देसी घी डाला गया है.

भूकंप पीड़ितों को मदद पहुंचाने में जुटी हुई है नेपाल सरकार

भाषा। काठमांडू

नेपाल के दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्र में शुक्रवार को आए भूकंप के कारण कम से कम 157 लोगों की मौत होने और भीषण तबाही मचने के बीच हिमालयी देश के प्राधिकारी बचाव एवं राहत कार्य में जुटे हैं. नेपाल में शुक्रवार आधी रात से ठीक पहले आए 6.4 तीव्रता वाले भूकंप का केंद्र काठमांडू के 500 किलोमीटर पश्चिम में स्थित जाजरकोट जिले में था. भूकंप के कारण पर्वतीय क्षेत्र में सैकड़ों मकान नष्ट हो गए और कई लोगों को शनिवार को खुले आसमान के नीचे रात बितानी पड़ी. इस त्रासदी में मारे गए कुल 157 लोगों में से 120 लोगों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं. इस भूकंप में करीब 253

लोग घायल हुए हैं. यह 2015 के बाद देश में आया सबसे विनाशकारी भूकंप है. मृतकों के रिश्तेदार शवों के अंतिम संस्कार की तैयारियों में जुटे हैं. भूकंप ने जाजरकोट और रुकुम पश्चिम जिलों में सबसे अधिक तबाही मचाई है, लेकिन जाजरकोट में एक नगर निकाय क्षेत्र ऐसा भी है, जहां इस त्रासदी के कारण कोई हताहत नहीं हुआ

मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ के चुनाव मैदान में 10 पूर्व मुख्यमंत्रियों के वंशज भी

राजकुमार सोनी
वरिष्ठ पत्रकार, भोपाल

देश की राजनीति में वंशवाद एवं परिवारवाद बड़ा मुद्दा है. मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दलों ने टिकट देने में भी परिवारवाद से परहेज नहीं किया. इस बार विधानसभा चुनाव में खास बात यह है कि विभाजित और अविभाजित मप्र के 8 पूर्व मुख्यमंत्रियों के वंशज मप्र में ही चुनाव मैदान में हैं. छत्तीसगढ़ में भी दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के वंशज विधानसभा चुनाव के मैदान में हैं. मप्र के गठन 1 नवंबर 1956 से लेकर अब तक शिवराज सिंह चौहान समेत 18 नेता मुख्यमंत्री बने हैं, जिनमें से 8 के वंशज इस बार विधानसभा चुनाव चुनाव लड़ रहे हैं. पूर्व मुख्यमंत्री गोविंद नारायण सिंह के भी दो वंशज भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं.

जिन पूर्व मुख्यमंत्रियों के वंशज चुनाव लड़ रहे हैं, उनमें ज्यादातर के बेटा-बहू हैं. कुछ के नाती एवं अन्य पारिवारिक रिश्तेदार भी शामिल हैं. ज्यादातर की सीट वहीं हैं, जहां से पूर्व मुख्यमंत्री चुनाव लड़ते थे. कैलाश जोशी देवास जिले की बागली सीट से चुनाव लड़ते थे, लेकिन यह सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित होने की वजह से उनके बेटे दीपक जोशी देवास जिले की ही हाटपीपल्या से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे. अब वे कांग्रेस के टिकट पर खातेगांव से चुनाव मैदान में हैं. मध्यप्रदेश की संयुक्त सरकार के मुख्यमंत्री गोविंद नारायण सिंह के बेटे ध्रुव सिंह भोपाल की मध्य विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में है. जबकि उनके नाती विक्रम सिंह सतना जिले की रामपुरबघेलान सीट से चुनाव लड़ रहे हैं. गोविंदनारायण सिंह भी इसी सीट से चुनाव लड़ते थे. दोनों भाजपा से प्रत्याशी हैं.

पहले मुख्यमंत्री के वंशज मुख्यमंत्री बने

मप्र के पहले मुख्यमंत्री पंडित रविशंकर शुक्ल के बड़े बेटे श्यामाचरण शुक्ल अविविभाजित मप्र के 3 बार कांग्रेस की सरकार के मुख्यमंत्री रहे थे. छोटे बेटे विद्याचरण शुक्ल भी अविभाजित मप्र में छत्तीसगढ़ क्षेत्र से सांसद, विधायक रहे. इनके वंशज अब छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से प्रत्याशी हैं. विभाजित छत्तीसगढ़ के पहले मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे एवं अन्य रिश्तेदार भी चुनाव मैदान में हैं.

इनके वंशज

गोविंद नारायण सिंह

समवेत सरकार में मुख्यमंत्री बने थे. ये रामपुर बघेलान सीट से चुनाव लड़ते थे. इनके बड़े बेटे हर्ष सिंह भी इसी सीट से विधायक चुने जाते थे. शिवराज सिंह चौहान की पिछली सरकार में मंत्री भी रहे. भाजपा ने इस बार हर्ष सिंह के बेटे विक्रम सिंह को इसी सीट से प्रत्याशी घोषित किया है. वहीं गोविंद नारायण सिंह के छोटे बेटे धुव्रनारायण सिंह भोपाल की मध्य सीट से दूसरी बार चुनाव मैदान में हैं. 2008 में वे इसी सीट से विधायक रह चुके हैं.

कैलाश चंद्र जोशी

जनसंघ के संस्थापक सदस्य भाजपा के पहले मुख्यमंत्री कैलाश जोशी के बेटे दीपक जोशी भी चुनाव मैदान में हैं. इस बार दीपक जोशी ने भाजपा छोड़ दी और वे कांग्रेस से चुनाव लड़ रहे हैं. कैलाशी जोशी बागली सीट से चुनाव लड़ते थे. 2003 में दीपक पहली बार बागली से ही विधायक बने. 2008 में यह सीट आरक्षित हो गई. इसके बाद 2008 एवं 2013 में हाटपिपल्या से विधायक बने. शिवराज सरकार में मंत्री रहे. 2023 का चुनाव वे खातेगांव सीट से कांग्रेस के टिकट पर लड़ रहे हैं.

सुंदरलाल पटवा

पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा प्रदेश की अलग-अलग सीटों से विधायक चुनते थे. मंदसौर से भी विधायक चुने थे. 1990 से लेकर 1998 तक का चुनाव उन्होंने रायसेन जिले की भोजपुर सीट से लड़ा था. 2003 से यहां पटवा के दत्तक पुत्र सुरेंद्र पटवा विधायक चुनते आ रहे हैं. सुरेंद्र इस बार फिर भोजपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी हैं.

वीरेंद्र कुमार सकलेचा

नीमच जिले की जावद सीट से पूर्व मुख्यमंत्री वीरेंद्र कुमार सकलेचा चुनाव लड़ते थे. 2003 से उनके बेटे ओमप्रकाश सकलेचा भाजपा से विधायक बनते आ रहे हैं. इस बार भी सकलेचा इसी सीट से भाजपा प्रत्याशी हैं.

अर्जुन सिंह

पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह सीधी जिले की चुरहट सीट से विधायक चुने जाते थे. एक चुनाव उन्होंने उमरिया सीट से भी जीता था. 1990 तक अर्जुन सिंह इसी सीट से विधायक का चुनाव लड़ते थे. 1998 से उनके बेटे अजय सिंह लगातार चुनाव लड़ रहे हैं. अजय सिंह 2018 का चुनाव हार गए थे. वे चुरहट से फिर कांग्रेस प्रत्याशी हैं.

दिग्विजय सिंह

170 से चुनावी मैदान में है दिग्विजय सिंह. 1993 में मप्र के मुख्यमंत्री बने. वे गुना जिले की राघौगढ़ सीट से विधायक चुनकर आए थे. 2013 से इसी सीट से उनके बेटे जयवर्धन सिंह लगातार दूसरी बार विधायक चुने जा चुके हैं. इस बार विधानसभा चुनाव में राघौगढ़ सीट से जयवर्धन सिंह फिर प्रत्याशी हैं.

उमा भारती

2003 में छतरपुर जिले की मलहरा सीट से विधायक बनी थीं और मप्र की पहली महिला मुख्यमंत्री की शपथ ली थी. वर्तमान में उमा भारती के भतीजे राहुल लोधी टीकमगढ़ जिले की खरगापुर सीट से विधायक हैं. 2013 में चुनाव हारे. 2018 में पहली बार विधायक बने. उन्हें शिवराज सरकार में मंत्री पद दिया गया. अब वे इसी सीट से फिर से भाजपा प्रत्याशी हैं.

बाबूलाल गौर

उमा भारती के इस्तीफे के बाद बाबूलाल गौर मुख्यमंत्री बने थे. वे भोपाल की गोविंदपुरा सीट से लगातार चुनाव जीतते रहे. लगातार 10 विधानसभा चुनाव जीतने का रिकॉर्ड भी बाबूलाल गौर के नाम पर है. 2018 में उनकी बहू कृष्णा गौर यहां से विधायक का चुनाव जीतीं. कृष्णा इस बार गोविंदपुरा से फिर भाजपा प्रत्याशी हैं.

प्रहलाद पटेल का दबदबा कितना कारगर

पंकज मुकाती
वरिष्ठ पत्रकार, भोपाल

भाजपा ने नरसिंहपुर विधानसभा सीट से जालन सिंह पटेल की जगह उनके बड़े भाई और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल को चुनावी मैदान में उतारा हैं. वहीं इस सीट से कांग्रेस ने लाखन सिंह पटेल को प्रत्याशी बनाया हैं. केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे. लाखन सिंह पटेल ने कांग्रेस के टिकट पर 2018 में भी चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हे हार का सामना करना पड़ा था. अब इस चुनावी समर में वादों और दावों के साथ भाजपा और कांग्रेस एक-दूसरे पर हमलावर है.

नरसिंहपुर प्रहलाद सिंह पटेल का गृहनगर है. यहां भाजपा और विपक्षी कांग्रेस के बीच राजनीतिक लड़ाई हो सकती है. इसके पीछे पटेल परिवार के लिए राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई है, यहां से अभी प्रहलाद पटेल के छोटे भाई जालम सिंह पटेल विधायक हैं. हालांकि, पटेलों से पहले, नरसिंहपुर मुशरान परिवार का गढ़ रहा है, जिसमें अजय नारायण मुशरान के पिता श्याम सुंदर मुशरान और अजय नारायण मुशरान थे. इस परिवार का दबदबा लंबे समय तक नरसिंहपुर विधानसभा सीट पर रहा है.

2018 में सिर्फ नरसिंहपुर सीट ही जीत सकी थी भाजपा: नरसिंहपुर जिला प्रदेश की राजनीति के मामले में बेहद खास जिला बताया जाता है. इस जिले के तहत चार विधानसभा सीटें आती हैं जिसमें नरसिंहपुर विधानसभा सीट भी एक है. वर्तमान में यहां से भाजपा से जालम सिंह पटेल विधायक हैं जो केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के छोटे भाई हैं. यह बेहद चर्चित विधानसभा सीट है. ऐसा इसलिए क्योकि 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में जिले की चारों में से सिर्फ इसी सीट पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी. बाकी 3 सीटों पर भाजपा को हार का मुंह देखना पड़ा था. ये तीनों सीट कांग्रेस के खाते में गई थी. इस सीट से जालम सिंह पटेल कांग्रेस के लाखन सिंह पटेल को हराकर विधायक बने थे, जालम सिंह पटेल इस सीट से लगातार 2 बार चुनाव में जीत दर्ज कर चुके हैं.

14 हजार 903 वोटों से जीते थे जालम सिंह पटेल: 2018 विधानसभा चुनाव में नरसिंहपुर सीट पर जालम सिंह पटेल ने कांग्रेस के लाखन सिंह पटेल को 14 हजार 903 वोटों से हराया था. 2018 में चली बदलाव की लहर के बीच जालम सिंह पटेल को 87 हजार 837 और लाखन सिंह पटेल को 72 हजार 934 वोट मिले थे. 14 हजार 903 वोटों से चुनाव जीत कर जालम सिंह ने इस सीट पर कब्जा जमाया. इस चुनाव में विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 7 हजार 93 वोटर्स थे. इनमें से पुरुष मतदाता की संख्या 1 लाख 8 हजार 770 थी, जबकि 98 हजार 323 महिला वोटर्स थी. इसमें से 1 लाख 69 हजार 184 (83.3%) वोटर्स ने मतादान किया था. वहीं 3 हजार 293 वोटर्स ने NOTA का बटन दबाया था.

जाति समीकरण

इस विधानसभा सीट से कांग्रेस और भाजपा दोनों ने पटेल समाज के प्रत्याशी को मैदान में उतारा है. नरसिंहपुर सीट पर जाति समीकरण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. खास बात ये है कि इस विधानसभा सीट पर पटेल मतदाताओं का सबसे ज्यादा प्रभाव है. इस सीट पर करीब 55 हजार पटेल वोटर्स हैं. नरसिंहपुर विधानसभा सीट के सियासी इतिहास देखे तो 2013 में कांग्रेस के कब्जे वाली इस सीट पर जालम सिंह पटेल को जीत मिली थी. भाजपा जालम सिंह पटेल ने कांग्रेस के तत्कालीन विधायक सुनील जायसवाल को हराया था. इससे पहले 2008 में कांग्रेस के सुनील जायसवाल ने भाजपा को हराया था. 2003 में यहां भाजपा का कब्जा था, इससे पहले 1998 में इस सीट पर (बसपा) बहुजन समाज पार्टी का विधायक था. वहीं 1993 में यह सीट कांग्रेस के पास थी तो 1990 में भाजपा ने जीत हासिल की थी. गौरतलब है कि नरसिंहपुर एक ऐसी सीट है, जो पहले कांग्रेस का गढ़ी थी, अब धीरे-धीरे भाजपा का गढ़ बन गई है.

कॅरियर-काउंसिलिंग

योगा की पढ़ाई के बाद बना सकते हैं अपना कॅरियर

योग कोर्स के बाद कॅरियर

- योग थेरेपी सेंटर्स
- योग इंस्टिट्यूट्स
- योग सेंटर्स
- रिजॉर्ट्स
- गवर्नमेंट स्कूल्स
- प्राइवेट स्कूल
- होटल्स
- हेल्थ क्लब

एजुकेशन रिपोर्टर रजनीश प्रसाद

योग कोर्स के अंतर्गत छात्रों को मस्तिष्क के प्रति जागरूक करना सिखाया जाता है. शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को भी हेल्दी रखना बहुत ज्यादा जरूरी है. इसलिए योग कोर्स के इस डिप्लोमा में स्टूडेंट्स को विशेषतौर पर योगासन के साथ-साथ मेडिटेशन, हेल्थ, माइंडफुलनेस इत्यादि से संबंधित जानकारी दी जाती है. योग में डिप्लोमा हासिल करने के बाद इस फील्ड में कैंडिडेट को कॅरियर चुनने के बहुत सारे मौके मिलते हैं. योग आध्यात्मिक, शारीरिक और मानसिक प्रथाओं का एक समूह है जिसकी उत्पत्ति प्राचीन भारत में हुई थी. योग शारीरिक व्यायाम, शारीरिक मुद्रा (आसन), ध्यान और सांस लेने की तकनीकों को जोड़ता है. इस शब्द का अर्थ ही योग या भौतिक का स्वयं के भीतर आध्यात्मिक के साथ मिलन है. यह सार्वभौमिक चेतना के साथ व्यक्तिगत चेतना के मिलन का भी प्रतीक है, जो मन और शरीर, मानव और प्रकृति के बीच एक पूर्ण सामंजस्य का संकेत देता है. योग के अभ्यास का उल्लेख ऋग्वेद और उपनिषदों में भी मिलता है. पतंजलि का योगसूत्र (दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व), योग पर एक आधिकारिक ग्रंथ है और इसे शास्त्रीय योग दर्शन का एक मूलभूत ग्रंथ माना जाता है. आधुनिक समय के दौरान और विशेष रूप से पश्चिम में, योग को बड़े पैमाने पर शारीरिक व्यायाम के साथ-साथ ध्यान और मुद्राओं के रुप में अपनाया जा रहा है.

योग सर्टिफिकेट कोर्स

- इंटेंसिव हठ योग टीचर ट्रेनिंग कोर्स
- इंटेंसिव योगा थेरेपी टीचर ट्रेनिंग सर्टिफिकेट कोर्स
- प्रेनेटल योगा टीचर ट्रेनिंग कोर्स
- योगा थेरेपी टीचर ट्रेनिंग सर्टिफिकेट कोर्स
- किड्स योगा टीचर ट्रेनिंग कोर्स
- सर्टिफिकेशन कोर्स इन योगा एंड नेचुरोपैथी
- एडवांस योगा टीचर ट्रेनिंग कोर्स इन योगा
- डिप्लोमा इन योगा एंड नचुरोपैथी
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी
- बीए इन योगा फिलोसॉफी
- एमए इन योगा

योग सर्टिफिकेट कोर्स के लिए टॉप संस्थान

- पंजाब विश्वविद्यालय, बठिंडा
- शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं अस्पताल, ग्वालियर
- भारतीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान, दिल्ली
- रांची विश्वविद्यालय, रांची
- पैसिफिक यूनिवर्सिटी, उदयपुर
- महात्मा ज्योतिराव फुले विश्वविद्यालय, जयपुर
- डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर मुक्त विश्वविद्यालय, अहमदाबाद
- छत्रपति शिवाजी कॉलेज, सतारा
- कैवल्यधाम योग संस्थान, पुणे
- डियर पार्क संस्थान, कांगड़ा
- देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर, मध्य प्रदेश
- योग और प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान, अमरावती
- मोतीराम बाबूराम गवर्नमेंट पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज, नैनीताल
- प्रज्ञान इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी (पीआईयू), रांची
- तरानी विद्यापीठ कमला कॉलेज, कोल्हापुर

योग कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षा

अगर आप योग कोर्स में डिप्लोमा करने के इच्छुक हैं और यह जानना चाहते हैं कि इसके लिए आपको कौन सा एंट्रेंस एग्जाम देना होगा तो यहां आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इसके लिए आमतौर पर बहुत सारे संस्थानों और कॉलेजों में बिना किसी एंट्रेंस टेस्ट के एडमिशन मिल जाता है. लेकिन हमारे देश में ऐसे बहुत सारे संस्थान और कॉलेज भी हैं जहां पर दाखिला लेने के लिए छात्रों को प्रवेश परीक्षा देनी पड़ सकती है. लेकिन यह पूरी तरह से कैंडिडेट के ऊपर निर्भर करता है कि वह कौन से इंस्टिट्यूट से अपना डिप्लोमा करना चाहता है.

योगा के कुछ कोर्स

योग में डिप्लोमा

योग में अगर डिग्री कोर्स नहीं करना चाहते तो डिप्लोमा कोर्स भी कर सकते हैं. यह एक शॉर्ट टर्म कोर्स है, इसे 12वीं के बाद किया जा सकता है.

योग में बीएससी

अगर आप योग टीचर के तौर पर कॅरियर बनाना चाहते हैं, तो 12वीं के बाद ग्रेजुएशन कोर्स के तौर पर बीएससी योग कर सकते हैं. यह 3 साल का डिप्लोमा कोर्स है.

योग में बीए

योग के क्षेत्र में बीए कोर्स एक एकेडमिक कोर्स की तरह है. इसमें छात्रों को आयुर्वेद की मूल बातों से लेकर इतिहास में योग के महत्व के बारे में पढ़ाया जाता है.

पीजी डिप्लोमा कोर्स

योग में बीए के बाद अगर आप एमए नहीं करना चाहते तो पीजी डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं.

योग में एमए

बीए के बाद आप एमए योग कोर्स कर सकते हैं. यह कोर्स भी 2 साल का होता है जिसमें छात्रों को योग के बारे में गहन जानकारी हासिल हो सकती है.

योग में बीएड

अगर आप टीचिंग लाइन में जाना चाहते हैं तो ग्रेजुएशन पूरा करने के बाद बीएड योग कोर्स कर सकते हैं.

योग में बीएड

अगर आप टीचिंग लाइन में जाना चाहते हैं तो ग्रेजुएशन पूरा करने के बाद बीएड योग कोर्स कर सकते हैं.

इग्नू से योगा कोर्स करने के लिए आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले इग्नू की ऑफिशियल वेबसाइट जीएनओयू. एसी. इन पर जाकर रजिस्ट्रेशन करें.
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा.
- वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं.
- शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें.
- आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें.
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें. प्रवेश परीक्षा के अंको के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)